CMYK

तापमान अधिकतम :22°C न्यूनतम: 10°C

72,989.93
22,082.65

88,940
96,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 5 मार्च 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 54 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2081 4 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## भारत ऑस्ट्रेलिया को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में



कोहली प्लेयर ऑफ द मैच

84 रन 98 गेंद

### सेमीफाइनल में कंगारूओं को चार विकेट से हराया

**दुबई।** विराट कोहली की शानदार पारी के दम पर भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। भारत ने इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया से 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए फाइनल में पहुंची है। यह लगातार तीसरी बार है जब भारत सीमित ओवर प्रारूप के आईसीसी टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में जगह बनाने में सफल रहा है। भारत ने इससे पहले 2023 वनडे विश्व कप, 2024 टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई थी और अब वह चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मैच में भी पहुंचने में सफल रहा है। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था और 49.3 ओवर में 264 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली एक बार फिर चेज मास्टर साबित हुए और -शेष पृष्ठ दो पर

## 2040 में चांद पर कदम रखेगा भारतीय: डा. नारायणन

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा: भारत 2030 तक अंतरिक्ष में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन भी स्थापित कर लेगा

**रुड़की।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डा. वी. नारायणन ने मंगलवार को कहा कि मानव मिशन के तहत वर्ष 2040 में चांद पर भारतीय कदम रखेगा।

श्री नारायणन ने उत्तराखंड के रुड़की स्थित आईआईटी में मंगलवार को छठवीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में इस आशय की घोषणा की। इस कॉन्फ्रेंस में दक्षिण कोरिया, कैलिफोर्निया (यूएसए) नीदरलैंड, कनाडा जैसे कई देशों से वैज्ञानिक शामिल होने पहुंचे थे। डा. नारायणन के अनुसार भारत वर्ष 2040 में चांद की सतह पर कदम रखेगा। इसरो चेयरमैन आईआईटी-रुड़की में आयोजित इंडियन प्लेनेटरी कॉन्फ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि मीडिया से मुखातिब हुए और यह बात कही। इसरो अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चांद की सतह पर भारतीय नागरिक के पहुंचने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। साथ ही भारत सन 2030 तक अंतरिक्ष में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन भी स्थापित कर लेगा।

## चौथा रोज़ा

### अल्लाह की अदालत में रोज़ेदार का वकील है चौथा रोज़ा

रोजा नेकी का छाता है। जिस तरह छतरी या छाता बारिश या धूप से अपने लगाने वाले की हिफाजत करता है, ठीक उसी तरह रोजा भी रोजेदार की हिफाजत की गारंटी है। शर्त यह है कि रोजा शरई तरीके से रखा जाए। अहकामे-शरीअत यह है कि रोजा रखने में बुग्ज, फरेब, फसाद, झूठ और बेईमानी से बचा जाए। जाहिर है कि कोई शख्स जब नेक नीयत और अच्छे जज्बे के साथ रोजा रखता है, अल्लाह की रजामंदी हासिल करने के लिए रोजा रखता है यह सोचकर रोजा रखता है कि अल्लाह सब देख रहा है यानी अल्लाह के खौफ का ख्याल करके रोजा रखता है तो उसमें पाकीजगी-ए-ख्यालात पैदा होती है जो नेक अमल के जरिये रोजे को रोजदार का पैरोकार बनाती है। यानी परहेजगारी के साथ रखा गया रोजा अल्लाह के सामने रोजादार की ईमानदारी का तो तरफदार है ही, पाकीजगी का पैरोकार भी है। परहेजगारी से रखा गया रोजा खुद सिफारिश बनकर रोजदार के लिए अल्लाह की नेमतों के दरवाजे खोलता है।

## राज्य सरकारें सस्ती चिकित्सा देने में नाकाम: सुप्रीम कोर्ट

### कहा: इस स्थिति के चलते प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिला, केंद्र जरूरी गाइडलाइन बनाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत में कहा प्राइवेट अस्पतालों की फार्मेसी से महंगी दवाई खरीदने को किया जाता है मजबूर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि देश में राज्य सरकारें सस्ती चिकित्सा और बुनियादी ढांचा देने में नाकाम रही हैं। इस स्थिति के चलते प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिल रहा है। इसे रोकने के लिए केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनानी चाहिए।

उच्चतम न्यायालय में एक याचिका लगाई गई थी, जिसमें कहा गया था कि प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों और उनके परिवारों को अस्पताल की फार्मेसी से महंगी दवाएं और मेडिकल इक्विपमेंट खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। इसलिए ऐसे अस्पतालों पर नकेल कसी जाए। इसे रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को आदेश दिया जाए। जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने इस पर सुनवाई की। केंद्र सरकार ने अपने जवाब में कहा कि मरीजों को अस्पताल की फार्मेसी से दवा खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जाता है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह जरूरी है कि राज्य सरकारें अपने अस्पतालों में दवाएं और मेडिकल सेवाएं सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराएं, ताकि मरीजों का शोषण न हो। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हम याचिकाकर्ता की बात से सहमत हैं, लेकिन इसे कैसे नियंत्रित करें? कोर्ट ने राज्य सरकारों से कहा कि वे प्राइवेट अस्पतालों को कंट्रोल करें, जो मरीजों को अस्पताल की दुकान से दवाई खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। खासकर वे दवाइयां जो किसी और जगह सस्ते में मिल जाती हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनाने को कहा, जिससे प्राइवेट अस्पताल आम लोगों का शोषण न कर सकें।



### ग्रीनपोलिस आवास परियोजना विवाद: शीर्ष कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को दी हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने की अनुमति

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा के गुरुग्राम की 'ग्रीनपोलिस आवास परियोजना' विवाद में याचिकाकर्ताओं (फ्लैट खरीदने वाले) को उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की अनुमति देने के साथ ही मंगलवार को मामले का निपटारा कर दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने मुकेश कंवल (फ्लैट खरीदारों में शामिल) और अन्य की रिट याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने याचिकाकर्ताओं को संबंधित उच्च न्यायालय में रिट याचिका या सिविल मुकदमा दायर करके कानून के तहत उचित उपाय का लाभ उठाने की स्वतंत्रता देने के साथ मामले का निपटारा किया। 'मुकेश कंवल बनाम हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण, गुरुग्राम' का यह मामला शीर्ष अदालत के समक्ष 15 जनवरी 2024 को दाखिल किया गया।

### किसी को पाकिस्तानी कहना गलत, पर अपराध नहीं: शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** मियां-टियां या पाकिस्तानी कहना आईपीसी की धारा 298 के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसा अपराध नहीं बनता। उच्चतम न्यायालय ने अपने एक फैसले में यह टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने इस प्रावधान के तहत एक आरोपी को दोषमुक्त करते हुए कहा कि यह टिप्पणी, हालांकि अनुचित थी, लेकिन आपराधिक मुकदमा चलाने के लिए जरूरी कानूनी बाध्यता को पूरा नहीं करती। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने आरोपी हरि नंदन सिंह के खिलाफ मामला बंद करते हुए यह फैसला सुनाया। सिंह पर आरोप था कि उसने एक सरकारी कर्मचारी को उस समय पाकिस्तानी कहा था, जब वह अपना आधिकारिक कर्तव्य निभा रहे थे। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि निःस्संदेह, दिए गए बयान सुनने में ठीक नहीं लगते हैं, लेकिन इससे सूचना देने वाले की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचती।

## आठ वर्षों में बदली यूपी की किस्मत: योगी

### देश की जीडीपी में प्रदेश की हिस्सेदारी 9.2 फीसदी हो चुकी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी दलों की सरकारों के उदासीन रवैये से संसाधनों से भरपूर होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में विकास की रफ्तार सुस्त रही वहीं 2017 में भाजपा की सरकार आने के बाद प्रदेश में विकास का पहिया तेजी से घूमा है और देश की जीडीपी में प्रदेश की हिस्सेदारी 9.2 फीसदी हो चुकी है।

विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान श्री योगी ने कहा कि देश का सबसे बड़ा राज्य और सबसे अधिक संसाधन होने के बावजूद 1950 से 2017 तक प्रदेश की जीएसटीपी 12.75 लाख करोड़ तक पहुंच सकी, जबकि 2017 में जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर विश्वास जताया और पिछले आठ वर्षों में प्रदेश की जीएसडीपी दोगुना से अधिक होकर 2024-25 में 27.51 लाख करोड़ होने जा रही है। देश की जीडीपी में 9.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश, देश के अंदर दूसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-2024 में देश की जीडीपी की वृद्धि दर 9.6 प्रतिशत है, जबकि उत्तर प्रदेश की वृद्धि दर 11.6 प्रतिशत रही है। 2016-2017 में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय मात्र 52,671 रुपये थी, वर्ष 2023-2024 में 93,514 रुपये है। 2016-17 में कुल राजस्व प्राप्तियां 2 लाख 56 हजार करोड़ रुपये हुई थीं। चालू वित्तीय वर्ष के जनवरी माह तक ही 4 लाख 10 हजार करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हो चुका है। यह निरन्तर आगे बढ़ेगा। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। कर अपवंचन को रोका गया है। रेवेन्यू लीकेज को समाप्त किया गया है। बीते आठ वर्ष में एक भी नया टैक्स नहीं लगाया। -शेष पृष्ठ दो पर



## विधानसभा में गुटखा खाकर थूकने पर स्पीकर सतीश महाना नाराज



**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में मंगलवार को एक सदस्य के गुटखा खाकर थूकने पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि विधानभवन को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सभी 403 सदस्यों की है।

विधानसभा के बजट सत्र में सदन की मंगलवार की कार्यवाही शुरू होते ही श्री महाना ने कहा कि सदन में एक माननीय सदस्य ने गुटखा खाकर गंदगी फैलाई है। सूचना मिलने पर मैंने वीडियो के जरिये उक्त सदस्य को गंदगी फैलाते देखा है। मैं सार्वजनिक रूप से उनका नाम नहीं लूंगा, मगर उक्त सदस्य का दायित्व है कि वह स्वयं आकर उनसे मिलें। नहीं मिलने की दशा में मैं खुद उन सदस्य को बुला लूंगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा को साफ रखने की जिम्मेदारी सिर्फ मेरी नहीं है बल्कि सभी 403 सदस्यों की है जो प्रदेश की 21 करोड़ की आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए मेरी अपील है कि सभी सदन समेत समूचे विधानभवन को स्वच्छ रखने में सहयोग दें।

मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
कोहिनूर आर्ट ज्वैलर्स
एक अनमोल रिश्ता
• ONLY HALLMARK & HUID CERTIFIED GOLD JEWELLERY SHOWROOM
• LIFE TIME FREE SERVICE
KAJ
सोना, चांदी के जेवरातों के क्रेता व विक्रेता
68- Majra, Dehradun (Uttarakhand)
Mob- 7830677750, 7900900991

### बुलंदशहर में कार रजवाहे में गिरी, 4 मरे

**बुलंदशहर।** उप्र के बुलंदशहर जिले में कार के रजवाहे (बंबे) में गिर जाने से एक परिवार के चार सदस्यों की मृत्यु हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि मंगलवार भोर करीब पांच बजे यह हादसा उस समय हुआ जब अमरोहा के सदर तहसील क्षेत्र स्थित गांव नगला नसीर निवासी एक परिवार बुलंदशहर के ही सिकंदराबाद क्षेत्र स्थित नगला गांव में आहूत शादी समारोह में भाग लेने के बाद कार से अपने घर वापस लौट रहा था कि उनका वाहन गुलावठी थाना क्षेत्र के पितवास बम्बे के पास एक बालक को बचाने के प्रयास में पलट कर बम्बे में गिर गया। इस हादसे में निपेंद्र (45),हर्ष (10) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि निपेन्द्र के पुत्र वंश (16) और 15 वर्षीय वंशिका की जिला अस्पताल में मृत्यु हो गई। कार सवार पांचवें व्यक्ति 39 वर्षीय कन्हैया का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### औरंगजेब पर अबू आजमी ने बयान वापस लिया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी ने मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ से शुरू हुए विवाद के बाद अपना बयान वापस ले लिया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर दिखाया गया है, लेकिन फिर भी मेरी बात से कोई आहत हुआ है, तो मैं अपने शब्द, अपना स्टेटमेंट वापस लेता हूं। बीते दिन आजमी ने कहा था कि हमें गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए हैं। मैं उसे क्रूर शासक नहीं मानता। छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच धार्मिक नहीं बल्कि सत्ता और संपत्ति के लिए लड़ाई थी।

## सड़क हादसों में घायलों को मुफ्त इलाज इसी महीने से

■ डेढ़ लाख रुपये तक खर्च सरकार वहन करेगी

■ हरियाणा-पंजाब समेत छह राज्यों में पायलट प्रोजेक्ट कामयाब रहा

**नई दिल्ली।** सड़क हादसों में घायलों को मार्च 2025 से डेढ़ लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। ये आदेश प्राइवेट हॉस्पिटल के लिए भी अनिवार्य होगा। देशभर में इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा।

एनएचएआई इसके लिए नोडल एजेंसी का काम करेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारी के मुताबिक, योजना के लिए मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 162 में पहले ही संशोधन हो चुका है। इस योजना को पूरी तरह से लागू करने से पहले बीते 5 महीनों में पुड्डूचेरी, असम, हरियाणा और पंजाब सहित छह राज्यों में पायलट प्रोजेक्ट चलाया गया, जो सफल रहा। एनएचएआई ऑफिसर ने बताया कि घायल को पुलिस या कोई आम नागरिक या संस्था जैसे ही हॉस्पिटल पहुंचाएगी, उसका इलाज तुरंत शुरू हो जाएगा। इसके लिए कोई फीस भी जमा नहीं करनी होगी। घायलों के साथ चाहे परिजन हो या नहीं, हॉस्पिटल उसकी देखरेख करेंगे। प्राइवेट और सरकारी दोनों ही हॉस्पिटल को कैशलेस इलाज देना होगा।

## माधबी बुच को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ शेयर फ्रॉड मामले में सेबी की पूर्व चेयरपर्सन समेत छह अफसरों पर FIR दर्ज करने पर रोक

**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच समेत 6 अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करने के स्पेशल कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को रोक लगा दी।

बुच ने स्पेशल कोर्ट के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर जस्टिस एसजी डिगे ने सुनवाई की। हाईकोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। सभी पक्षों को सुनने के बाद ऐसा प्रतीत होता है कि न्यायाधीश ने डिटेल्स में जाए बिना और आवेदकों को उनकी भूमिका बताए बिना आदेश पारित कर दिया है। इसलिए आदेश पर रोक लगा दी गई है। मुंबई की एक स्पेशल एंटी-करप्शन कोर्ट ने शनिवार (1 मार्च 2025) को शेयर फ्रॉड से जुड़े मामले में एफआईआर का आदेश दिया था। यह आदेश स्पेशल जज एसई बांगर ने ठाणे बेस्ड जर्नलिस्ट सपन श्रीवास्तव की ओर से दायर याचिका पर दिया था। सपन ने स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी की लिस्टिंग में बड़े पैमाने पर फाइनेंशियल फ्रॉड और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था।

## मोदी ने किया पशु संरक्षण केंद्र वनतारा का उद्घाटन

जामनगर, वार्ता

पीएम ने जानवरों के लिए बनाई गई विश्वस्तरीय सुविधाओं का जायजा लिया

**पीएम नरेन्द्र मोदी** ने विश्व वन्यजीव दिवस के मौके पर गुजरात के जामनगर में स्थित पशु संरक्षण केंद्र 'वनतारा' का उद्घाटन किया।

वनतारा वन्य जीवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समर्पित केंद्र है। प्रधानमंत्री ने तीन हजार एकड़ में फैले वनतारा में काफी वक्त बिताया, और वहां जानवरों के लिए बनाई गई विश्वस्तरीय सुविधाओं का जायजा लिया। प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की पहल पर वनतारा को बनाया गया है। वनतारा पहुंचने पर अंबानी परिवार ने पारंपरिक तरीके से प्रधानमंत्री का स्वागत किया। शंख ध्वनियों व मंत्रोच्चार और लोककलाकारों के गायन-वादन के बीच प्रधानमंत्री ने वनतारा का उद्घाटन किया। श्री मोदी ने परिसर में बने मंदिर में हुई पूजा-अर्चना में भी भाग लिया। वनतारा में जानवरों के लिए विशेष रूप से तैयार मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का मुआयना करने पहुंचे प्रधानमंत्री ने वहां विशेष चिकित्सीय उपकरणों जैसे डायग्नोस्टिक सूट में सीटी स्कैन, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड और एंडोस्कोपी का लाइव प्रदर्शन देखा।



### मोदी ने सफेद शेर बाघ व गैंडा के शावकों को पिलाया दूध

**जामनगर।** पीएम मोदी ने विश्व वन्यजीव दिवस के मौके पर गुजरात के जामनगर स्थित पशु संरक्षण केंद्र 'वनतारा' का शंख ध्वनियों, मंत्रोच्चार और लोक कलाकारों के गायन-वादन के बीच उद्घाटन किया और सफेद शेर, बाघ, गैंडा के शावकों को अपने हाथों से दूध पिलाया। वनतारा वन्य जीवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समर्पित केंद्र है। 'वनतारा' की ओर से विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी ने तीन हजार एकड़ में फैले वनतारा में काफी वक्त बिताया और वहां जानवरों के लिए बनाई गई विश्व स्तरीय सुविधाओं का जायजा लिया।

حج عمرہ و زیارات
IATA
बिस्मिल्लाह टूर एण्ड ट्रैवल्स (दधेडू वाले)
ISO 9001:2015 CERTIFIED COMPANY
हज, उमराह, ज़ियारत
25 अप्रैल 2025 उमरा टूर RS. 75,000/- 20 दिन
फुल रमजान उमरा पैकेज RS.1,20,000/-
मक्का होटल : 650 मीटर जोरत मानसिया और हुसैन मोद्दा सीमीलर
मदीना होटल: 800 मीटर पी०सी० अल मदीना और अल फिरदौस सीमीलर
डाइरेक्ट फ्लाइट
होटल में रहना, खाना व ज़ियारत
मज़ीद जानकारी व बुकिंग के लिए राब्ता करें।
हाजी आलम - 9756508234
एयर टिकट, टूरिस्ट एण्ड बिजनेस वीज़ा के लिए सम्पर्क करें।
मुजफ्फरनगर ऑफिस: निकट सरवट गेट चौराहा, लताफत अली खान मार्किट, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर 0131-2644200, 7017145399, 8534039577
दिल्ली ऑफिस: 1-एफ, बिल्डिंग सेकण्ड फ्लोर, भरत नगर, न्यू फ्रैन्डस कॉलोनी, नई दिल्ली-110025 011-41251668, 9821106157
E-mail:bismillah786@gmail.com
www.bismillahtourandtravel.com info@bismillahtourandtravels.com

# यूपी में आठ आईपीएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ, वार्ता**

यूपी सरकार ने आठ आईपीएस अफसरों के तबादले किए हैं। आगरा के पुलिस आयुक्त को मेरठ भेजा है, जो लखनऊ में ही पुलिस अधीक्षक सतकर्ता अधिष्ठान के पद पर तैनात शगुन गौतम का पुलिस अधीक्षक एपीटीसी के पद पर सीतापुर तबादला किया गया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कई अफसरों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन अधिकारियों में आईजी-डीआईजी रेंज के अधिकारी शामिल हैं। वाराणसी में तैनात 2004 बैच के आईपीएस अधिकारी डा. एजिलरसन को ज्वाइंट पुलिस आयुक्त के पद से हटाकर अब पुलिस महानिरीक्षक यूपी-112 की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा लखनऊ के पुलिस उपमहा. निरीक्षक एटीएस मनोज कुमार सोनकर को उपमहानिरीक्षक पीएसी



■ आगरा के पुलिस उपायुक्त को मेरठ भेजा, शगुन गौतम भेजी गई सीतापुर

वाराणसी भेजा गया है। राजेश कुमार सिंह को पुलिस उपमहानिरीक्षक कमिश्नरेट कानपुर नगर से संयुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी तैनात किया गया है। बलिया में वसूली मामले के बाद उपमहानिरीक्षक के पद से हटाए गए देवरंजन वर्मा, जो अभी तक प्रतीक्षारत थे, उन्हें अब पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में डीआईजी रूल मैनुअल के पद पर तैनाती दी गई है। कानपुर नगर पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात आशीष श्रीवास्तव को लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात श्रीमती अपर्णा गुप्ता को लखनऊ में पुलिस मुख्यालय में अधीक्षक के पद पर तैनाती दी गई है। इसी तरह आगरा कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात सूरज कुमार राय को मेरठ में सेनानायक छठीं वाहिनी पीएसी भेजा गया है। राज्य सरकार ने कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी है। तबादले में कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, आगरा और बलिया के आईपीएस अधिकारी राजेश कुमार, आशीष श्रीवास्तव, मनोज कुमार सोनकर, श्रीमती अपर्णा गुप्ता, शगुन गौतम, डा. एजिलरसन, सूरज कुमार राय और देवरंजन वर्मा का नाम शामलि हैं।

# जातीय जनगणना पर विपक्ष का विधान परिषद से वाकआउट

## समाजवादी पार्टी ने लगाया कुलपतियों की नियुक्ति में भेदभाव बरतने का आरोप

**लखनऊ, वार्ता**

विधान परिषद में मंगलवार को समाजवादी पार्टी सदस्यों ने जातीय जनगणना की मांग को लेकर वाकआउट किया। उन्होंने विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति में जातीय समीकरणों का ध्यान न रखने और भेदभाव का आरोप लगाया। नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि दलितों और पिछड़ों के हितों से समाजवादी पार्टी सदस्यों का कोई लेना देना नहीं है। अखिलेश चालीसा पढ़ना ही उनका एकमात्र उद्देश्य है।

समाजवादी पार्टी के आशुतोष सिन्हा ने कार्यस्थगन प्रस्ताव के जरिये मामला उठाते हुए कहा कि जातीय जनगणना न कराए जाने से सभी वर्गों में निराशा है। डा. मान सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश के 34 कुलपतियों में 11 क्षत्रिय, 11 ब्राह्मण, 4 वैश्य, दो कायस्थ, तीन ओबीसी और तीन एससी-एसटी हैं। शीर्ष 100 कार्पोरेट कंपनियों में आरक्षित वर्ग की भागीदारी शून्य है।



■ सपा का दलितों व पिछड़ों से कोई लेना-देना नहीं: केशव मौर्य

यही वजह है कि समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी सदस्य किरणपाल कश्यप ने कहा कि आरक्षित वर्ग के साथ भेदभाव किया जा रहा है। भाजपा ने वर्ष 2017 का विधानसभा चुनाव केशव प्रसाद मौर्य का चेहरा आगे करके लड़ा था, लेकिन सीएम उन्हें नहीं बनाया। उन्होंने नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य की ओर इशारा करते हुए कहा कि उनका भविष्य भी जातीय जनगणना होने पर ही सुरक्षित रह सकेगा। नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि न्यायपालिका से लेकर थानाध्यक्षों की तैनाती तक में आरक्षित वर्ग का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। कुलपतियों की तैनाती में भी आरक्षण का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। कहा गया था कि समाजवादी पार्टी शासन में एसडीएम के 56 के 56 पद यादव जाति के अभ्यर्थियों से भर दिए गए। सरकार यह सूची जारी करे। अगर सही होगा, तो वह समा. जवादी पार्टी के साथ-साथ सदन की सदस्यता से भी त्यागपत्र दे देंगे। नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा सामाजिक समीकरणों का शानदार गुलदस्ता है। भाजपा और वह खुद जातीय जनगणना के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन, वर्ष 2004 से 2014 तक जब केंद्र में समाजवादी पार्टी समर्थित यूपीए की सरकार थी, तब यह मामला क्यों नहीं उठाया। चौधरी चरण सिंह और कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न हमारी सरकार ने दिया। मुलायम सिंह यादव को सम्मानित करने का काम किया। इस पर नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि भारत रत्न से पेट नहीं भरा करता और इसके बाद समाजवादी पार्टी के सभी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

### सपा के लोग अखिलेश को मुंगेरी लाल के सपने दिखा रहे

डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा के लोग पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को 2027 में सत्ता पाने के मुंगेरी लाल के सपने दिखा रहे हैं। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और अन्य दलों के शासन में आरक्षित वर्ग का जो नुकसान हुआ है, भाजपा सरकार उसकी भरपाई करने का प्रयास कर रही है। जातीय जनगणना का विषय केंद्र का है। भाजपा के ही डा. जयपाल सिंह व्यस्त ने भारत रत्न को लेकर नेता प्रतिपक्ष की टिप्पणी को अपमानजनक बताया। कार्यस्थगन प्रस्ताव के जरिये ही निर्दल समूह के राजबहादुर सिंह चंदेल और डा. आकाश अग्रवाल ने 40 हजार बेसिक शिक्षकों के लिए पुरानी पेंशन की मांग उठाई।

## संक्षिप्त समाचार

### मद्रास, बॉम्बे हाईकोर्ट में आठ न्यायाधीशों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** सरकार ने मद्रास और बॉम्बे उच्च न्यायालयों में कुल आठ न्यायाधीशों की नियुक्ति की है जिनमें चार मद्रास उच्च न्यायालय और चार मुंबई उच्च न्यायालय के लिये हैं। विधि एवं न्याय मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इनमें मद्रास उच्च न्यायलय में नियुक्त चार और मुंबई उच्च न्यायालय में नियुक्त तीन न्यायाधीश इन न्यायालयों में अपर न्यायाधीश के रूप में कार्य कर रहे थे। इन्हें उनके वर्तमान न्यायालयों में स्थायी किया गया है। मुंबई न्यायालय में चौथी नियुक्ति अपर न्यायाधीय के पद के लिए है, जो आगामी अगस्त से एक वर्ष के लिए प्रभावी होगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु ने भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए इन उच्च न्यायालयों में स्थायी न्यायाधीश/अपर न्यायाधीश के रूप में नियुक्त की है। विज्ञप्ति के अनुसार मद्रास उच्च न्यायालय में जिन अपर न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश बनाया गया है, उनमें न्यायाधीश सर्वश्री रामासामी शक्तिवेल, पी. धनबल, चिन्नास्वामी कुमारप्पन और कंडासामी राजशेखर का नाम शामिल है। बॉम्बे उच्च न्यायालय में अपर न्यायाधीश सर्वश्री शैलेश प्रमोद ब्रह्मे, फिरदौस फिरोज पूनीवाला और जितेन्द्र शांतिलाल जैन को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति दी गई है।

### आरटीआई को कमजोर कर रही है मोदी सरकार: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर डेटा संरक्षण कानून के नाम पर सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि उन लोगों के नाम सार्वजनिक किए जाने चाहिए जिन्होंने राशन कॉर्ड, मनरेगा तथा जन-कल्याण की योजनाओं में घोटाला किया है और सरकारी बैंकों से ऋण लेकर विदेश भागे हैं। खड़गे ने कहा कि एक तरफ़ गलत सूचना और भरमाने वाली सूचना देने में भारत पिछले वर्षों से शीर्ष स्थान पर आ रहा है, दूसरी तरफ़ मोदी सरकार पहले कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार द्वारा लागू किए गए सूचना के अधिकार आरटीआई को डेटा संरक्षण क़ानून लाकर कमज़ोर करने पर तुली हुई है।

## सपा मुखिया अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरा

# निवेश के नाम पर जनता को दिया धोखा

**लखनऊ, वार्ता**

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के झूठ और लूट की पोल लगातार खुल रही है। सरकार ने निवेश के नाम पर जनता को धोखा दिया। इनकी धोखाधड़ी लगातार सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिना जांच पड़ताल के फर्जी कम्पनियों से एमओयू किया।

भाजपा सरकार ने इन्वेस्टर समिट के नाम पर लाखों करोड़ के निवेश का दावा किया, लेकिन जमीन पर कहीं निवेश नहीं दिखाई देता है। सरकार का झूठ का गुब्बारा अब हर दिन नए-नए रूप में दिखाई दे रहा है। सरकार बिना सोचें समझे झूठ का रिकार्ड बनाने के लिए जो जहां मिल गया उसे बुलाकर एमओयू कर लिया। अब एमओयू को लेकर जो जानका. रियां आ रही है वह बेहद गंभीर है। सरकार की नीयत को उजागर करती है। प्रदेश के 75 जिलों में डाटा सेंटर बनाने का जिम्मा लेने वाली ब्यू नाऊ मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड और ब्यू नाऊ इंफ्राटेक फर्जी निकली। एमओयू की आड़ में मास्टर माइंड निवेशकों से हजारों करोड़ रुपये ठगकर विदेश भाग रहा था। इससे पहले भी खबरें आयी थी कि अमे. रिका के जिस विश्वविद्यालय के पास छात्र नहीं थे प्रदेश सरकार ने उसके साथ नॉलेज पार्क के नाम पर एमओयू कर लिया। यादव ने कहा कि इन्वेस्टर मीट में सरकार के तमाम निवेशक मेहमान दोबारा लौटे ही नहीं।

सरकार ने इन्वेस्टर मीट के नाम पर जनता की आंख में धूल झोंका, भाजपा सरकार बेईमानी की नीति पर चल रही है। ठगी और बेईमानी का धंधा जोरो पर है। भाजपा सरकार प्रदेश की जनता से असत्य बोलकर धोखा दे रही है। इसके फर्जी निवेशक भी वही कर रहे हैं। सरकार ने अपनी पीठ थपथपाने के लिए धोखेबाजों और ठगों को संरक्षण देते हुए तमाम झूठे एमओयू कर लिए हैं। प्रदेश में भाजपा सरकार में एक भी उद्योग नहीं लगा और जो उद्योग पहले से लगे थे वे भी या तो बंद हो गए हैं या फिर बिक रहे है। किसी नौजवान को नौकरी नहीं मिल रही है।



■ सरकार ने बिना जांच-पड़ताल के फर्जी कंपनियों से किया एमओयू जमीन पर दिखाई नहीं देता निवेश

### डबल इंजन सरकारें बेटियों के लिए अभिशाप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि देश में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकारों में बेटियों के साथ हर रोज अपराध हो रहे हैं और ज्यादा घटनाओं में भाजपा नेताओं के नाम आ रहे हैं, लेकिन सरकार ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बेटियों की सुरक्षा के वादे खोखले साबित हो रहे हैं। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री दावे तो बड़े-बड़े करते हैं, लेकिन सच क्या हैं यह पूरे देश के सामने है। देश में जहां भी भाजपा की 'डबल इंजन' की सरकारें हैं वह प्रदेश बेटियों के लिए अभिशाप साबित हो रहा है। हरियाणा, मध प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तराखंड, राजस्थान जहां देखो, बेटियों के साथ कई घिनौने अपराध हुए हैं और पुलिस इन मामलों में मूकदर्शक बनी हुई है।

### मुसलमानों के साथ सौतेला व्यवहार न्यायसंगत नहीं: मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी मायावती ने केन्द्र और उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकारों पर मुसलमानो के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। सुश्री मायावती ने मंगलवार को कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, जहां सभी धर्मों को सम्मान दिया जाता है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकारों का पक्षपातपूर्ण रवैया चिंताजनक है। उन्होंने एक्स पर लिखा- भारत सभी धर्मों को सम्मान देने वाला धर्मनिरपेक्ष देश है। ऐसे में केन्द्र व राज्य सरकारों को बिना पक्षपात के सभी धर्मों के मानने वालों के साथ एक जैसा बर्ताव करना चाहिए, किन्तु अब मुसलमानों के साथ धार्मिक मामलों में भी जो सौतेला रवैया अपनाया जा रहा है, यह न्यायसंगत नहीं। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि सभी धर्मों के पर्व-त्योहारों आदि को लेकर पाबन्दियां व छूट से सम्बंधित जो नियम-कानून हैं, उन्हें बिना पक्षपात एक जैसा लागू होना चाहिए, जो ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है। इससे समाज में शान्ति व आपसी सौहार्द बिगड़ना स्वाभाविक, जो अति-चिन्तनीय। सरकारें इस ओर जरूर ध्यान दें।

# बजरंग बली की गदा है डीबीटीः सीएम योगी

**लखनऊ, वार्ता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) बजरंग बली की गदा है, जो बेईमानी व भ्रष्टाचार पर कठोर प्रहार कर रही है। विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान उन्होने कहा कि डीबीटी ने भ्रष्टाचार की कमर पर सबसे कठोर प्रहार किया है।

डीबीटी बजरंग बली की गदा है, जो बेईमानी व भ्रष्टाचार पर कठोर प्रहार कर रही है। डीबीटी में लाभार्थी का पैसा सीधे खाते में पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2017-18 में 122.84 करोड़ का डिजिटल ट्रांजेक्शन था। 2024-25 में बढ़कर (दिसंबर 2024 तक) 1024. 41 करोड़ डिजिटल ट्रांजेक्शन यूपी से हुआ है। डिजिटल लेनदेन में यूपी देश में नंबर एक है। आधे से अधिक लेनदेन यूपीआई के माध्यम से हुए हैं। डिजिटल ट्रांजेक्शन यह दिखाता है कि डिजिटल बैंकिंग आसान हुई है। गांवों तक इंटरनेट, वाई-फाई की सुविधा मिली है। वित्तीय जागरूकता व उपक्रमों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध हुई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में एक वर्ष में 9 करोड़ 8 लाख से अधिक लोगों तक एक लाख 11 हजार 637 करोड़ का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया है। डीबीटी ट्रांजेक्शन के कारण प्रदेश को 10 हजार करोड़ रुपये की बचत हुई है। सीएम ने बताया कि यूपी में अप्रैल 2000 से जून 2017 तक 3303 करोड़ रुपये का एफडीआई (फॉरेन डायरेक्ट इनवेस्टमेंट) आया था। 2017 से 2024 तक यूपी में 14 हजार 8 करोड़ रुपये से अधिक का एफडीआई आया है। यह बताता है कि प्रदेश सही दिशा में आगे बढ़ा है। योगी ने कहा कि बैंकिंग तंत्र अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है। 2016-17 में यूपी में बैंकों में 12 लाख 75 हजार करोड़ रुपये जमा होते थे, जबकि 2024-25 में यह राशि 29 लाख 66 हजार करोड़ रुपये हो गई यानी सवा दो गुने से अधिक जमा हुए हैं। 2016-17 में प्रदेश का सीडी रेसियो मात्र 44.45 फीसदी था, जो बढ़कर आज 61 फीसदी पहुंचा है।



■ बेईमानी व भ्रष्टाचार पर कर रही है कठोर प्रहार

## अर्थ व्यापार

# सेंसेक्स नौ माह बाद 73 हजार अंक से नीचे

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका के मैक्सिको, कनाडा और चीन पर टैरिफ लगाने के बाद विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक, मारुति, रिलायंस, टाटा मोटर्स और एनटीपीसी समेत 18 दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से आज सेंसेक्स नौ महीने बाद 73 हजार अंक से नीचे बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 96.01 अंक टूटकर नौ महीने बाद 73 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 72,989.93 अंक पर आ गया। इससे पहले 04 जून 2024 को यह 72,079.05 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 36.65 अंक फिसलकर 22,082.65 अंक पर रह गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की मझौली और



छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे बाजार को समर्थन मिला। मिडकैप 0.08 प्रतिशत बढ़कर 38,721.96 अंक और समॉलकैप 1. 28 प्रतिशत की छलांग लगाकर 43,325.88 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4086 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2221 में लिवाली जबकि 1737 में बिकवाली हुई, वहीं 128 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 22 में तेजी जबकि 28 में गिरावट रही। बीएसई के सात समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे सीडी 0.18, एफएमसीजी 0.40, आईटी 0. 77, दूरसंचार 0.45, ऑटो 1.13, टेक 0.86 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.96 प्रतिशत गिर गए। वहीं कमोडिटीज 0.62, ऊर्जा 0.62, हेल्थकेयर 0.60, इंडस्ट्रियल्स 1.29, बैंकिंग 0.51, कैपिटल गुड्स 1.41, तेल एवं गैस 1.10, पावर 0.65 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.04 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नकारात्मक रुझान रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.34, जर्मनी का डैक्स 1.86, जापान का निक्केई 1.20 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.28 प्रतिशत लुढ़क गया। हालांकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.22 प्रतिशत की बढ़त रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 269 अंक लुढ़ककर 72,817.34 अंक पर खुला और भारी बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 72,633.54 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 73,033.18 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### अपेक्षाओं से अधिक डिलीवरी वाला है बजट: पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगले वित्त वर्ष के आम बजट को अपेक्षाओं से अधिक डिलीवरी वाला बताते हुए मंगलवार को कहा कि कई सेक्टर्स ऐसे हैं, जहां विशेषज्ञों ने भी जितनी अपेक्षाएं की थीं, उससे अधिक कदम सरकार ने उठाए हैं। मोदी ने मंगलवार को बजट के बाद की वेबिनार श्रृंखला की दूसरी कड़ी में लघु एवं मझौल उद्योग विनिर्माण निर्यात और परमाणु ऊर्जा मिशन जैसे विषयों पर चर्चा की। उन्होंने विनिर्माण और निर्यात पर इस बजट वेबिनार को हर दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ये बजट, हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट था। इस बजट की सबसे खास बात रही, अपेक्षाओं से अधिक डिलीवरी। उन्होंने कहा कि आज दुनिया का हर देश, भारत के साथ अपनी आर्थिक भागीदारी को मजबूत करना चाहता है। देश के विनिर्माण क्षेत्र को इस भागीदारी का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाया और सुधारों की अपनी गति को और तेज किया।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों की गिरावट के प्रभाव से मंगलवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 82 रिंगिट लुढ़ककर 4600 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मार्च का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 0.16 सेंट की तेजी के साथ 43.33 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर



टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850- 6950, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8000-8100 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रंति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल: 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल: सरसों तेल 16116 रुपये, मूंगफली तेल 18462 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 15751 रुपये, पाम ऑयल 13553 रुपये और वनस्पति तेल 16336 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत...** उन्होंने 98 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 84 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने 48.1 ओवर में छह विकेट पर 267 रन बनाकर मैच जीता। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसने 43 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद कोहली ने श्रेयस अय्यर के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 91 रनों की साझेदारी की और भारत को संभाला। श्रेयस हालांकि अर्धशतक लगाने से चूक गए और 62 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 45 रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस के आउट होने के बावजूद कोहली क्रीज पर डटे रहे और भारत को जीत के करीब लेकर गए। कोहली शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन एडम जैम्पा की गेंद पर बड़ा शाट खेलने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे। कोहली के आउट होने के बाद केएल राहुल और हार्दिक पांड्या ने मोर्चा संभाला। हार्दिक ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और भारत के जीत के बेहद करीब ले आए। जब टीम को जीत के लिए छह रन बनाने की जरूरत थी, तभी हार्दिक बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में आउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी की और 265 रन का टारगेट दिया। ऑस्ट्रेलिया से कप्तान स्टीव स्मिथ ने 73 और एलेक्स कैरी ने 61 रन बनाए। इंडियन बॉलर्स ने ऑस्ट्रेलिया को ऑलआउट कर दिया। मोहम्मद शमी ने 3, रवींद्र जडेजा और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट लिए।

**आठ वर्षों...** प्रदेश में डीजल-पेट्रोल की दरें देश में सबसे कम हैं, बावजूद इसके उत्तर प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। यह सफलता रामराज्य की अवधारणा ही है। उन्होंने रामचरितमानस के एक दोहे का हवाला देते हुए कहा कि बरसत हरसत सब लखें, करसत लखे न कोय, तुलसी प्रजा सुभाग से, भूप भानु सो होय। अर्थात श्रीराम जी भरत जी से कहते हैं कि हमें प्रजा से कर ऐसे लेना चाहिए, जैसे सूर्य लेता है। जैसे सूर्य समुद्र, नदी, तालाब से पानी लेता है, लेकिन किसी को पता नहीं चलता, लेकिन जब वह बादलों के रूप में जरूरत की जगहों पर बरसता है, तो सबको पता चलता है, खासकर जब जरूरत की जगह पर बरसता है, तो सभी खुश हो जाते हैं। इसी प्रकार, सरकार को कर इस तरह से लेना चाहिए कि किसी को पता न चले, पीड़ा न हो, लेकिन जब उसी टैक्स का इस्तेमाल जनता के हित में खर्च हो, जैसे हाइवे बनें, पुल बनें, स्कूल-कॉलेज बनें, हॉस्पिटल बनें तो सबको पता चले। हमारी सरकार यही भाव लेकर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश डिजिटल क्रांति का सर्वश्रेष्ठ उदहारण बन कर उभरा है। 2017-18 में यूपी में जहां 122.84 करोड़ डिजिटल ट्रांजैक्शन हुए थे वहीं 2024-25 में दिसम्बर 2024 तक 1024.41 करोड़ डिजिटल ट्रांजैक्शन हो चुके हैं। यूपी डिजिटल लेनदेन अपनाने में नंबर एक है। आधे से अधिक लेन देन यूपीआई से हुए। बैंकों की 20416 शाखाओं, 4,00,932 बैंक मित्र एवं बीसी सखी,18,747 एटीएम तथा 4,40,095 बैंकिंग केन्द्रों के माध्यम से बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। डीबीटी बजरंग बली की गदा है, जो भ्रष्टाचार और बेईमानी पर कठोर प्रहार कर रही है 11 विभागों की 207 योजनाओं की धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। इसमें 113 केन्द्रीय योजनाएं और 94 राज्य सेक्टर की योजनायें हैं। डीबीटी से 9 करोड़ 8 लाख से अधिक लोगों को एक लाख 11 हजार 637 करोड़ रुपये से भुगतान किया गया। डीबीटी ट्रांजेक्शन के कारण 10 हजार करोड़ की बचत की है।

### अधिकारियों की नीति और कार्यों का उद्देश्य सभी का विकास होना चाहिए: मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अधिकारियों से कहा है कि डेटा-संचालित प्रणालियां दक्षता बढ़ा सकती हैं, लेकिन वे सहानुभूति और अखंडता की जगह नहीं ले सकती इसीलिए उनकी नीतियों और कार्यों का उद्देश्य सभी के विकास, विशेष रूप से वंचित और कमजोर वर्गों का विकास होना चाहिए। श्रीमती मुर्मू ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में भारतीय राजस्व सेवा के 78वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारियों के रूप में वह यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे कि इस आवश्यक संसाधन को निष्पक्ष, प्रभावी और पारदर्शी तरीके से एकत्र किया जाए। उन्होंने कहा कि देश में बुनियादी ढांचा बढ़ रहा है, डिजिटल कनेक्टिविटी अंतराल को पाट रही है और आर्थिक अवसर पहले से कहीं अधिक सुलभ हैं। विकास को टिकाऊ और समावेशी बनाने के लिए, संसाधनों का प्रबंधन दक्षता तथा निष्पक्षता के साथ किया जाना चाहिए और नागरिकों को सिस्टम पर भरोसा करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उनकी यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है कि सभी अपनी वैध क्षमता के अनुसार योगदान दे और लोगों के साथ सम्मान के साथ व्यवहार किया जाए। राष्ट्रपति ने कहा कि बदलते समय, बढ़ती अपेक्षाओं और सरकारी पहलों ने अधिक दक्षता, पारदर्शिता और सुविधा के एक नए युग की शुरुआत की है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



चौथा रोज़ा इफ्तार
05 मार्च बुधवार
सुन्नी...................... 06:21
शिया...................... 06:29

पांचवा रोज़ा सहरी
06 मार्च गुरूवार
सुन्नी...................... 05:14
शिया...................... 05:09

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# ईदगाह के निर्माण पर हंगामा

## दोनो पक्षों के आमने-सामने आने पर पुलिस ने सख्ती कर संभाला मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के समीप भारती गांव मुस्तफाबाद में बन रही ईदगाह के निर्माण का विरोध हो गया। दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। इससे पहले मामला सांप्रदायिक रंग लेता पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए काम रुकवा दिया और ईदगाह के समर्थन में आए लोगों को जमकर फटकार लगाई। इस मामले में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ लिखापढ़ी की है।

नई मंडी कोतवाली के मुस्तफाबाद गांव में मिश्रित आबादी के बीच ईदगाह का निर्माण किया जा रहा है। सोमवार रात को खाली प्लाट पर भराव कर वहां पर ईदगाह की नींव रखी जा रही थी। इसकी जानकारी मिलते ही हिन्दू समाज के लोग मौके पर पहुंच गए और बिना अनुमित का आरोप लगाते हुए निर्माण पर विरोध करने लगे। हिन्दू पक्ष के लोगों का विरोध देखते हुए वहां मुस्लिम पक्ष के लोगों भी पहुंच गए। इससे पहले दोनों में आमना-सामना होता, जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। हिन्दू पक्ष के लोगों का कहना था कि यहां कभी भी नमाज नहीं पढी गई और गोपनीय तरीके से ईदगाह का निर्माण किया जा रहा है। समर्थन में आए जियाउददीन पुत्र फजल, मोहम्मद अहमद पुत्र अमीरुददीन, साजिद पुत्र रशीद, सलीम पुत्र मुसर्रफ, मोमिन पुत्र याकूब, इरफान पुत्र शाहिद आदि ने खाली प्लाट पर ईदगाह के निर्माण तथा रमजान के बाद ईद की नमाज अदा करने की बात कही। इनका कहना था कि यहां पर ईदगाह के निर्माण और मुस्लिम समाज के लोगों को नमाज अदा करने से नहीं रोका जा सकता है। इस बात को लेकर वहां हंगामा हो गया। पुलिस ने बल का प्रयोग करते हुए दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत किया और पुलिस ने चेतावनी दी है कि बिना अनुमति के किसी धार्मिक स्थल का निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। मामला शांत होने पर दोनों पक्ष के लोगों वहां से चले गए। एसआइ मोहित सिंह ने उक्त छह लोगों को आरोपित बनाते हुए लिखा पढी कर दी है। जिसमें कहा गया है कि कुछ लोग ईदगाह के निर्माण व नमाज अदा करने की तैयारी के उद्देश्य से प्लाट में मिटटी का भराव करा रहे थे, जहां पर प्लाट में कुछ ईट पत्थर पडे हैं। आसपास मिश्रित आबादी होने के कारण आमजन में आक्रोश है। खाली प्लाट पर कभी कोई नमाज अदा नहीं की गई और न ही निर्माण की कोई अनुमति है। जिस प्लाट पर ईदगाह का निर्माण का प्रयास किया ज रहा था, उसके सामने से जो आम रास्ता है, जो शमशान घाट की तरफ जाता है।

# महिला के शोषण के मामले में हरकत में आई शाहपुर पुलिस, कार्रवाई शुरू

■ दुष्कर्म व अन्य गंभीर आरोपों में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शाहपुर थाना क्षेत्र में एक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इसके शिकायत थाने में की गई और यह मामला अधिकारियों के संज्ञान में भी आया है। मामला दो समुदाय होने के कारण पुलिस ने तुरंत ही मामले की तहरीर लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्राधिकारी ने अपने बयान में कहा कि उन्होने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो टीमे रवाना कर दी है।

बताया जाता है कि एक महिला ने पुलिस को शिकायक करते हुए बताया कि वह खेत में काम करती है और दूसरे पक्ष के तीन युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

महिला का आरोप है कि उक्त लोगों ने उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली और अब वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया जा रहा है। यह मामला बघरा के स्थित पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर महाराज तक भी पहुंचा है। महिला ने आरोपियों पर यह भी आरोप लगाया कि शिकायत के बाद पुलिस ने उसके परिवार के विरूद्ध ही मुकदमा दर्ज कर लिया है। जब यह मामला अधिकारियों के संज्ञान में आया तो एसएसपी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी के आदेश पर शाहपुर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध महिला द्वारा लगाए गए आरोपों का मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला का कहना था कि आरोपी तीन माह से उसका शोषण कर रहे है। उधर क्षेत्राधिकारी ने अपने बयान में कहा कि आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है और पुलिस की दो टीमे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए रवाना कर दी गई है।




मुजफ्फरनगर : राष्ट्रीय लोक अदालत की जागरूकता को रैली निकालतीं महिलाएं।

# हैप्पीनेस पार्क में एंट्री फीस वसूलने पर हंगामा

## अधिवक्ता से पैसे मांगने पर एमडीए के कारनामें की खुली पोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जीआईसी मैदान पर एमडीए द्वारा बनाये गये महाराजा परीक्षित हैप्पीनेस पार्क में टैण्डर छोड़े बिना ही लोगों से शुल्क के रूप में वसूली करने पर कई बार हंगामा हो चुका है मंगलवार को भी जीआईसी मैदान पर बने इस सुन्दर पार्क में एंट्री फीस वसूलने को लेकर फिर से बड़ा हंगामा हुआ और मामला पुलिस तक जा पहुंचा।

यहां पर बच्चों के साथ पहुंचे एक अधिवक्ता ने वहां कार्यरत कर्मचारियों पर आरोप लगाया कि उनके द्वारा अवैध रूप से लोगों से एंट्री फीस के नाम पर वसूली की जा रही है, इसका विरोध किया गया तो उनके साथ भी कर्मचारियों ने अभद्रता की।

सरकूलर रोड स्थित जीआईसी मैदान पर मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण ने महाराजा परीक्षित हैप्पीनेस पार्क को विशेष रूप से क्षेत्रवासियों की आवश्यकताओं और मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए डिजाइन कर तैयार किया गया है। 26 जनवरी के दिन इसका शुभारंभ किया गया और इसके बाद से ही यहां पर लोगों की भीड़ बच्चों को लेकर घूमने आ रही है। लेकिन इसके शुभारंभ के बाद से ही इसके संचालन को लेकर अनेक विवाद खड़े हो गये हैं। कई बार यहां पर बिना टैण्डर छोडे ही कुछ लोगों के माध्यम से अवैध उगाही करने का प्रकरण भी सामने आया है। मंगलवार को भी कुछ ऐसा ही नजारा यहां देखने को मिला।

यहां पर पहुंचे एक अधिवक्ता ने हंगामा खड़ा कर दिया। इस अधिवक्ता का कहना है कि यहां आने वाले लोगों से अवैध वसूली करने का काम किया जा रहा है यहां पर पहुंचे एक अधिवक्ता ने हंगामा खड़ा कर दिया।

इस अधिवक्ता का कहना है कि यहां आने वाले लोगों से अवैध वसूली करने का काम किया जा रहा है। अभी कोई एंट्री फीस की व्यवस्था यहां पर लागू नहीं की गई, लेकिन बच्चों को घुमाने आने वाले लोगों से यहां पर वसूली करने का काम बेखौफ हो रहा है। इसी का विरोध उन्होंने किया तो यहां पर कार्यरत कर्मचारियों ने उनके साथ भी अभद्रता की। इसको लेकर उन्होंने हंगामा कर दिया और पुलिस को सूचना दी। सिविल लाइन थाने की स्टेडियम चौकी इंचार्ज पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और मामले की जानकारी ली। अधिवक्ता ने इस प्रकरण में डीएम से शिकायत कर कार्यवाही कराने की बात भी मौके पर कही है।

# लोक अदालत की जागरूकता को महिलाओं ने निकाली रैली

■ आठ मार्च को होगा आयोजन, निपटाए जाएंगे वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई। 8 मार्च 2025 को होने वाली इस रैली को जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष डा. अजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाइक और प्रचार गाड़ियों से सुसज्जित यह रैली जिला न्यायालय परिसर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी और पुनः जिला न्यायालय में संपन्न हुई। इस रैली में मुख्य रूप से आधी आबादी ने भाग लिया। इन महिलाओं ने सभी को इस अवसर का लाभ उठाकर आपसी सुलह और समझौते के आधार पर अपने मामलों का निस्तारण कराने के लिए प्रेरित किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रितिश सचदेवा ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय लोक अदालत 8 मार्च 2025 द्वितीय शनिवार को दीवानी न्यायालय परिसर मुजफ्फरनगर में आयोजित की जाएगी। इसके अलावा, तहसील स्तर पर बुढ़ाना न्यायालय, ग्राम न्यायालय जानसठ और ग्राम न्यायालय खतौली में भी लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सहमति के आधार पर विभिन्न प्रकार के वादों का निपटारा किया जाएगा, जिनमें आपराधिक शमनीय मामले, धारा 138 एनआई एक्ट चेक बाउंस केस, बैंक रिकवरी के मामले, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, टेलीफोन, बिजली एवं पानी के बिल संबंधी विवाद, वैवाहिक विवाद, भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामले और राजस्व और सिविल वाद शामिल हैं। लोक अदालत में मामलों का निपटारा सुलह-समझौते के आधार पर किया जाता है, जिससे समय और धन की बचत होती है और निर्णय के खिलाफ अपील की संभावना नहीं रहती। यह एक ऐसा मंच है जहां न्यायिक प्रक्रिया को आसान और जनता के लिए सुलभ बनाया जाता है।

# डीएम से शिकायत करने पहुंचे नन्हे मुन्ने

## फुगाना के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर अश्लील फिल्म देखने का आरोप

■ डीएम के आदेश पर बीएसए ने दिया जांच का आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंगलवार की सवेरे फुगाना क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय के बच्चे ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर एक शिक्षक पर घिनौने आरोप लगाए है। जैसे ही यह खबर बीएसए को लगी तो वह तुरंत ही बच्चों व उनके माता-पिता के बीच पहुंचे और उन्होने स्कूल पहुंचकर जांच और कार्यवाही का आश्वासन दिया है। इस मामले में जिलाधिकारी ने भी जांच व कार्यवाही के आदेश दिए है।

मंगलवार की सवेरे बुढ़ाना तहसील के थाना फुगाना स्थित प्राथमिक विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चे कचहरी पहुंचे और उन्होने जिलाधिकारी से मिलने की इच्छा की। कचहरी पहुंचे स्कूल के बच्चों ने बताया कि उनके विद्यालय का एक शिक्षक स्कूल में पढ़ाते थे और एक षड्यंत्र के तहत उक्त शिक्षक सूर्य प्रताप सिंह को झुटे प्रताप सिंह को एक शिक्षक के इशारे पर हटा दिया गया। यहां पहुंचे बच्चों ने बताया कि स्कूल से हटाए गए शिक्षक सूर्य प्रताप सिंह उन्हे अच्छी तरह से शिक्षा देते थे। साथ ही मासूम छात्रों को आरोप था कि एक मास्टर ने स्कूल का माहौल गंदा कर रखा है। और उन्होने आरोप लगाया कि वह कक्षा में बैठकर गंदी फिल्मे देखते है जब अश्लील फिल्मे देखने का विरोध करते है तो उनके साथ मारपीट होती है। उन्होने कहा कि इसकी शिकायत पूर्व में भी बीएसए से की गई थी, लेकिन आरोपी पर कार्यवाही करने के बजाए शिक्षक सूर्य प्रताप सिंह को स्कूल से हटा दिया गया।

इसी बीच यह जानकारी बीएसए को पहुंची तो वह तुरंत ही बच्चों से मिलने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच गए और उन्होने बच्चों व उनके माता-पिताओं से मामले की जानकारी ली। पूरी मामले की शिकायत सुनने के बाद बीएसए संदीप कुमार ने बच्चे व उनके साथ आए माता-पिता को आश्वासन दिया कि वह स्वयं ही स्कूल आकर उक्त पूर्ण प्रकरण की जांच पड़ताल करेंगे। उन्होने कार्यवाही का आश्वासन भी दिया है। इसके बाद बच्चें शांत हो गए और घर लौट गए। यह मामला अधिकारियों के संज्ञान में भी आया है डीएम ने बीएसए को जांच कर कार्यवाही के आदेश दिए है। जिसके बाद बच्चों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## 301 ठेकों के लिए 3748 आवेदन

**मुजफ्फरनगर।** छह मार्च को लाटरी के माध्यम से होने वाली शराब की दुकानों के आवंटनों के लिए मारामारी मची है। जिले के 301 से अधिक ठेकों के लिए अभी तक 3748 आवेदन किए जा चुके है। ग्राम चुडियाला के देशी शराब के ठेके के लिए सबसे ज्यादा सौ आवेदन दिए गए है।

जिले में 301 शराब के ठेके और दस मॉडल शॉप स्थापित है इनमें 121 अंग्रेजी और 170 देशी शराब के ठेके है। निर्धारित अवधि तक मॉडल शॉप और ठेकों के आवेदन में 3748 आवेदन आबकारी विभाग को मिले है।

# डीआईजी ने वीडियो कांफ्रेंस रूम का किया उद्घाटन




■ अब पुलिसकर्मियों का बचेगा समय, अपने ही जनपद में दे सकेंगे साक्ष्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने पुलिस लाईन में नवनिर्मित वीडियो कॉन्फ्रेंस रूम का उद्घाटन किया है।

मंगलवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने पुलिस लाईन परिसर में बनाए गए नवनिर्मित वीडियो कॉन्फ्रेंस रूम का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होने बताया गया अभियोग में साक्ष्य हेतु पुलिस अधिकारियों /कर्मचारियों को गैर जनपद जाना पड़ता था। अब किसी पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी को गैर जनपद में न्यायालय के समक्ष नही जाना पडेगा, अब सभी अपने ही जनपद में रहकर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से साक्ष्य दे सकेंगे। उन्होने यह भी जानकारी दी कि सरकार को कार्य बाधित करें बिना गैर जनपद के साक्ष्य का कार्य भी किया जा सकेगा। इस दौरान अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहें। बता दे कि इससे पहले पुलिस विभाग के पुलिसकर्मी व अधिकारियों को साक्ष्य देने के लिए गैर जनपद जाना पड़ता था।

## साप्ताहिक बंदी में कहीं खुले, कहीं बंद रहे बाजार

**मुजफ्फरनगर।** साप्ताहिक बंदी का सख्ती से पालन कराने के बावजूद भी जिला प्रशासन इस पर पूरी तरह सफल नहीं हो पाया है।

मंगलवार को साप्ताहिक बंदी के दौरान आर्य समाज रोड का पूरा बाजार बंद रहा तो वहीं कलेक्ट्रेट के निकट का कोर्ट रोड़ पूरी तरह से खुला रहा। श्रम विभाग की टीम अन्य बाजारों का भ्रमण करती रही, लेकिन टीम ने कोर्ट रोड की तरफ आना तक भी गवारा नहीं समझा जिससे श्रम विभाग की कार्यवाही पर दिनभर सवालिया निशान लगते रहे। जिला प्रशासन ने शासन के निर्देश पर साप्ताहिक बंदी का पालन कराने के लिए कड़े निर्देश जारी किए है।




मुजफ्फरनगर : आर्य समाज रोड़ पर साप्ताहिक बंदी में बंद रही दुकानें।

सभी देशवासियों को माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
डा० रिज़वान अली
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन)
डा० मौ. शुऐब
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन)
डा० ज़ैनब इनाम
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेष)
दीवान हॉस्पिटल
सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर-251001
☎ 0131-2634069, 9837335711






मुजफ्फरनगर : परीक्षा केन्द्र के बाहर परीक्षा के बाद प्रश्न-पत्रों का मिलान करते छात्र।

# युवक की हत्या में दो भाइयों को आजीवन कारावास

■ कोर्ट ने सबूत व गवाहों के आधार पर दो-दो लाख से अधिक का लगाया जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कोर्ट ने हत्या का आरोप सिद्ध होने पर दो भाईयों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने सबूत व गवाहों तथा दलीलों को सुनते हुए आरोप सिद्ध होने पर दोनो भाईयों पर दो-दो लाख से अधिक का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन के अनुसार 23 मई 2020 को ग्राम कुटेसरा थाना चरथावल के निवासी कय्यूम पुत्र अब्दुल रहीम ने चरथावल थाने पहुंचकर पुलिस को एक तहरीर देकर बताया था कि मासूम उर्फ सोनू पुत्र मेहरबान व उसका भाई मुर्तजा ने उसकी पुत्र की घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरूद्ध धारा 147,148,149,452,506,302 आईपीसी और सशस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसके बाद पुलिस ने मासूम उर्फ सोनू को 24 मई 2020 का और मुर्तजा को 25 मई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद पुलिस ने दर्ज मुकदमें के आधार पर जांच पड़ताल में विवेचना शुरू की। और 24 जुलाई को कोर्ट में आरोपी के विरूद्ध आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। यह मुकदमा कोर्ट सेशन में चला। घटना से संबंधित दोनो पक्षों के वकीलों ने अपने-अपने तर्क न्यायाधीश के समक्ष रखे और सबूत व गवाह भी पेश किए गए। इस मुकदमें की पैरोकारी विशेष लोक अभियोजक ललित भारद्वाज द्वारा की गई। कोर्ट ने दोनो पक्षों को सुनते हुए सबूत व गवाहों के आधार पर मासूम उर्फ सोनू को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए उस पर दो लाख 60 हजार रूपयें का अर्थदण्ड भी किया है। जबकि मुर्तजा को उम्र कैद की सजा सुनाते हुए दो लाख 27 हजार रूपयें का जुर्माना लगाया है।

ADMISSION OPEN
SHRI GURU RAM RAI PUBLIC SCHOOL
Roorkee Road, Muzaffarnagar, U.P.
Affiliated to CBSE, New Delhi
An English Medium Nursery to Class XII Co. Educational School



सगे भाई-बहनों में दूसरे बच्चे को 50 प्रतिशत तथा तीसरे को 25 प्रतिशत की छूट
Contact No.:- 9634085131, 9410535894
Sanjay Lakhera (Principal)

# सफाई कर्मचारियों को मिले हाउस-वाटर टैक्स में छूट

**राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग सदस्य डा.सुषमा गोडियाल के समक्ष उठाई मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विकास भवन सभागार मे डॉ सुषमा गोडियाल सदस्य, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार ने मेनुअल सफाई कर्मचारियों के पुनर्वास के लिए एम. एस. एक्ट, 2013 के कार्यान्वयन की समीक्षा तथा इनके आश्रितों के सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक जीवन का अध्ययन करने व इनकी मुक्ति एवं पुनर्वास की राष्ट्रीय योजनाओं की समीक्षा के लिए अधिकारियों व सफाई कर्मचारी नेताओं से मुलाकात की।

उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के सहारनपुर मण्डल प्रभारी दीपक गम्भीर ने एक ज्ञापन सौंपा जिसमें संविदा सफाई कर्मचारियों को स्थाई करने, दलित बस्तियों मे विकास कार्य धर्मशाला, सड़क, खड़ंजा,नाले नाली व शैक्षिक उत्थान के लाइन्स क्लब मे 10 कम्प्यूटर की व्यवस्था, संविदा सफाई कर्मचारियों को स्थाई सफाई कर्मचारियों की भांति हाऊस टैक्स वाटर टैक्स मे छूट, मौहल्ला आबकारी मे सीवरेज व गैस पाइपलाइन की सुविधा दी जाने एवं नगर पालिका के सरवट फाटक बने क्वार्टरों का नव निर्माण,कोविड काल मे पुरस्कृत सम्मान धन राशि प्रदान किये जाने व शाशनदेशो व माननियो के प्रोटोकॉल मे मलीन बस्ती के स्थान पर नाम बदलकर निर्मल कालौनी किया जाने की मांग की। सभा मे उपस्थित सुधाकर, गोतम राम,अनमोल बिरला, सुधीर घामा वाल्मीकि जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ मुजफ्फरनगर,सचिन चढा, अरुण



कुमार भोक्कखरेडी, रविन्द्र, सुनिल सूद,आरुशी सुधा, रामकृपाल खतौली,व अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर, समाज कल्याण अधिकारी, प्रिज्ञा सिंह अधिशासी अधिकारी व नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अतुल कुमार, सभी नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी व बैक अधिकारी आदि लोग उपस्थित रहे। वाल्मीकि नेता दीपक गम्भीर ने मौहल्ला आबकारी, मौहल्ला रामपुरी का भ्रमण अधिशासी अधिकारी व नगर स्वास्थ्य अधिकारी के साथ किया।

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** क्षेत्र मे सड़क हादसों का सिलसिला जारी है मंगलवार की शाम भोपा -मुजफ्फरनगर मार्ग पर बोलोरो व बाइक की टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल को भोपा स्वास्थ्य केंद्र पर लाया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया परिजनों को सूचना देकर पुलिस जांच में जुट गई है।

भोपा थाना क्षेत्र के कासमपुरा के पास बाइक व बोलेरो कार में भिड़ंत हो गई जिसमें बाइक सवार 50 वर्षीय व्यक्ति सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया वहां से गुजर रहे राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को भोपा स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा जानकारी करने पर व्यक्ति की पहचान सतीश प्रजापति निवासी भंडूरा थाना सिखेड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने परिजनों को सूचना कर बोलोरो गाड़ी को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## टीबी ग्रसित मरीजों को सीएचसी प्रभारी ने गोद लेते हुए पोषण सामग्री वितरित की

**चरथावल।** कस्बे में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सतीश के द्वारा टीबी ग्रसित मरीज को गोद लेते हुए उन्हें पोषण आहार सामग्री वितरित की। चरथावल कस्बे में स्थित सीएचसी में टीबी ग्रसित मरीजों को पोषण आहार सामग्री वितरित की गई जिन्हें डॉक्टर सतीश द्वारा गोद लिया गया।मरीजों को दवाइयो के साथ-साथ पोषण सामग्री लेना उतना ही आवश्यक है।जितना कि दवाई लेना।पोषण लेने से टीबी रोग को जल्दी दूर किया जा सकता है सात जनवरी से पूरे प्रदेश मे टीबी रोगी खोजो अभियान चल रहा है जो चौबीस मार्च तक चलेगा जिसमे गांव गाँव से टीबी रोगियों को खोजकर उन्हे उपचार पर लाया जा रहा है।

## प्लाट बेचने के नाम पर भाजपा नेता से डेढ़ लाख हड़पे

**खतौली।** एक व्यक्ति ने प्लाट बेचने के नाम पर भाजपा नेता से डेढ़ लाख रुपए हड़प लिए। पीड़ित भाजपा नेता ने कोतवाली पर पहुँच उक्त व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देते हुय कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर लेने के बाद मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव आदमपुर मोचनी निवासी शेखर सैनी पुत्र कवल सिंह भाजपा नेता ने गांव के हो एक व्यीं से प्लाट का सौदा किया था जहाँ उसने प्लाट के 2 लाख 75 हजार रुपए दे दिए थे। लेकिन उीं व्यक्ति द्वारा प्लाट का बैनामा नही किया जब शेखर ने 16 महीने बाद भी बैनामा न करने पर उससे अपने रुपए वापिस मांगे तो उसने रुपए देने से इंकार कर दिया। शेखर का आरोप था कि उक्त व्यक्ति अब उसे धमकी भी दे रहा है। शेखर ने कोतवाली पर उसके खिकाफ तहरीर देते हुय उसके रुपए वापिस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# तहसीलदार ने चलसीना में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे को कराया मुक्त

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** उपजिलाधिकारी खतौली मोनालिसा जौहरी के दिशा निर्देश पर तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता के द्वारा तहसील क्षेत्र के गांव चलसीना में तीस वर्षों से सरकारी भूमि पर कूड़ी डालकर किये गये अवैध कब्जों को तहसीलदार ने दल बल के साथ हटवा दिया। तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता मय फोर्स के जेसीबी मशीन लेकर यहां पहुंची और अवैध कब्जों को स्थानीय पुलिस प्रशासन की मदद से जेसीबी से हटवाया। बताते चलें कि क्षेत्र के गांव चलसीना में सरकारी खाद के गढढे में कूडी डालकर कब्जा करने की शिकायत मिली थी। गांव के सुरेश पुत्र मुरारी ने यह शिकायत दर्ज कर रखी थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार



श्रद्धा गुप्ता ने मंगलवार को जेसीबी के द्वारा हटवाने के लिये दल-बल के साथ निकली। तहसीलदार श्रद्धा ने बताया कि गांव में खसरा नंबर 420 पर सरकारी अवैध कब्जा था। उन्होंने देखा कि कुछ दबंगों सरकारी रास्ते पर कब्जा कर रखा था। तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता ने खुद खड़े होकर अपने सामने ही पूरा अवैध कब्जा हटवाया। मौके पर रतनपुरी थाना प्रभारी तेज सिंह, राजस्व निरीक्षक वीरभान राजस्व निरीक्षक राकेश वर्मा पटवारी विपिन मोतला, पटवारी दीपक, भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# चिकित्सक दम्पति पर हमला करने वालों को पुलिस ने भेजा जेल

**मोरना।** बीते माह मोरना मे जानसठ मार्ग पर स्थित शीला मेमोरियल नर्सिंग होम मे घुसे नकाबपोश व बुर्का धारी बदमाशों ने चिकित्सक दम्पत्ति डॉ. पीतम व उनकी पत्नी डॉ. सुषमा पर धावा बोलकर घायल कर दिया था। व तमंचे के बल आतंकित करते हुए स्टाफ नर्स सपना का मोबाइल छीन लिया था। पुलिस ने मंगलवार को घटना का खुलासा करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

भोपा थाना पुलिस ने जानकारी देकर बताया की पुलिस ने मंगलवार को संदिग्ध व्यीं चेकिंग के दौरान क्षेत्र के गांव ककराला स्थित राजबाह पुल के पास से तीन व्यीयों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान तीनो ने बीते 8 फ़रवरी की देर शाम मोरना मे शीला मेमोरियल नर्सिंग होम के संचालक चिकित्सक दम्पत्ति पर हमले व लूट की घटना को स्वीकार किया। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान हर्ष पुत्र सोहनवीर, मिन्टू पुत्र जगदीश, अंकुल पुत्र सहन्द्र निवासीगण मोरना के रूप मे हुई है। जिनके पास से दो तमंचे चार कारतूस, एक बुर्का, प्लास्टिक की डिब्बी, एक जोड़ी पाजेब बरामद किया गया। तीनो आरोपियों को जेल भेजा गया है।नर्सिंग होम के निकट रहने वाले बदमाशों द्वारा अंजाम दी गयी घटना को लेकर जहां चिकित्सक दम्पत्ति भारी दहशत मे हैं। वहीं बदमाशों का उद्देश्य क्या था यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

# कई लोगों ने ली आसपाकां की सदस्यता

**बुढ़ाना।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम भीम आर्मी मुस्लिम मोर्चा भाई चारा कमेटी के सहारनपुर मंडल के नव नियुक्त मंडल उपाध्यक्ष डाक्टर जावेद उस्मानी के आवास पर उन्हीं के नेतृत्व मे मंगलवार के दिन कई लोगों ने आजाद समाज पार्टी कांशीराम भीम आर्मी मुस्लिम मोर्चा भाईचारा कमेटी मे आस्था जताते हुए सदस्यता ग्रहण की और कहा कि उनका हित आजाद समाज पार्टी कांशीराम भीम आर्मी मुस्लिम मोर्चा भाईचारा कमेटी में ही सुरक्षित है।

अब वह नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के दोनों हाथों को मजबूत करने का काम करेगेघ। आजाद समाज पार्टी कांशीराम भीम आर्मी मुस्लिम मोर्चा भाईचारा कमेटी में आने की घोषणा करने वालों में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी छोड़कर आए गांव



हुसैनाबाद भनवाडा निवासी जुलफक्कार राणा, सलीम सलमानी, निसार अहमद, सगीर अहमद और अब्दुल रजा सहित अन्य लोग हैं। इन सभी का पार्टी में आने पर डाक्टर जावेद उस्मानी ने स्वागत किया व गले में पार्टी का पटका पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बुढाना क्षेत्र में धीरे धीरे आसपाकां का जनाधार बढ़ रहा है। इसके लिए अब जल्दी ही डोर टू डोर अभियान भी चलाया जाएगा और लोगों को पार्टी से जोड़ा जाएगा।

# पेपर देने के बाद घर जा रहा छात्र सड़क हादसे में घायल

**रायपुर अटेरना से बाइक पर जा रहा था कुरालसी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** प्रथम पारी में बोर्ड परीक्षा देने के बाद अपने घर जा रहा मोटर साइकिल पर सवार एक छात्र अन्य मोटर साईकिल की भिड़ंत में घायल हो हो गया।

घायल छात्र को गंभीर हालत में मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया है जबकि अन्य मोटर साइकिल चालक भाग जाने में सफल रहा। घायल छात्र को दूसरी पारी में भी पेपर देने के लिए परीक्षा केंद्र पर खाना खाने के बाद वापस आना था कि यह घटना घटित हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय अमीश पुत्र यशपाल सिंह निवासी गांव रायपुर अटेरना थाना फुगाना आज मंगलवार के दिन बाइक पर सवार होकर बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरालसी में स्थित परीक्षा केंद्र पर प्रथम पारी में परीक्षा देने के लिए आया हुआ था। जब वह पेपर देने के बाद खाना खाने के लिए अपने घर जा रहा था तो कुरालसी गांव से बाहर निकलते ही विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही एक अन्य मोटर साइकिल की भिड़ंत अमीश कुमार की मोटर साइकिल से हो गयी। जिसमें अन्य मोटर साइकिल सवार युवक तो घटना को अंजाम देकर मोटर साइकिल सहित भाग जाने में सफल रहा जबकि छत्र अमीश घायल हो गया। अन्य छात्रों ने घायल अमीश कुमार को बुढ़ाना के एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया और उसके परिजनों को घटना की सूचना दी।

# पीड़ित परिवार ने लगाई यशवीर महाराज से गुहार



**शाहपुर।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दुर्गनपुर के हिंदू कश्यप समाज के पीड़ित परिवार ने यशवीर महाराज के पास जाकर गुहार लगाई। पीड़ित महिला ने निरमानी गांव के मुस्लिम लड़कों पर बलात्कार और अश्लील वीडियो प्रसारित करने का गंभीर आरोप लगाया। पीड़ित कश्यप परिवार को न्याय न मिलने पर यशवीर महाराज ने धरना प्रदर्शन की चेतावनी दे दी।

यशवीर महाराज के हस्तक्षेप के बाद थाना शाहपुर ने आरोपियो पर मुकद्दमा दर्ज कर लिया। क्षेत्राधिकार बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थानाक्षेत्र शाहपुर की एक महिला द्वारा थाना शाहपुर पर लिखित तहरीर देकर अवगत कराया कि उसे बहला-फुसलाकर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने तथा वीडियो वायरल करने की घटना कारित की गयी है।

प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना शाहपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है तथा उच्चाधिकारीगण के निर्देशन में अभियुीगण की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना शाहपुर पर दो पुलिस टीमों का गठन किया गया है। स्थानीय पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## चोरी की घटना को अंजाम देने वाले को भेजा जेल

**मोरना।** मोरना मे बीते माह बंद घर मे ताला तोड़कर नकदी व आभूषण कर लाखों की चोरी को अंजाम देने वाले शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

भोपा पुलिस ने जानकारी देकर बताया कि मोरना में पुष्पेंद्र के बंद मकान से अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर सेफ में रखें 55000 रुपए व सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए थे पुलिस ने ककराला रजवाहे के पास से एक आरोपी अंकुल, निवासी मोरना को गिरफ्तार किया गया पूछताछ करने पर उसने चोरी करना स्वीकार किया है पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया है।

# मकान जमींदोज करने वालों का वीडियो वायरल

**बुढ़ाना।** लगभग 07 घंटों तक मकान में तोड़फोड़ करने वाले कई आरोपियों का मकान को तोड़ते हुए का कुछ देर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में साफ दिखाई पड़ रहा है कि दर्जनों आरोपी बैखोफ होकर पीड़ित के मकान को किस तरह बेदर्दी से घन, हथोड़े और कुदाली मारकर तोड रहे हैं। कुछ महिलाएं भी आरोपियों का साथ दे रही हैं। खबर है कि इस मामले में बुढ़ाना पुलिस ने 5 महिलाओं को जेल भेजा है। जिनकी हाथों हाथ जमानत होने की खबर है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश शुरु कर दी गयी है। उधर इस मामले में फरार आरोपी अब पीड़ित पक्ष को मुकदमा वापस न लेने पर हत्या की धमकी दे रहे है। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव उमरपुर निवासी नूरजहां पत्नी नौशाद अंसारी ने बताया कि उसके ससुरालिए गांव उमरपुर में स्थित एक मकान में करीब 70 साल से रह रहे हैं। जो 242 गज है। मकान में 6 कमरे, लेट्रीन, बाथरुम, रसोई और दुकान बनी हैं। कुछ समय से गांव के युसुफ सलमानी इस मकान को अपना बताकर उनके खिलाफ बुढ़ाना न्यायालय में वाद दायर किए हुए है। जो विचाराधीन है। बीते 3 मार्च को युसुफ आदि ने उनके घर में घुसकर उनके साथ मारपीट, गाली गलौच छेड़खानी कर उन्हें घर से निकाल दिया और लड़कियों की शादी के लिए घर में रखा दहेज का कीमती सामान कब्जे में कर घर में रखे अन्य घरेलू सामान को बाहर फैंककर मकान में बने 6 कमरों, दुकान, लेट्रीन और बाथरूम को घन, हथौड़ों, कुदाली व अन्य साधनों से तोड़कर जमींदोज कर दिया और अपनी भैंसें बांध दी। किसी ने तोड़फोड़ की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस ने 5 महिलाओं को हिरासत में लेकर आरोपियों की भैंसों को बाहर निकालकर पीड़ित का गली के बाहर बिखरा पड़ा सामान मकान के अंदर रखवाया। बुढ़ाना पुलिस ने फरार आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

# वार्षिक खेलकूद के चौथे दिन हुए वॉलीबॉल के सेमीफाइनल

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज के खेल प्रांगण में चल रहे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2025 के चौथे दिन वॉलीबॉल की महिला और पुरूष वर्ग की प्रतियोगिताओं के साथ- साथ क्रिकेट के सेमीफाइनल मैच खेले गये। खेल सप्ताह के चौथे दिन खेली गई वॉलीबॉल की महिला वर्ग प्रतियोगिता तथा पुरूष वर्ग प्रतियोगिता दोनो प्रतियोगिताओं के खिताब पर शारीरिक शिक्षा विभाग ने किया कब्जा।वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2025 में आज चौथे दिन वॉलीबॉल महिला तथा पुरूष वर्ग के मुकाबले हुये। वॉलीबॉल महिला वर्ग का पहला सेमीफाइनल मुकाबला बीएससी एवं शारीरिक शिक्षा विभाग की टीमों के बीच खेला गया। जिसे शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम ने 2-0 के सैट से जीतकर विपक्षी टीम को चित कर दिया तथा फाइनल में अपना स्थान पक्का किया।

दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला एमएससी और बेसिक साइंस की टीमों के बीच खेला गया। इस जोरदार मुकाबले में एमएससी(बायोसाइंस) की टीम ने 2-0 के सैट से बेसिक साइंस की टीम को परास्त किया। वही फाइनल मुकाबला एमएससी तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में शारीरिक शिक्षा विभाग ने एमएससी को 3-1 सैट से हराकर वॉलीबॉल महिला वर्ग प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।वही पुरूष वर्ग का पहला सेमीफाइनल शारीरिक शिक्षा तथा वाणिज्य के मध्य खेला गया। यह मुकाबला शारीरिक शिक्षा विभाग ने लगातार दो सैट जीतकर अपने नाम किया। दूसरा मुकाबला एसआरजीपी ने 2-1 से बेसिक साइंस की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शारीरिक शिक्षा विभाग तथा एसआरजीपी के बीच खेला जायेगा।

आज श्रीराम ग्रुप ऑफ कालिजेज की वार्षिक खेल-कूद 2025 प्रतियोगिता में क्रिकेट के सेमीफाइनल मैच खेले गये। आज पहला सेमीफाइनल मैच एमपीएड तथा फार्मेसी के बीच खेला गया। इस मैच में फार्मेसी की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी एमपीएड की टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में 1 विकेट के नुकसान पर 136 रन बनाये। जवाब में फार्मेसी की टीम 93 रनों पर ही ढेर हो गई। प्राचार्या डा0 प्रेरणा मित्तल ने कहा कि यह वार्षिक खेल प्रतियोगिता एक सप्ताह तक आयोजित होती है।

इस अवसर पर श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के निदेशक डॉ0 एस0एन0 चौहान,प्राचार्या डा0 प्रेरणा मित्तल, डा0 विनित कुमार शर्मा, श्रीराम कॉलेज आफ इंजीनियरिंग डीन डा0 सुचित्रा त्यागी तथाप्रमोद कुमार तथा, डा0 अब्दुल अजीज़ खान, भुपेंद्र, संदीप देशवाल, तरूण तथा विश्वदीप कौशिक आदि उपस्थित रहे।

## नन्ही आलिया ने रखा पहला रोजा

**नजीबाबाद।** मुकद्दस रमजान बडा ही मुबारक और बरकत वाला महीना माना जाता है। इस महीने में अल्लाह की रहमत बरसती है। आलिया (8 वर्ष) ने रमजान मुबारक में पहला रोजा रखा। आलिया ने सुबह सवेरे सहरी कर शाम को रोजा इफ्तार किया। रोजे के साथ-साथ आलिया ने पांच वक्त की नमाज पढ़ कर पूरे आलम के लिए चैन सुकून की दुआ भी की।

# राष्ट्रीय संरक्षा दिवस पर मिलकर्मियों को दिलाई शपथ

**मुजफ्फरनगर।** इण्डियन पोटाश लि0 की चीनी इकाई रोहाना कलां के परिसर में 54 वाँ राष्ट्रीय संरक्षा दिवस एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इकाई प्रमुख लोकेश कुमार के नेतृत्व में आर0 के0 तिवारी वरिष्ठ प्रबन्धक (मा.संसा./विधि) ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की मीटिंग करते हुए संरक्षा नियमों के पालन हेतु जागरूक किया। कार्यक्रम में मिल में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। जिसमें मुख्यत: विभागाध्यक्ष (गन्ना) अरविन्द कुमार, विभागाध्यक्ष (अभि0) रामबीर लल्लर, विभागाध्यक्ष (उत्पादन) पंकज बालियान, तरूण कुमार गौड़, उप प्रबन्धक (गन्ना)



संजीव चौधरी, उप अभि. चिन्तराम गौतम, सहा0 प्रबन्धक (विक्रय/स्टोर) पवनेश कुमार शर्मा, लियाकत अली, हरजीत सिंह, कपिल कुमार, कुलवन्त सिंह, प्रमोद कुमार, अमित कुमार, पंकज शर्मा आदि कर्मचारीगण सम्मिलित रहें।

## आस्ट्रेलिया को शिकस्त देते ही शिवचौक पर क्रिकेट प्रेमियों ने मनाया जश्न

**मुजफ्फरनगर।** चैम्पियंस ट्राफी के पहले सेमीफाईनल में भारतीय क्रिकेट टीम ने देशवासियों को रमजान और होली का तोहफा देते हुए अपनी प्रतिद्वदी टीम आस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर फाईनल में प्रवेश पा लिया। भारतीय टीम की जीत से उत्साहित मुजफ्फरनगर के सैकड़ो खेल प्रमियों ने बाइक रैली निकालकर नगर के हृदय स्थल शिवचौक पर जमकर नारेबाजी की और आतिशबाजी करते हुए अपनी खुशी का इजहार किया। इस दौरान भाजपा नेता भी मौजूद रहे तथा पुलिस को व्यवस्था बनाने के लिए भागदौड करनी पड़ी। पहले खेलते हुए आस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने अच्छी शुरूआत की तो लगने लगा कि आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज भारत के सामने बड़े स्कोर की चुनौती पेश करेंगे, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने सधी हुई बालिग तथा मजबूत क्षेत्ररक्षण के बलबूते आस्ट्रेलिया को मात्र 264 रन पर सीमित कर दिया। जवाब में भारतीय बल्लेबाजों ने भी सधी हुई बैटिंग की तथा आस्ट्रेलिया को ऐसा कोई मौका नही दिया कि वह भारतीय टीम की जीत में अवरोध उत्पन्न कर सके। जैसे ही भारतीय टीम ने 10 गेंद पहले ही 265 बनाये वैसे ही खेल प्रेमियों का दिल बाग-बाग हो उठा और वह अपनी खुशी जताने के लिए निकल पड़े। शिवचौक पर खूब नारेबाजी हुई तथा मिठाई बांटने के साथ-साथ आतिशबाजी भी की गई, अब खेल प्रेमी आशा जता रहे है कि चैम्पियन्स ट्राफी पर भारत का कब्जा होगा। क्योंकि पूरी टीम इस दौरान अच्छा परफोरमेन्स कर रही है।

# दुर्घटना बचाव का रिफाइनरी कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

**मुजफ्फरनगर।** मैसर्स इंडियन पोटाश लिमिटेड, बायो रिफाइनरी रोहाना कलां में सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ किया गया, जिसमें इकाई प्रमुख रमेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में मोहित कुमार बालियान वरिष्ठ अधिकारी, सुरक्षा और पर्यावरण ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की मीटिंग करते हुए सुरक्षा नियमों के पालन हेतु जागरूक किया।

इस कार्यक्रम में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों व कारीगरों को कार्य स्थल पर सुरक्षा उपकरणो का प्रयोग करने के लिए तथा उनके प्रयोग व लाभ के विषय में व दुर्घटना बचाव संबन्धी जानकारी दी। इसी दौरान कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए सभी को परामर्श दिया गया, तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के



पूर्णतया प्रयास की जानकारी दी गयी।सुरक्षा सप्ताह के इतिहास व नियमों के विषय में भी जानकारी दी गयी तथा नियमों के अनुपालन के साथ साथ उपस्थित सभी को जागरूक किया गया तथा बताया गया कि किस प्रकार कार्यस्थल पर सुरक्षा हेतु कार्य किया जाय तथा आपस में एक दूसरे को भी बताया जाये। कार्यक्रम के दौरान आर के तिवारी, भारत सिंह एवं प्लांट के अधिकारियों के साथ - साथ सुरक्षा कर्मी, संविदा कारीगर उपस्थित रहे, जिसमें सभी के द्वारा सुरक्षा, स्वास्थ्य व पर्यावरण हेतु कार्य करने करने की शपथ एक साथ ली।

# सौर ऊर्जा को अपनाने पर सहमत हुए जिले के उद्यमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) चैप्टर द्वारा बैठक का आयोजन होटल स्वर्ण इन्न एंड सुइट्स, सर्कुलर रोड, मुजफ्फरनगर में किया गया। बैठक में उद्योग जगत से जुड़े अनेक प्रमुख उद्यमियों ने भाग लिया। बैठक का शुभारम्भ राष्ट्रीय गान से शुरू हुआ और चौप्टर चेयरमैन पवन कुमार गोयल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह बैठक उद्योगपतियों को नवीनतम सरकारी योजनाओं की जानकारी, सौर ऊर्जा के अवसर एवम कार्बन क्रेडिट से अतिर्रिं लाभ अर्जित करने और केंद्रीय बजट के एमएसएमई पर क्या प्रभाव पड़ेंगे



की जानकारी लेने के लिए आयोजित की गई है। आईआईए अपने उद्यमी साथियों के लिए इस तरह की सेमिनार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसीलिए नवीनतम जानकारियां प्राप्त करने के सेमिनार में भारी संख्या में उधमी उपस्थित रहकर इसका लाभ उठा रहे हैं। बैठक में इंदौर से पधारे ईकेआई एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड के मैनेजर सचेंद्र सिंह ने कार्बन क्रेडिट के माध्यम से सौर ऊर्जा के लाभों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे उद्योगपति कार्बन क्रेडिट के जरिए अतिर्रिं राजस्व अर्जित कर सकते हैं। वारी एनर्जीज लिमिटेड के आदित्य कुमार ने सौर ऊर्जा के व्यावसायिक अवसरों पर प्रकाश डाला और इसके तकनीकी व आर्थिक लाभों को स्पष्ट किया। यूपी नेडा द्धउत्तर प्रदेश नवकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरणत्रृ के परियोजना अधिकारी भजन सिंह ने सरकार की विभिन्न सौर ऊर्जा योजनाओं की जानकारी दी और उद्योगपतियों से इनका लाभउठाने का आग्रह किया।

# चीनी मिल के ओवरलोड वाहनों पर लगेगी रोक

**चरथावल।** प्रदेश मे जहाँ आए दिन हो रहे चीनी मिल के अवरलोड वाहनो से बड़े बड़े हादसे हो रहे हे और चीनी मिल के अवरलोड गन्ने के वाहनो से अनेको प्रदेशवासी मौत के मुंह मे समा गए हे गत दिवस जिले के चीनी मिल के अवरलोड गन्ने के वाहन से दो व्यक्ति मौत के मुंह मे समा गए जिससे जिले मे बड़ा हो हल्ला हुआ और प्रदेश के मुख्यमंत्री जहाँ अवरलोड वाहनो पर पूरी तरह रोक लगाने के आदेश पूर्व मे अनेको बार दे चुके हे वही अब ज़ब आए दिन गन्ने के अवरलोड वाहनो से प्रदेश भर मे दुर्घटनाए घटित हो रही हे जिससे पुरे प्रदेश मे हल्ला मचा हुआ हे और इस बार प्रशासन ने भी चीनी मिल प्रबंधको से अपील की हे की अवरलोड वाहनो पर पूरी तरह अंकुश लगाए और मानक के अनुसार ही गन्ना क्रय केन्द्रो से वाहनो मे गन्ने भरा जाए लेकिन इतनी सख्ती के बाद भी खाइखेड़ी चीनी मिल के अवरलोड वाहन क्षेत्र मे खुलेआम संचालित होते दिख रहे हे जोकि प्रशासन की अपील के बाद भी इन पर कोई असर होता नही दिख रहा हे और घनी बस्तीयो से होकर खाइखेड़ी चीनी मिलो के गन्ने के अवरलोड वाहन खुलेआम संचालित हो रहे हे ।और दिन प्रतिदिन क्षेत्रवासी जहाँ इन अवरलोड गन्ने के वाहनों के शिकार हो रहे हे । तो कही असमय इन अवरलोड गन्ने के वाहनों की चपेट में आकर मौत के मुंह मे समा रहे हे प्रदेश में भाजपा की दोबारा सरकार को बने हुए भी जहाँ तीन साल बीत चुके हे और प्रदेशवासियों को अब तक भी अवरलोड वाहनो से निजात नही मिली हे । क्षेत्रवासी जहाँ शासन मे गुहार लगाते लगाते थक चुके हे और अब तक भी खाइखेड़ी चीनी मिल के अवरलोड वाहनो से निजात नही मिली हे वही अब प्रशासन की अपील के बाद क्षेत्रवासियो को खाइखेड़ी चीनी मिल के अवरलोड गन्ने के वाहनो पर रोक लगने के आस जगी हे वही योगी आदित्यनाथ के पहली बार ही मुख्यमंत्री की गद्दी सँभालने के बाद



जहा प्रदेश की सड़कों पर डग्गामार वाहनों के सड़को पर दौड़ने पर रोक लगी थी। और इस समस्या से प्रदेशवासियों को राहत मिली वही अब भी नियमों की धज्जिया उड़ाते हुए खाइखेड़ी चीनी मिल के अवरलोड वाहन खुलेआम दौड़ रहे है। जहाँ खाइखेड़ी चीनी मिल के यह गन्ने के अवरलोड वाहन बड़े हादसों का सबब बनते है ।वही यह अवरलोड गन्ने के वाहन ही जहाँ जाम का कारण बनते है और अनेको बार बड़ी दुर्घटना का सबब भी यही गन्ने के अवरलोड वाहन बनते है। वही प्रशासन की अपील के बाद क्षेत्रवासियो को खाइखेड़ी चीनी मिल के अवरलोड वाहनो से निजात मिलेगी या फिर वही पहले की तरह नतीजा ढाक के तीन पात वाला होगा यह चर्चा क्षेत्र मे फैली हुई हे या खाइखेड़ी चीनी मिल के अवरलोड वाहन यातायात नियमों की युही अवहेलना करते रहेंगे

## एक माह बाद भी पुलिस बरामद नहीं कर पायी अपहृत किशोरी

**छपार।** क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को युवक बहका फुसलाकर भगा ले गया था। एक माह बाद भी पुलिस उसे बरामद नहीं कर सकी। किशोरी के परिजन थाने पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने जल्दी बरामद करने का आश्वासन दिया है।

क्षेत्र उक्त गांव का एक परिवार गांव कासमपुर में कोल्हू में मजदूरी करता है । हरियाणा के सोनीपत निवासी एक युवक भी वहां काम करता था। 30 जनवरी को वह किशोरी को बहका फुसलाकर ले गया। तलाश करने के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा तो उसके पिता ने युवक के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एक माह बाद भी पुलिस बरामद नहीं कर सकी तो किशोरी के परिजन मंगलवार को थाने पहुंचे तो प्रभारी निरीक्षक ने जल्दी ही उसे बरामद करने का आश्वासन दिया है।

# बहुपुरा में जलभराव से नागरिक हलकान

**मोरना।** गांव बहुपुरा में विकास के दावे धडाम नजर आते हैं। गांव की गलियों में हो रहे जलभराव से ग्रामीण त्रस्त हैं। लगातार शिकायत के बावजूद भी प्रशासन कोई सुध लेने को तैयार नहीं है। मंगलवार को ग्रामीणों ने प्रशासन के विरूद्ध नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा ग्राम प्रधान व प्रशासन पर भेदभाव करने के गम्भीर आरोप लगाए हैं और प्रदेश के मुख्यमंत्री से गांव में जलभराव की समस्या से मुक्ति दिलाने की गुहार लगाई है।

मोरना विकास खण्ड के गांव शुक्रतारी के मजरे बहुपुरा में अनेक मार्गो पर भारी जलभराव की स्थिति बनी हुई है। जलभराव के कारण जहां भारी दुर्गन्ध फैली हुई है। वहीं संक्रामक बीमारियां भी फैल रही हैं। स्कूल जाने वाले बच्चे गंदे पानी से होकर गुजर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार पिछले आठ वर्षो से वह जलभराव की समस्या से त्रस्त हैं। जलभराव की समस्या को ग्राम



प्रधान, ग्राम सचिव व बीडीओ व जिलाधिकारी को अवगत कराया जा चुका है किन्तु कोई स्थाई समाधान आज तक नहीं हो सका है। गांव के अनेकों बुजुर्ग व महिलाएं पानी में गिरकर घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जलभराव के कारण गांव में रिश्तेदार भी आने बंद हो गये हैं तथा कई बार गंदे पानी से निकलकर सांप उनके घरों में घुस जाते हैं। प्रशासन इस ओर कोई सुध नहीं ले रहा है। ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से समस्या के समाधान की गुहार लगाई है। प्रदर्शन करनेवालों में सुशान्त, संदीप, अनिल, विदेश, राजकुमार, सीमा, नितिन, टीना, कार्तिक, सविता, सुनीता, सुशील, राजेश, किशन, राकेश, आकाश, रतनपाल, हरपाल, सचिन, अंकुश, रामअवतार, हरिप्रकाश, नोनू, बबलू, नरेश, अवनीश, अभिषेक आदि रहे।

## किराया लेने पर प्राइवेट बस के परिचालक को पीटा

**भोपा।** भोपा-बेलड़ा मार्ग पर परिचालक द्वारा किराया लेने पर दो युवकों द्वारा परिचालक के साथ मारपीट की गयी पीड़ित ने थाने पर जाकर कार्रवाई की मांग पुलिस से की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलड़ा निवासी इददू ने बताया की वह प्राइवेट बस संख्या यू पी 12 ए टी 6366 पर परिचालक है।मंगलवार की दोपहर बस मुज़फ्फरनगर से सीकरी के लिए चली थी।जब वह गंग नहर पटरी पर पहुंची और दो युवकों से किराना देने को कहा तो उन्होंने किराया देने से इंकार किया और गाली गलौज पर मारपीट की। मारपीट मे इददू घायल हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर इकठा हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की।पीड़ित ने दो युवकों को नामज़द करते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया।

# परीक्षा देने जा रहे छात्रों पर नकाबपोश ने किया हमला

- तिस्सा निवासी साकिब परीक्षा देने जा रहा था किशनपुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** बसेड़ा इंटरकॉलिज मे परीक्षा देने जा रहे छात्रों का बाईक सवारो ने पीछा करते हुए पुलिस चौकी के निकट घात लगाकर हमला कर दिया। छात्रों के द्वारा शोर मचाने पर आये राहगीरो ने छात्रों की जान बचाई। परिजनों ने छात्रों की जान को खतरा जताते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पुलिस से की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव तिस्सा निवासी इरशाद ने बताया कि उसका पुत्र साकिब मदरसा इस्लामिया अरबिया बेहरुल उलूम इन्टर कॉलिज किशनपुर मे कक्षा 10 का छात्र है।जो बसेडा स्थित जनता जनार्दन इन्टर कॉलिज मे परीक्षा दे रहा है।

मंगलवार की सुबह साकिब अपने साथी अरमान के साथ बाइक द्वारा परीक्षा देने जा रहे थे। जब वह भोपा के निकट युसूफपूर पेट्रोल पंप के पास पहुचे तो पीछे से लाल रंग की बाइक पर दो नकाबपोश युवकों ने साकिब व अरमान का पीछा किया ओर बसेड़ा मार्ग पर सीकरी चौकी के पास घात लगाकर धारदार हथियार से हमला कर साकिब को घायल कर दिया शोर सुनकर पीछे आ रहे राहगीरो को देखकर हमलावर मोके से फरार हो गये साकिब की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घटना की जानकारी की। छात्र के पिता की तहरीर पर सीकरी चौकी प्रभारी इतरत अली ने सी सी टी वी कैमरो की मदद से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# बस को रोक कर बारातियों के साथ मारपीट से हड़कंप

**मोरना।** बारात की बस को रोक कर ट्रैक्टर सवार व्यक्तियो ने बारातियों के साथ मारपीट की गयी जिसमें तीन व्यक्ति घायल हो गये सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया और आरोपियों के ट्रैक्टर को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है

भोपा थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर माजरा से सोमवार की सुबह एक युवक की बारात मेरठ क्षेत्र के सकोती टांडा गई थी जहां टनढेडा गांव के रिश्तेदार भी बारात मे शामिल थे बारातियो में किसी बात को लेकर आपस मे कहासुनी हो गई थी देर शाम जब बारात वापस जब गांव लौट रही थी जैसे ही बारात की बस ककरौली थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा चौराहे पर पहुंची आरोप है की टनढेडा के व्यक्तियों ने खुन्नस निकालते हुए बस के सामने ट्रैक्टर खड़ा कर बस में बैठे बारातियो के साथ मारपीट कर दी मारपीट होने से बस में चीख पुकार मच गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने मारपीट में घायल रोहित व अनुज एक अन्य व्यक्तियों को उपचार के लिए भेज ट्रैक्टर को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## 3 महिलाओं समेत 11 पर रिपोर्ट

**बुढ़ाना।** स्थानीय विद्युत विभाग के एक्सईएन अजीत सिंह यादव ने एक भेंट मे बताया कि मंगलवार के दिन विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया है।

जिसमें विद्युत विभाग की टीम द्वारा उन सभी बकाएदारों के विद्युत कनेक्शन काटे जा रहे हैं जो बार बार चेतावनी देने के बाद भी अपने विद्युत बिलों को बिल्कुल भी जमा नहीं कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार के दिन विद्युत विभाग की टीम को बुढाना कस्बे के मंदवाडा रोड पर स्थित वीर एनक्लेव में रहने वाले वेदपाल राठी, विजय कुमार, महिला उर्मिला पांडे, राजबीरी देवी, विरेंद्र कुमार, गांव सफीपुर पटी निवासी शाहिदा बेगम, बुढ़ाना कस्बे के मोहल्ला पीर शाह विलायत निवासी विहान अहमद और नाजिम अहमद, बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला लुहसाना रोड निवासी इस्लाम अहमद तथा चंधेडी रोड निवासीगण सत्तार अहमद और आस मोहम्मद बिजली चोरी करते हुए पाए गए। सभी ग्रामीणों के घ्खिलाफ अवर अभियंता मनोज कुमार ने बिजली चोरी में मुकदमा पंजीकत करवाया है। इस अभियान से अन्य विद्युत चोरों में हड़कंप मच गया ओर वे दूर से ही विद्युत टीम को अपनी और आता हुआ देखकर अपने केबिल उतारते हुए दिखे। जेई के अनुसार र्डी अभियान जारी रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### रहमत पब्लिक स्कूल में दी विदाई पार्टी




**मुजफ्फरनगर।** रहमत पब्लिक स्कूल बिलासपुर में कक्षा 8 के विद्यार्थियों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया! मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य डॉ इमरान अंसारी, स्कूल के चेयरमैन डॉ कामिल सांडा, प्रधान पति आसिफ चौधरी व अन्य लोग मौजूद रहे! स्कूल के मुख्य अध्यापक श्री संदीप गर्ग ने अपने भाषण से विदा होते बच्चों का उत्साहवर्धन किया! स्कूल की उप प्रधानाचार्या व कक्षा 8 की अध्यापिका सना मैम ने कार्यक्रम का संचालन किया! कार्यक्रम में समस्त स्टाफ ने सहयोग किया! कार्यक्रम स्कूल के चेयरमैन डॉ कामिल सांडा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

# पूर्व मंत्री योगराज ने किया दंगल का शुभारंभ

**बुढ़ाना।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता चौधरी योगराज सिंह ने आज सोमवार के दिन बुढाना ब्लाक क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर रायसिंह में स्थित एक भव्य मैदान में विशाल दंगल का शुभारंभ अपने कर कमलों द्वारा सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में फीता काटकर किया। इस दौरान नामचीन पहलवानों ने अखाड़े में उतरकर अपने दम खम दिखाए। उपस्थित ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों की थाप पर पहलवानों की कुश्ती का भरपूर आनंद लिया।

# जिला पंचायत अध्यक्ष व मन्त्री ने की सीएम से भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल ने कौशल विकास मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल के साथ लखनऊ में प्रदेश के मुख्य मंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ से विधान सभा के कक्ष में भेंट कर जनपद के विकास हेतू कई कार्यो का मांग पत्र मुख्यमंत्री को प्रस्तुत किया है।

प्रमुख मांगो में श्रावण मास में आयोजित होने वाले हिंदू आस्था के प्रतीक प्रसिद्ध कांवड़ मेले एवं शुकतीर्थ में आयोजित होने वाले कार्तिक स्नान मेले को राजकीय मेला घोषित करने , शुकतीर्थ में कार्तिक स्नान मेले हेतू जमीन उपलब्ध कराने,पानीपत खटीमा मार्ग को विकसित करते हुए बिहारगढ़ में गंगा पर पुल बनाकर रावली जनपद बिजनौर से जोड़ने , शुकतीर्थ में गंगा के पुल का



निर्माण करने और गंगा एक्सप्रेस वे को शुकतीर्थ से जोड़ने , जैसे महत्वपूर्ण कार्यो को कराने का अनुरोध किया गया । माननीय मुख्य मंत्री ने सभी मांगों पर गंभीरता से कार्य करने का बिवास दिलाया है । इससे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष डा निर्वाल ने प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से भेंट कर ग्राम मुझेड़ा तथा रहकड़ा में रजवाहे की पटरी को पक्की कराने तथा ग्राम महमूदपुर माजरा के सामने गंग नहर पर लोहे के क्रॉसिंग पुल का निर्माण कराने का मंत्री से आग्रह किया ।इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष रूपेंद्र सैनी,जिला उपाध्यक्ष संजय गर्ग, पूर्व जिला उपाध्यक्ष देशबंधु तोमर भी मौजूद रहे।

# थाने पहुंची भाकियू अराजनैतिक की फूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** भाकियू अराजनैतिक के कुछ पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं में एक दूसरे पर आरोप प्रतिरोप लगाने का सिलसिला जारी है। आपसी फूट अब थाने तक पहुंच गयी है। मंगलवार को दो पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के अंकित जावला निवासी नन्हेड़ा ने मंगलवार की सुबह भोकरहेड़ी निवासी कुछ युवकों के विरुद्ध थाने पर प्रार्थना पत्र देकर सम्मान को ठेस पहूँचाने की बात कही थी। शाम को भोकरहेड़ी के राहुल कुमार, अनिकेत, सुमित, मुकुल, अंकित, अक्षय, अनुज आदि सहित एक दर्जन से भी अधिक युवक थाने पहुंचे, जिन्होने भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ता होने की बात कहते हुए अंकित जावला पर आरोप लगाते हुए थाने पर प्रदर्शन किया।

साथ ही उसके विरुद्ध थाने पर प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस का कहना है कि दोनों ओर से प्रार्थना पत्र मिला है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**समन वास्ते करार वाद, उमर तनकी तलब**
**(आदेश 5 कायदा 1 व 5)**
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) महोदय मुजफ्फरनगर**

मूल वाद सं0-733 सन् 2024
सुशील कुमार पुत्र स्व0 सोहनवीर निवासी - ग्राम बिटावदा, परगना व तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर हाल पता- म0नं0- ए-138, गली नं0-3, ए-ब्लॉक, रामा गार्डन करावलनगर, उत्तर -पूर्वी 110054 .......**वादी**

**बनाम**

1. सुरेन्द्र पुत्र वेदप्रकाश 2. प्रवीण पुत्र स्व0 सोहनवीर सिंह, समस्त निवासीगण- ग्राम बिटावदा, परगना व तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर। .....**विपक्षीगण**

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त वाद पत्र वादी ने माननीय न्यायालय में आपके विरूद्व योजित किया है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 10/03/2025 दिन के 10:00 बजे असालतन व मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई से वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुत्तालिका मुकदमा/वाद का जवाब दे सके या जिसके साथ और कोई शख्स हो, कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके, हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शहादत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाबदेही ही ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे। अगर बतारीख आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा/ वाद बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज दिनांक 01/03/2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत् न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

आज्ञा से
मुन्सरिम/रीडर
सिविल जज (सीनियर डिविजन)
मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)

# एसडी इंजीनियरिंग के 6 छात्रों का सॉफ्टवेयर कम्पनी में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस0 डी0 कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी के 06 छात्र अपना सॉफ्टवेयर्स में चयनित। आज के प्रतिस्पर्धी और बदलते हुए रोजगार बाजार में छात्रों को उनके शैक्षिक जीवन के दौरान व्यावसायिक अनुभव प्राप्त करना बेहद आवश्यक हो गया है। इस दिशा में एस0 डी0 कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखते हुए छात्र-छात्राओं के लिये कई कंपनियों के साथ मिलकर इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू किए हैं। विशाल कौशिक, फाउंडर-अपना सॉफ्टवेयर्स ने बताया कि कंपनी का उद्देश्य छात्रों को उनकी पढ़ाई के साथ-साथ प्रैक्टिकल अनुभव भी प्रदान करना है। अपना सॉफ्टवेयर्स कंपनी ने कॉलेज में इंटर्नशिप कार्यक्रम की शुरुआत की है, जिससे छात्रों को न केवल तकनीकी ज्ञान मिलेगा, बल्कि उन्हें वास्तविक उद्योग वातावरण का अनुभव भी प्राप्त होगा। यह इंटर्नशिप छात्रों को एक प्रैक्टिकल अनुभव प्रदान करती है, जिससे वे अपनी पाठ्क्रम की शिक्षा को वास्तविक दुनिया में लागू करने का अवसर पाते हैं। छात्र-छात्राओं के तकनीकी कौशल में वृद्धि के साथ-साथ वे सॉफ्टवेयर उद्योग की नवीनतम तकनीकों के साथ काम करके अपने कौशल को निखार सकते हैं। यह कंपनी उन्हें सॉफ्टवेयर विकास, वेब डिजाइन, डेटा एनालिटिक्स, और अन्य तकनीकी क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान करेगी। इंटर्नशिप के दौरान, छात्र उद्योग विशेषज्ञों और पेशेवरों के संपर्क में आते हैं, जिससे वे भविष्य में करियर के अवसरों के लिए मजबूत नेटवर्क बना सकते हैं। इंटर्नशिप




के माध्यम से छात्रों को यह समझने का अवसर मिलता है कि वे किस क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। डा0 सिद्धार्थ शर्मा, निदेशक ने इस अवसर पर कहा कि अपना सॉफ्टवेयर कंपनी की यह इंटर्नशिप संस्थान के छात्रों के लिए एक शानदार अवसर है। इसके द्वारा उन्हें न केवल उद्योग के साथ संपर्क स्थापित करने का मौका मिला है, बल्कि उनके तकनीकी कौशल को भी बढावा मिला है। छात्रों को इस इंटर्नशिप के माध्यम से भविष्य में अच्छे करियर की दिशा में कदम बढ़ाने का मौका मिलेगा।

## सड़क हादसे में किसान मोबीन की मौत

**मंसूरपुर।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे में गांव नावला निवासी किसान मोबीन की मौत हो गई, जबकि उसका चाचा का लड़का निजामुद्दीन घायल हो गया। नावला निवासी मोबीन मंगलवार सुबह गन्ने की बुग्गी लेकर अपने चचेरे भाई निजामुद्दीन के साथ मंसूरपुर शुगर मिल में गन्ने डालने के लिए जा रहा था। जब वह भगत जी स्वीट्स के निकट पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने बुग्गी में टक्कर मार दी। हादसे में मोबीन की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई निजामुद्दीन घायल हो गया। जिसे मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

# एसडीएम ने बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण किया



**खतौली।** शासन के निर्देशानुसार जनपद में संचालित बोर्ड परिक्षा को सकुशल एवं नकल विहीन सम्पन्न कराने के ख्रष्टिगत मंगलवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के दिशा निर्देशन मे उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी द्वारा सम्बन्धित केन्द्र व्यवस्थापक को साथ लेकर के. के. जैन इण्टर कॉलेज खतौली में संचालित बोर्ड परिक्षा का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र पर बने कन्ट्रॉल रूम का निरीक्षण कर वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरो कि व्यवस्था को चेक किया गया, साथ ही समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित करते हुए विभिन्न कक्षो का स्थलीय निरीक्षण कर कक्ष निरीक्षक को भी आवश्यक दिशो निर्देश दिये गये। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी द्वारा परीक्षा केंद्र से संबंधित समस्त स्टाफ को परीक्षा को सकुशल व नकल विहीन संपन्न कराने के दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर सैक्टर मजिस्टेट व पुलिस बल उपस्थित रहा।

# प्रशिक्षुओं ने 24 बच्चों का किया निपुण आंकलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** शासनादेश अनुसार मंगलवार के दिन खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर बुढाना में स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षु अंकित सहरावत तथा चीनू द्वारा निपुण आंकलन किया गया। जिसमें कक्षा एक और कक्षा दो के 24 बच्चों का आंकलन किया गया। 24 बच्चों में से 23 बच्चे निपुण हो गए यानी 96 प्रतिशत बच्चे निपुण हो गए जबकि विद्यालय के 80 प्रतिशत से अधिक बच्चे निपुण होने पर विद्यालय निपुण माना जाता है। इसलिए कंपोजिट स्कूल डूंगर निपुण विद्यालय श्रेणी में आ गया है। स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि प्रशिक्षुओं द्वारा बेसिक स्कूलों में निपुण आंकलन का मकसद बच्चों की मूलभूत शिक्षण पठन और गणितीय कौशल का आंकलन करना



होता है। इससे यह पता चलता है कि बच्चे अपने कक्षा के स्तर के मुताबिक कितना सीखे हैं। इस आकलन के आधार पर कमजोर बच्चों को विशेष शिक्षण सहायता दी जाती है। निपुण आंकलन के जरिए बच्चों के सीखने समझने के स्तर में सुधार होता है। इससे यह भी पता चल जाता है कि बच्चों को किस विषय में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

# महाराज की समाधि स्थल का हुआ जीर्णोद्धार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आज मंगलवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव रायपुर अटेरना में स्थित श्री प्यारे लाल जी महाराज पुत्र श्री लाल जी महाराज की समाधि स्थल का जीर्णोद्धार सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में हर्षोउल्लास के साथ किया गया।

इसके पश्चात गांव में आगामी सात मार्च को महायज्ञ का आयोजन कराये जाने की घोषणा की गयी। जिसमें समस्त धर्म प्रेमियों और क्षेत्रवासियों को आमंत्रित किया गया। जिसका आयोजन पंडित जोगेंद्र शास्त्री, महंत बाबा विष्णु, प्रधान तेजपाल सिंह, भूतपूर्व प्रधान संदीप कुमार, भूतपूर्व प्रधान हंसराज सिंह, भूतपूर्व प्रधान मुकेश कुमार, भूतपूर्व प्रधान सुशील कुमार, सुभाष नेताजी, रमेश कुमार, बलिंदर सिंह, प्रमोद कुमार, राजेंद्र कुमार, मोहन कुमार, राज कुमार, भूषण कुमार, राम



अवतार सिंह, विनय कुमार, लक्ष्मीकांत सिंह, राकेश शर्मा, नाथीराम सिंह, कृष्ण कुमार अशोक कुमार सहित समस्त ग्रामवासियों द्वारा कराया जा रहा है। यहां पर आज के जीर्णो)ार आयोजन में सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम के आयोजक पंडित जोगिंदर शास्त्री ने बताया कि समाधि स्थल की साफ सफाई पूरी तरीके से करा दी गयी है और दीवारों पर पेंट कराकर समाधी स्थल का शुद्धीकरण कर दिया गया है। रोजाना यहां पर अभी भी सैंकड़ों श्रदालु समाधि की साज सज्जा देखने के लिए आ रहे हैं।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पशु चिकित्सालय के कर्मचारी की हत्या में शामिल तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना कांधला पुलिस द्वारा ग्राम गढ़ीश्याम के जंगल के रास्ते में हुई युवक की हत्या में वांछित 3 हत्याभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल अवैध हथियार, कारतूस व मोटर साईकिल बरामद किए हैं।

2.3.2025 को पशु अस्पताल ग्राम गंगेरु में कार्यरत देवराज पुत्र स्व. कर्म सिंह निवासी ग्राम गढ़ीश्याम थाना कांधला जनपद शामली अपने गांव से ग्राम गंगेरु अपने आवास पर जा रहा था ग्राम गढ़ीश्याम के रास्ते पर 3 मोटर साईकिल सवार अभियुक्तगण द्वारा देवराज को गोली मार दी गई थी। घायल देवराज उपरोक्त को वास्ते उपचार सीएचसी कांधला भर्ती कराया गया, जहां पर दौराने उपचार देवराज की मृत्यु हो गई थी। उच्चाधिकारीगण, स्थानीय पुलिस व फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र करते हुए, मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया था। घटना के सम्बन्ध में मृतक की पत्नी सोनिया की तहरीर के आधार थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना कांधला को घटना का शीघ्र अनावरण कर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया।





4.3.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आद. ेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/हत्या में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी से सम्बन्धित अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कांधला पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम गढ़ीश्याम के जंगल के रास्ते में हुई युवक की हत्या में वांछित 3 हत्याभियुक्तों को जिडाना रजवाहा पटरी ईट भट्टे के पास गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिनके कब्जे से आलाकत्ल 2 तमंचे 315 बोर 4 जिन्दा व 2 खोखा कारत. ूस 315 बोर व एक मोटर साईकिल एचएफ डीलक्स बरामद हुई है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त मंजीत उर्फ निप्पल पुत्र मैनपाल निवासी ग्राम गढीश्याम थाना कांधला जनपद शामली के पिता मैनपाल पुत्र अतर सिंह सीआरपीएफ में अनुसूचित जाति के कागजात लगाकर भर्ती हुए थे जबकि वास्तविक जाति गुर्जर है। इस बात की जानकारी मृतक देवराज को हो गई थी। देवराज ने मंजीत उर्फ निप्पल के पिता मैनपाल की शिकायत सीआरपीएफ के अधिकारीयों से कर दी थी जिसके सम्बन्ध में जांच प्रचलित है तथा मंजीत उर्फ निप्पल के पिता मैनपाल की नौकरी जाने व फंड के रूपये व पेंशन मिलने की सम्भावना भी नही है। मंजीत उर्फ निप्पल व उसके परिवार वालो ने देवराज की काफी खुशामद की किन्तु देवराज मानने को तैयार नहीं था। इसी बात को लेकर मंजीत उर्फ निप्पल पुत्र मैनपाल व उसके दोस्त मंजीत उर्फ सुमित पुत्र नेत्रपाल व अंकित पुत्र कालूराम निवासीगण ग्राम गढीश्याम थाना कांधला जनपद शामली ने देव. राज की हत्या करने की योजना बनाकर, योजनाबद्ध तरीके से दिनांक 2.3.2025 को ग्राम गढीश्याम से ग्राम गंगेरू जाते समय गढीश्याम के जंगल में शाम 7 बजे गोली मारकर हत्या कर दी थी। अभियुक्त मनजीत उर्फ निप्पल पुत्र मैनपाल निवासी ग्राम गढ़ीश्याम थाना कांधला जनपद शामली, मनजीत पुत्र नेत्रपाल निवासी ग्राम गढ़ीश्याम थाना कांधला जनपद शामली, अंकित पुत्र कालूराम निवासी ग्राम गढीश्याम थाना कांधला जनपद शामली हैं। इन पर अन्य मामले भी दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार थाना कांधला जनपद शामली, सुभाष सिंह थाना कांधला जनपद शामली, विक्रम सिंह थाना कांधला जनपद शामली, पुष्पेन्द्र कुमार थाना कांधला जनपद शामली, रविन्द्र कुमार थाना कांधला जनपद शामली, अरविन्द कुमार थाना कांधला जनपद शामली, विपिन कुमार थाना कांधला जनपद शामली, प्रवेन्द्र कुमार थाना कांधला जनपद शामली, पुष्पेन्द्र कुमार थाना कांधला जनपद शामली, सूर्यप्रताप सिंह थाना कांधला जनपद शामली रहे।

# एक दिवसीय शिविर में दी विभिन्न जानकारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के आरके पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम एवं द्वितीय इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के लिए मुंडेटकलां गांव को चयनित किया गया। जहां स्वयंसेवकों ने समाजहित में गति. विधियों का संचालन किया।

मंगलवार को शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डा। सत्एंद्र पाल एवं कार्यक्रम अधिकारी डा। रोहित राणा एवं डा. सुनील कुमार श्रोती के कर-कमलों द्वारा किया गया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गाया। प्राचार्य डा। सत्एंद्र पाल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि



शिविर में शामिल छात्र। छाया शाह टाइम्स

राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज सेवा और राष्ट्रनिर्माण के प्रति प्रेरित करती है।

उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों का मुख्य कर्तव्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि शिविर के दौरान जो भी कार्य सौंपा जाए, उसे पूरी निष्ठा और लगन से करें।

कहा कि इस प्रकार के शिविर से स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व का विकास होता है और वे एक बेहतर नागरिक एवं समाजसेवी के रूप में उभरते हैं। इसके बाद गांव मुंडेट कलां में जल संरक्षण एवं जल जागरूकता तथा पोलिथींन हटाओ को लेकर एक रैली निकाली। इस रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने गांववासियों को जल संरक्षण के महत्व एवं पोलिथींन से होने वाली हानियों के बारे में जानकारी दी।

## मिशन शक्ति फेज 5 का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव मुंडेट कला स्थित भारती पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति फेस 5 एवं आने वाली 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अंतर्गत मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समा. जसेविका वीना अग्रवाल, वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी गजाला त्यागी, स्कूल प्रबंधक हरेंद्र द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंतर्गत गांव की 15 महिलाओं पिंकी, अरुणा, कोमल, लीलावती, श्वेता, प्रियंका आदि को शॉल एवं पुष्प देकर सम्मानित किया गया। इसी श्रृंखला में उत्कृष्ट ट्रस्ट कार्य करने वाले कुछ बच्चों को भी मोमेंटो देखकर सम्मानित किया गया। प्रभारी गजाला त्यागी द्वारा महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। बताया कि महिला अगर परेशान है ,तो वह भी बेझिझक टोल फी नंबर 181 पर कॉल कर सकती हैं। आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी और परिवार के लोगों की काउंसलिंग करवाई जाएगी। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



## एक नजर

### दो वाहन चोर गिरफ्तार, बाइक बरामद

**शामली।** गुलबहार पुत्र जलालूदी निवासी मौहल्ला पंसारियान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली की मोटर साईकिल अज्ञात चोर द्वारा देव हास्पिटल के पास से चोरी कर ली गई थी। घटना के सम्बन्ध में थाना आदर्श मण्डी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में थाना आदर्श मण्डी पुलिस द्वारा 2 वाहन चोरो को चोरी की गई मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्श मण्डी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त कुलदीप पुत्र मुकेश निवासी मौहल्ला हाफिज दोस्त थाना थानाभवन जनपद शामली, अमित पुत्र राज. कुमार निवासी मौहल्ला हाफिज दोस्त थाना थानाभवन जनपद शामली हैं।

### परीक्षा देने आए छात्र की बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** परीक्षा देने आए दसवीं के छात्र की स्कूल के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। छात्र ने बताया कि वह बाइक को अपने जानकर से पेपर देने के लिया मांग कर लाया था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मंगलवार को दसवीं का छात्र कारण दीप पुत्र रामकिरण गांव खेड़ी करमू अपनी बाइक द्वारा विज्ञान का पेपर देने के लिए कस्बे के जय सीताराम किसान इंटर कॉलेज में आया था। छात्र बाइक को कॉलेज के बाहर ही खड़ी कर पेपर देने के लिए अंदर चला गया। पेपर समाप्त होने के बाद जब वह अपने घर लौट के लिए आया तो वहां पर बाइक नहीं मिली। बाइक चोरी की सूचना कॉलेज प्रशासन को दी गई, जिस पर प्रधानाचार्य रन सिंह ने कॉलेज में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे मगर बाइक कमरे की निगरानी से अलग खड़ी थी, जिसे चोर आसानी से चुरा ले गया। बाइक चोरी की सूचना पुलिस को दी गई।

### न्यारा पेट्रोल कंपनी ने चौपाल लगाकर मनाया नेशनल सेफ्टी डे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** मेरठ करनाल हाईवे गांव सिंगारा स्थित एक पेट्रोल पंप पर न्यारा पेट्रोल कंपनी के अधिकारियों ने चौपाल लगाकर मनाया नेशनल सेफ्टी डे मंगलवार को मेरठ करनाल हाईवे गांव सिंगारा स्थित एक पेट्रोल पंप पर न्यारा कंपनी के अधिकारियों ने चौपाल लगाकर नेशनल सेफ्टी डे मनाने के साथ ग्राहकों को ट्रांसपोर्ट कार्ड वितरित कर ग्राहकों को कार्ड के लाभ बताए। चौपाल में पहुंचे अहमदगढ़ चौकी प्रभारी जितेंद्र त्यागी ने आए सभी लोगों से कहा कि चार पहिया वाहन में सेफ्टी बेल्ट तथा दुपहिया वाहन पर हेलमेट अति आवश्यक लगाना चाहिए। इस मौके पर कंपनी के हेड संजय लोपरा, राजीव चौधरी, प्रदीप चौधरी, मालिक वीरेन्द्र सरोहा, रफा प्रधान, इनाम चौधरी सहित ट्रक ड्राइवर आदि मौजूद रहे।

# वाहन ने श्रमिक को कुचला, मौत, परिजनों ने लगाया जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देर रात्रि मजदूरी कर अपने घर लौट रहे एक श्रमिक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। श्रमिक की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस की मदद से घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी दशा गंभीर होने के चलते मेरठ रेफर कर दिया गया, लेकिन श्रमिक की उपचार के दौरान मौत हो गई। गुस्साऐं परिजनों ने मुजफ्फरनगर हाईवे पर श्रमिक का शव रखकर जाम लगा दिया और आरोपी की गिरफ्तारी तथा आर्थिक सहायता की मांग की।

सोमवार देर रात्रि थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव समसपुर निवासी 45 वर्षीय गजे सिंह पुत्र लक्की सिंह कस्बा बनत में मजदूरी कर साईकल से सवार होकर अपने घर जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह कस्बा बनत स्थित मुजफ्फरनगर हाईवे पुल पर पहुंचा तो इसी दौरान अज्ञात वाहन ने साईकल



शामली। जाम लगाते मृतक के परिजन। छाया शाह टाइम्स

में टक्कर मारते हुए श्रमिक गजे सिंह को कुचल दिया।

श्रमिक की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस की मदद से उसको निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी दशा गंभीर होने के कारण उसको मेरठ के लिए रेफर कर दिया। बताया जाता है कि देर रात उपचार के दौरान श्रमिक की मौत हो गई। श्रमिक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया और उन्होने शव को मुजफ्फरनगर हाईवे पर रखकर जाम लगा दिया। परिजनों द्वारा जाम लगाने की सूचना पाकर थाना आदर्शमंडी पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा बुझाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन आरोपी



शामली। वाहन चालकों से अभद्रता करते परिजन।

चालक की गिरफ्तारी और पीडित को आर्थिक सहायता प्रदान कराने की मांग अडे रहे।

उन्होने हाईवे पर लाईटों की व्यावस्था और पुलिस डयूटी की भी मांग की। बाद में नायाब तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे और पीडितों को श्रमिक बीमा और आर्थिक सहायता प्रदान कराए जाने का आश्वासन दिया। साथ ही हाईवे पर लाईटे लगवाए जाने का भी भरोसा दिलाया गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया। करीब दो घंटे हाईवे जाम रहने से वाहनों की लंबी लंबी लाईने लगी रही और भारी परेशानियों का सामना करना पडा। वही पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही पुलिस ने आरोपी वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।



मृतक का फाइल फोटो

### वाहन चालकों से की गई बदसलूकी

**शामली।** क्षेत्र के गांव समसपुर निवासी श्रमिक की सडक हादसे में मौत से गुस्साऐं परिजनों ने जाम लगाने के दौरान कई वाहन चालकों से बदसलूकी भी की। ग्रामीणों द्वारा जाम लगने के लिए वाहन चालकों को रोका और कई वाहनों में डंडे मारते हुए वाहनों को डेमिज भी कर दिया। इस दौरान मौके पर पहुंची थाना आदर्शमंडी पुलिस ने हंगामा कर रहे ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत किया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत में कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव खेडीकरमू निवासी परिजनों ने कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक पर अपने भाई की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में कार्यवाही न किए जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस का कहना है कि मौत की सत्यता जानने के लिए लिया गया बिसरा जांच के लिए भेज दिया गया।

मंगलवार को खेडीकरमू निवासी भारती पुत्री जयपाल ने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचकर आरोप लगाया कि गत 29 जनवरी को भाई चंद्रपाल की मौत हो गई थी। आरोप है कि भाई की हत्या उसकी पत्नी ने अन्य के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। जिसकी शिकायत उच्चाधिकारियों को करने के बावजूद



शामली। पुलिस से कार्रवाई की मांग करते परिजन।

आज तक कोई मुकदमा दर्ज नही किया गया और न ही कोई कार्यवाही हुई है।

पीडितों ने मामले मे जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। वही दूसरी ओर मृतक की पत्नी ने भी परिजनों पर घर में न घुसने देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारण स्पष्ट नही हो पाया है। जिस कारण बिसरा परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने पर कार्यवाही की जाएगी।

## सड़कों पर जलभराव की समस्या से परेशान लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांधला क्षेत्र के गांव गढी दौलत निवासी ग्रामीणों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर सडकों पर हो रहे जलभराव की समस्या का समाधान कराने की मांग की। मंगलवार को डीएम अरविन्द कुमार चौहान को दिए गए शिकायती पत्र में कहा कि मौहल्ला नटो वाली गली में लगभग 300 मीटर तक गंदा पानी भरा हुआ है। जिस कारण ग्रामीण उक्त गंदे पानी से होकर जाने को मजबूर है। जिससे बच्चों, महिलाओं में बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। सवेरे बच्चों को स्कूल जाते समय गंदे पानी से होकर गुजरना पडता है। गंदे पानी के कारण कई बच्चे स्कूल जाने से भी कतरा रहे है। कहा कि गांव की आबादी 90 प्रतिशत मुस्लिम है। ग्राम प्रधान भी समस्या नही सुनता है। उन्होने समस्या को गंभीरत से लेते हुए समस्या का समाधान कराने की मांग की है। इस अवसर पर सोनू, सोमबीर, मोनू आदि मौजूद रहे।

## कर जमा कराकर अर्थ दंड व ब्याज से मुक्ति का लाभ उठाने का आह्वान

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने प्रदेश के व्यापारियों से आह्वान करते हुए कहा कि व्यापार मंडल के प्रयास से प्रदेश के जीएसटी विभाग ने प्रदेश के व्यापारियों को वर्ष 2017-18,, 18-19 व 20-21 में निर्धारित कर को 31 मार्च 2025 तक जमा करने की स्थिति में निर्धारित कर पर लगाया गया अर्थ दंड व ब्याज पूर्ण रूप से माफ करने की घोषणा की है। इसलिाए उन्होंने प्रदेश के व्यापारियों को अपने वर्ष 17-18, 18-19 व 19- 20 में किसी भी वर्ष पर निर्धारित कर यदि बकाया है तो उसे व्यापारी 31 मार्च 2025 तक जमा कर देंगे तो व्यापारी को उस पर लगा अर्थ दंड व ब्याज से पूरी मुक्ति मिलेगी।

## गन्ना भुगतान को लेकर 7 मार्च को होगा धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बजाज शुगर मिल पर बकाया गन्ना भुगतान को लेकर 7 मार्च को मिल गेट पर प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए किसान संघर्ष समिति ने व्यापक स्तर पर जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। समिति के पदाधिकारी विभिन्न गांवों का दौरा कर किसानों से मुलाकात कर रहे हैं और आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आ]वान कर रहे हैं।समिति के धीरज राणा, प्रेम सिंह राणा, लाल्ला ठाकुर, हरेंद्र सिंह आदि ने कुतुबगढ़, पवारखेड़ा, तितारसी, रायपुर, मोरमा. जरा सहित कई गांवों में बैठकें कर किसानों को आंदोलन की रूपरेखा बताई। उन्होंने कहा कि बीते एक माह में मिल प्रबंधन, जिला गन्ना अधिकारी और जिलाधिकारी से कई बार वार्ता हुई, लेकिन अब तक केवल आश्वा. सन ही मिले हैं।किसान नेताओं ने बताया कि बजाज शुगर मिल द्वारा बीते चार महीनों के गन्ना भुगतान में से मात्र 17 दिन का ही भुगतान किया गया है। इस देरी से किसान आर्थिक रूप से परेशान हैं और विवश होकर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर हो गए हैं। गांव-गांव हुई बैठकों में किसानों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। इस दौरान मेनपाल सिंह, बबलू शर्मा, धर्मेंद्र प्रधान सहित कई पंचायत प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। किसान संघर्ष समिति ने साफ कहा कि जब तक बकाया भुगतान नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की जागरूकता रैली को जिला जज ने दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार वाहनों व जागरूकता रैली को जनपद न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रैली पूरे जनपद में जाकर लोगों को लोक अदालत के आयोजन के प्रति जागरूक करेगी,जिससे ज्यादा से ज्यादा मामलों का निपटारा किया जा सके।

मंगलवार की प्रात: जनपद न्यायाधीश विकास कुमार ने न्यायालय परिसर से राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार- प्रसार हेतु तीन पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान समस्त न्यायिक अधिकारीगण व अधिवक्तागण उपस्थित रहे। बता दें



कि आगामी 8 मार्च को न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है,जिसके सफल आयोजन हेतु जागरूकता रैली निकाली गई है। जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत में सम्मलित होकर वादकारी ज्यादा से ज्यादा अपने-अपने मामलों का निपटारा करा सकें। जनपद न्यायाधीश विकास कुमार ने बताया कि आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदलत की तैयारियां जोर शोर से जारी हैं।आज जागरूकता के लिए वाहनों को भेजा गया है। इस दौरान लंबित वादों में लोगों को लाभ मिलेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में कोर्ट में लंबित सभी आपराधिक सुलहनीय वाद, बैंक ऋण वाद, चेक बाउंस वाद, क्लेम,माप तौल,बाल श्रम व परिवारिक वाद आदि मामलों में आपसी सुलह के आधार पर निपटारा कराया जाएगा।राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य लोगों को अनावश्यक धन व समय का बचाओ हुए परेशानी का हमेशा के लिए तत्काल मुक्ति दिलाना है।

# रमजान के तीसरे रोजे पर बाजारों में रही रौनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** रमजान के तीसरे रोजे पर बाजारों में जबरदस्त चहल-पहल देखने को मिली। इफ्तार की तैयारियों के लिए फलों और किराना दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी। रोजेदार खजूर, सेब, तरबूज, खरबूजा, अनार और केले की खरीदारी करते नजर आए।

दोपहर 3 बजे से ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगी। रमजान के दौरान फलों और ठंडे पेय पदार्थों की मांग बढ़ जाती है, जिससे दुकानदार भी पूरी तैयारी के साथ नजर आए। इस दौरान गर्मी का असर भी दिखा, लेकिन रोजेदारों का उत्साह कम नहीं हुआ। रोजेदारों ने सहरी का वक्त 5:26 बजे पूरा कर तीसरा रोजा रखा। दिनभर तेज धूप के बावजूद लोगों ने सब्र और तकवा के साथ इबादत की। शाम होते ही घरों और मस्जिदों में इफ्तार की तैयारियां शुरू हो गई।



6:24 बजे अजान के साथ रोजेदारों ने खजूर और पानी से रोजा अफ्तार किया और मगफिरत की दुआ मांगी।

**रमजान: इबादत, सब्र और रहमतों का महीना**

मुफ्ती आमिर कासमी ने रमजान की अहमियत बताते हुए कहा कि यह महीना इबादत, सब्र और रहमतों का है। रोजे केवल भूखे-प्यासे रहने के लिए नहीं, बल्कि तकवा और नेक अमल के लिए होते हैं। हदीस शरीफ में बताया गया है कि जो व्यक्ति अपने नौकर के बोझ को हल्का कर देगा, अल्लाह उसकी मगफिरत फरमाएंगे और उसे जहन्नम से निजात देंगे। उन्होंने कहा कि रमजान में हर नेकी का सवाब कई गुना बढ़ जाता है। इसलिए इस पाक महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करनी चाहिए और गरीबों व जरूरतमंदों की खुलकर मदद करनी चाहिए। रमजान की रौनक बाजारों में साफ झलक रही है। दुकानदारों के अनुसार, जैसे-जैसे रमजान आगे बढ़ेगा, बाजारों में और अधिक भीड़ बढ़ेगी। खासकर आखिरी अशरे में जब ईद-उल-फित्र की तैयारियां शुरू होंगी, तब बाजारों की रौनक चरम पर होगी।

# नगर आयुक्त ने टैक्स सम्बन्धी शिकायतों पर दिए जांच के आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने सर्किट हाउस रोड स्थित पंत एंक्लेव की टैक्स सम्बंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अपर नगरायुक्त को जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि टैक्स को लेकर शासन ने दरें निर्धारित की हैं उसी के हिसाब से भवनों पर टैक्स निर्धारण किया गया है। यदि कही टैक्स निर्धारण में त्रुटि हुई है तो उसे ठीक किया जायेगा।

वार्ड 4 के गुलशन गुंबर ने कॉलोनी में कर निर्धारण कराने तथा जिन भवनों पर टैक्स लगाया गया है उनमें भेदभाव का आरोप लगाया था। उसी के संदर्भ में नगरायुक्त ने यह निर्देश दिए। नगर निगम में आज आयी आठ शिकायतों में से सफाई सम्बंधी चार शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। बाकि शिकायतों के सम्बंध में नगरायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए।



वार्ड 33 द्वारिकापुरी निवासी अमित कुमार ने अपने घर के पास नाली की साफ सफाई कराने, वार्ड 25 आस्था पब्लिक स्कूल से सीमा शर्मा ने वेद विहार कॉलोनी में स्कूल के निकट नालियों की सफाई कराने, वार्ड 49 दीनानाथ बाजार निवासी विपिन जैन ने दीनानाथ बाजार से वैशाली जनरल स्टोर तक साफ सफाई कराने तथा वार्ड 6 वर्धमान कॉलोनी निवासी देशराज ने कॉलोनी की गली नंबर तीन में नालियों की सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। जिस पर नगरायुक्त ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षकों व कर्मचारियों को भेज कर उक्त स्थानों पर सफाई कार्य करा दिया। इसके अलावा वार्ड 21 राज विहार कॉलोनी निवासी महेन्द्र शर्मा ने कॉलोनी से आवारा कुत्तों को पकड़वाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर नगरायुक्त ने पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी को नियमानुसार कार्रवाई के आदेश दिए। वार्ड 34 इलाहीपुरा के इमरान ने इलाहीपुरा में नाली से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर स्थलीय निरीक्षण के लिए प्रर्वतन दल प्रभारी को निर्देश दिए गए। जबकि वार्ड 6 के सुऐब ने अहमद कॉलोनी में क्षतिग्रस्त पानी की पाइप लाइन को ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। नगरायुक्त ने इसके निस्तारण के लिए अवर अभियंता जल को निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अपर नगरायुक्त राजेश यादव व मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी शामिल रहे।

# मिलजुलकर मनाएं त्यौहार: युवराज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** आगामी होली एवं ईद उल फितर के त्यौहारों को लेकर मंगलवार को थाना प्रांगण में शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी समुदाय के लोगों से मिल जुलकर त्यौहार मनाने की अपील की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी युवराज सिंह ने कहा कि सभी क्षेत्रवासी त्योहारों को मिलजुल कर मनाए और एकता की मिसाल कायम करें। उन्होंने कहा कि जाति और धर्म से ऊपर उठकर अच्छे पड़ोसी होने का परिचय दे। सुख-दुख में हमेशा पड़ोस में रहने वाला व्यक्ति पहले काम आता है। धर्म गुरुओं को चाहिए कि वह एक दूसरे समुदाय की भावनाओं की कदर करते हुए दोनों समुदाय के बीच की दूरी को कम करके आपस में भाईचारा बनाने में अपनी भूमिका निभाए। सीओ देवबंद रविकांत पाराशर ने कहा कि यदि आपके प्यार के बीच कोई शरारती तत्व जहर घोलने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दे। ऐसे खुराफाती तत्वों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आप सभी की जिम्मेदारी बनती है कि यदि क्षेत्र में कोई संदिग्ध अथवा शरारती तत्व दिखाई देता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। बैठक में थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर बौद्ध सहित क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण से लड़कियां बनेंगी स्वावलम्बी: शाजिया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नगर में ऐम स्किल डेवलपमेंट सेंटर का शुभारंभ किया गया। सेंटर में ब्यूटी पॉर्लर, बुनाई, कढ़ाई, कुकिंग का प्रशिक्षण बालिकाओं को दिया जाएगा।

गणेश चौंक स्थित ऐम स्किल डेवलपमेंट सेंटर का शुभारंभ मुख्य अतिथि कांग्रेस नेत्री शाजिया मसूद व रूपा सैनी ने फीता काट कर किया। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण बालिकाओं के लिए स्वरोजगार की दिशा में बेहतर साबित होगा। बालिकाएं स्वाबलंबी बनेगी। आज बालिकाएं हर क्षेत्र में तरक्की कर रही है। सेंटर संचालिका रूपा सैनी ने बताया कि हमारा उद्देश्य कम शुल्क में बालिकाओं को प्रशिक्षित करने का है। जिससे वह अपना खुद का रोजगार स्थापित कर सकें। वूमेन काउंसिल ऑफ इंडिया के अंतगर्त चलने वाले सेंटर में ब्यूटी पॉर्लर, बुनाई, कढ़ाई, कुकिंग, योगा का प्रशिक्षण बालिकाओं को दिए जाएगा। इस अवसर पर हिना मलिक, बुशरा, महक, सितारा, टीना, रेणु, आशु, रश्मि नामदेव, ऋचा पांचाल, संजय पांचाल, निशांत, सुनील सैनी, संध्या सैनी, फौजी सैनी, दीपक सैनी आदि मौजूद रहे।

## सौंदर्यकरण की मांग

**गंगोह।** गंगोह विधानसभा क्षेत्र अर्न्तगत विधायक ग्रामीण धार्मिक पर्यटक को बढावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी श्रंखला में उन्होंने अब सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलकर ग्राम जेहरा स्थित प्राचीन शिव मंदिर का सौन्दर्यीकरण की मांग की।

विधायक किरत सिंह के अनुसार जिस पर मुख्यमंत्री पर्यटन विकास स्थल योजना के अंतर्गत प्राचीन पातेश्वर शिव मंदिर के पर्यटन विकास कार्य की न केवल प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। परियोजना के लिए 1 करोड़ 19 लाख रुपये स्वीकृत कर कार्य योजना के लिए प्रथम किश्त के रूप में 48 लाख रुपये शासन द्वारा आबंटित कर दिए गए हैं। शीघ्र ही मंदिर स्थल पर हॉल निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य शुरू होगा। विधायक ने सीएम और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह का आभार जताया।

# लोक अदालत के प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश तरूण सक्सेना के मार्गदर्शन में 5 से 7 मार्च तक पैटी ऑफेन्स की विशेष लोक अदालत एवं 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सहारनपुर एवं जनपद की समस्त तहसीलों में किया जा रहा है।

लोक अदालत की सफलता के लिए आज जनपद न्यायाधीश तरूण सक्सेना, प्रधान न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अम्बर रावत एंव बार एसोसियेशन के अध्यक्ष अभय सैनी व महासचिव अजय कौशिक ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया।



अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत शाश्वत पाण्डेय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/ अपर जिला जज प्रबोध कुमार वर्मा ने बताया कि यह प्रचार वैन सहारनपुर के सभी गांवों तहसीलों, पंचायतों एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में एवं विभिन्न कानूनों के बारे में जनता को जागरूक करेगी। इस जागरूकता व प्रचार प्रसार के कार्य में पीएलवी को नामित किया गया है। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश तरूण सक्सेना ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम के वाद, वैवाहिक वाद आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये जायेंगे। राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन का मकसद आपसी विवादों को सुलह-समझौते के आधार पर निपटाना है, जिसमें दोनों पक्षों की जीत होती है। निस्तारित वाद की कोई अपील नहीं होती तथा अदा की गयी कोर्ट फीस वापस हो जाती है। उन्होंने अधिवक्ताओं, वादकारियों एवं हितधारकों का आह्वान किया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में सहभागी बनें और अधिक से अधिक वाद निस्तारित करायें ताकि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारीगण, कोर्ट्स स्टाफ एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहें।

# सरकारी पुस्तकालय पर कब्जे का विधान परिषद में उठाया मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** खंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) में सरकारी पुस्तकालय भवन पर कथित रूप से उत्तर प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा कब्जा करने व वेतनभोगी ऋण निजी खाते में जमा करने के मुद्दे को विधान परिषद में प्रमुखता से उठाया गया।

बीआरसी प्रकरण को प्रमुखता से उठाते हुए फतेहपुर एमएलसी अविनाश सिंह चौहान ने विधान परिषद में मुद्दा उठाते हुए उक्त पुस्तकालय भवन पर जिलाध्यक्ष ने कब्जा किए जाने का मुद्दा उठाया। इतना ही नहीं पुस्तकालय भवन में कर्मचारी वेतन भोगी ऋण समिति कार्यालय स्थापित कर हर महीने तीन हजार रूपए किराया ब्लॉक मंत्री के खाते में जमा कराए जाने का मुद्दा भी सदन में उठाया है। इतना ही नहीं उन्होंने वर्ष 2007-2008 में उच्च प्राथमिक विद्यालय अंबेहटा पीर में मानक के विपरीत निर्माण कार्य कर शासकीय धन का भी गबन करने का मामला उठाया।

उन्होंने बताया कि पूर्व में मामलों की शिकायतें विभिन्न स्तरों पर की गई हैं। परन्तु अधिकारियों की उदासीनता के कारण कोई कार्यवाही नहीं हो सकी।

उन्होने अब इस विषय पर सदन में नियम 111 के तहत चर्चा हुई थी। लेकिन आदेशों की अवहेलना लगातार जारी है। जनता में बढ़ते आक्रोश के बीच अब उच्चस्तरीय जांच कराए जाने तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# नियमों को ताक पर रखकर काटी जा रहीं कॉलोनियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत आए दिन सुर्खियों बनी रहती है ऐसा ही एक मामला प्रकाश में है की नगर पंचायत क्षेत्र में आए दिन कॉलोनाइजरों द्वारा बिना अप्रूव्ड कराए नियमों को ताक पर रखकर कालोनियां काटी जा रही है कॉलोनाइजरों द्वारा बिना नक्शे निर्माण कार्य अधिकारीयों से साठ गांठ कर कार्यवाही के नाम पर नोटिस नोटिस का खेल खेला जा रहा हें, जबकि अवैध कालोनी निर्माण पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसमें राजस्व को भारी हानि पहुंच रही हैं।



आपको बता दें की जानकारी में आया है कि छुटमलपुर नगर पंचायत क्षेत्र मैं आए दिन कॉलोनाइजरों द्वारा नगर पंचायत से बिना अप्रूव्ड कराए कॉलोनिया को काटा जा रहा है जबकि बिना नक्शे के धरातल पर निर्माण कार्य भी धड़ल्ले से किया जा रहे हैं लेकिन नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी साथ गांठ के चलते पूरे मामले से अंजान बने हुए हैं जिस राजस्व को भारी हानि पहुंच रही है कलोनाईजर द्वारा कुछ कालोनियों को तो अपरूड करा लेते है, लेकिन अधिकतर कलोनिया नियमों मानकों की अनदेखी करते हुए काटी गयी है। जबकि नियम अनुसार कलोनी मे बिजली पानी पाईप लाईन नालियो चौडी सड़कें पार्क आदि की व्यवस्था होनी आवश्यक है जिसके बाद ही कालोनी अपरूड हो सकती है लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अधिकारियों द्वारा कॉलोनी से संबंधित दस्तावेज तो पूरे मिल जाएंगे लेकिन सेटिंग गेटिंग के चलते धरातल पर नियमों के अनुसार एक भी कार्य देखने को नहीं मिलता है ऐसी कालोनियों पर नगर पंचायत अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जाती है जबकि बिना नक्शे के खुल्लमखुला अवैध निर्माण किया जाता है अधिकारियों को अवैध निर्माण के बारे में अवगत कराया जाता है तो साहब कहते है में अभी दिखलाता हूं और नगर पंचायत से व्यक्ति जाता है और अपनी सेटिंग कर लौट आता है और कार्रवाई के नाम पर नोटिस नोटिस का खेल शुरू कर दिया जाता है जिसके बाद निर्माण पूर्ण हो जाता है लेकिन किसी प्रकार की कोई अन्य कार्रवाई ना करते हुए फाइल को दबा दिया जाता है जिसके बाद निर्माणधीन जगह को चिन्हित किए नक्सेनविस पहुंचकर रोब गालिबकर जेब गर्मकर वापस लौट आते हैं, लेकिन निर्माण कार्य नहीं रुकता और पूर्ण हो जाता है बड़ा सवाल यह है कि कालोनियों अप्रूव्ड नही है जबकि बिना नक्शे के निर्माण कार्य धड़ल्ले से किया जा रहे हैं।

नगर पंचायत ऐसे निर्माण पर सील सहित ध्वस्तीकरण की कार्यवाही से गुरेज क्यों कर रहे है अधिकारी आखिर इन अवैध कॉलोनीयों पर बुलडोजर की कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं जबकि उत्तर प्रदेश में लगातार अवैध निर्माणों अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर की कार्रवाई की जा रही है। बड़ा सवाल यह हैं कि पंचायत अधिकारी राजस्व को हानि पहुँचाने वाले बिना नक्शे के निर्माण सहित अवैध कॉलोनी को काटने वाले कॉलोनाइजरों पर कब कार्यवाही करेंगे।

# प्रभु श्रीराम कथा का किया वर्णन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में हो रही श्री राम कथा में भगवान के विभिन्न अवतारों सहित श्री राम के जन्म की कथा का वर्णन किया गया। पृथ्वी पर जब जब भी धर्म की हानि होती है, तब भगवान विभिन्न रूप धारण कर पृथ्वी पर आते हैं।

मंगलवार को एकता जनसेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित राम कथा में कथा व्यास आचार्य सुभाष शर्मा ने कहा कि पार्वती भगवान शिव से पूछती हैं कि भगवान धरती पर किस हेतु अवतार लेते हैं। भगवान निर्गुण परब्रह्म होते हुए सगुण साकार कैसे हो जाते है। भगवान शिव कहते हैं कि जब जब धर्म की हानि होती है, तब तब भगवान विविध रूप धारण कर पृथ्वी पर आते हैं। अपने भक्तों का उद्धार करते हैं तथा दुष्टों का अंत करते हैं।

# आईआईटी रूड़की का किया शैक्षणिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नामदेव पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने आई आई टी रुड़की शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर सिक्स इंडियन प्लानेटरी साइंस कॉन्फ्रेंस (आई पी एस सी-2025) समारोह में शिक्षकों व छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

आई आई टी रुड़की शैक्षणिक भ्रमण के लिए स्कूल के लगभग पचास छात्र छात्राओं की बस को प्रबंधक पंकज राजपूत, प्रधानाचार्या रजनी राजपूत व वरिष्ठ अध्यापक अरविंद शर्मा गुरूजी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। जिससे विद्यार्थी ज्यादा से ज्यादा जानकारी प्राप्त करके अपने करियर को एक ऊँची उड़ान दे सकें। भविष्य में भी ऐसे आयोजन किए जाएगा। जिससे विद्यार्थी नया ज्ञान प्राप्त कर सकें।कार्यक्रम में आई आई टी के प्रोफेसर के के पंत, डॉ पवन गोइंखा, प्रोफेसर एस एच उपाध्याय मौजूद रहे। समारोह की अध्यक्षता आए हुए इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी नारायणन व डायरेक्टर इंडिया कोरिया सेंटर फॉर रिसर्च एंड इवोनेशन डॉ. यंग हो किम ने की। स्कूल के शिक्षक रवि कुमार, विपिन शर्मा, अक्षय चौधरी व आकांक्षा पाँचाल मौजूद रहे।

# रोजा खास इबादत: मौलाना आसिफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** मौलाना आसिफ नदवी ने कहा कि रोजा अल्लाह की खास इबादत है और अल्लाह अफ्तार के वक्त रोजेदार के बेहद करीब होता है इसलिए रोजे का एहतराम करते हुए हलाल रिज्क खाना चाहिए।

मदरसा असदिया के उस्ताद हजरत मौलाना आसिफ नदवी साहब ने रमजान उल मुबारक की फजीलतें बयान करते हुए कहा कि रोजा अल्लाह की खास इबादत है।इतनी खास कि अल्लाह ने रोजे का बदला खुद देने का वादा किया है।इसलिए रोजे के हर लम्हे का इस्तेमाल सही सही करना चाहिए और खाने पीने की चीजों का इंतेखाब भी सोच समझ कर करना चाहिए।सहरी और अफ्तार में ऐसी चीजें न खाएँ जो गैस तेजाब या दूसरी कोई परेशानी पैदा कर दें। जंक फूड तो इस्तेमाल करना ही नहीं चाहिए। मौलाना आसिफ नदवी ने कहा कि इस पाक महीने में हर वक्त अल्लाह की रहमतें बरसती हैं। हर अमीर गरीब आदमी अल्लाह की वे सब नेमतें पा लेता है जो दूसरे दिनों में मुश्किल से



मिलती हैं। उन्होंने कहा कि अफ्तार का वक्त बेहद कीमती है। इस वक्त को इधर उधर घूमने की बजाए तस्बीह या दुआ में गुजारें। अपने लिए अपनों के लिए और देश के लिए खैर की दुआएं मांगें।


## कार्यालय गौशाला अनुभाग, नगर निगम सहारनपुर।

पत्रांक:- 325 / गौ.अनु. / न.नि.सहा./2024-25 दिनांक:-27/02/25

-: ई- निविदा सूचना:-

नगर आयुक्त नगर निगम सहारनपुर की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा गौशाला अनुभाग में हरा चारा व अन्य साम्रगी की आपूर्ति किये जाने हेतु ई-निविदा निविदा दिनांक 20.03.2025 को अपरान्हः 3:00 बजे वेबसाइट etender.up.nic.in पर डबल बिड सिस्टम से (टैक्निकल / फाईनेन्शल) ऑनलाईन के माध्यम से निविदा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा मूल्य एवं धरोहर राशि वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ही ऑनलाईन व्यवस्था के अन्तर्गत देय होगी तथा पेन नम्बर, जी.एस.टी. निविदा प्रपत्र में उल्लेखित शर्तो में मांगे गये अन्य समस्त प्रपत्र निविदादाता को ऑनलाईन टैक्निकल बिड में अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रपत्र अपलोड न करने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जायेगी, जिस हेतु कोई क्लैम मान्य नही होगा एवं ऑनलाईन टैक्निकल निविदा दिनांक 20.03. 2025 समिति एंव उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष etender.up.nic.in द्वारा खोली जायेगी। विस्तृत शर्ते, विवरण, एवं निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://etender.up.nic.in एवं .saharanpur.nic.in पर उपलब्ध है। यदि ई-निविदा की किसी भी शर्त में कोई संशोधन किया जाता है तो उसका प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जायेगा बल्कि उपरोक्त वेबसाइट पर ही सूचित किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| E-Bid Reference | 14 / निविदा/2024-25 दिनांक 27 फरवरी, 2025 |
| Publish Date and time for RFP | दिनांक 28.02.2025 से |
| Last Date time for submission of E-Bids | दिनांक 20.03.2025 अपरान्हः 03:00 बजे तक |
| Date and time of Technical opening bids | दिनांक 20.03.2025 को 04:00 बजे |
| Palace of opening of E-bids | NagarNigam Saharanpur |

नोट:- बिना अग्रिम जमा धनराशि/टेण्डर मूल्य के किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

**प्रभारी अधिकारी गौशाला**
**नगर निगम सहारनपुर**


# परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की चल रही परीक्षा में आज परीक्षार्थियों ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा दी। इस दौरान दोनों पालियों में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के कई परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

आज प्रथम पाली में हाईस्कूल विज्ञान विषय की परीक्षा में पंजीकृत 35843 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 33960 उपस्थित 1883 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। इण्टरमीडिएट लेखाशास्त्र विषय की परीक्षा में पंजीकृत 1664 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1626 उपस्थित 38 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। द्वितीय पाली में हाईस्कूल कृषि विषय की परीक्षा में पंजीकृत 642 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 614 उपस्थित 28 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। इण्टरमीडिएट अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा में पंजीकृत 5945 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 5695 उपस्थित 250 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। इस प्रकार हाईस्कूल एवं इण्टर को मिलाकर कुल पंजीकृत 44094 के सापेक्ष 41895 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 2199 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। प्रथम पाली हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा समस्त 90 परीक्षा केन्द्रों एवं द्वितीय पाली हाईस्कूल 21 एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा 86 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त समस्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित रहें। सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 06 विभागीय सचल दलों द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। नोडल अधिकारी अभिषेक पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा कन्ट्रोल रूम, मॉनिटरिंग सेल का निरीक्षण किया।

# हत्या व आत्महत्या की सुलझेगी गुत्थी

## गांव पहुंची सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर गठित टीम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** एक युवक की हत्या व एक युवती की आत्महत्या के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर गठित टीम ने गांव में पहुँच कर घटना की जानकारी जुटाई।

जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के गाँव इस्लामनगर में माह नवम्बर 2022 को एक युवक की हत्या व एक युवती की आत्महत्या के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर घटना की जाँच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।सर्वोच्च

**घटना स्थल व आसपास के क्षेत्रों का किया निरीक्षण**

न्यायालय के निर्देश पर गठित टीम ने गाँव इस्लामनगर पहुँच कर दौरा किया और घटना की जानकारी जुटाई।सूत्रों के अनुसार एसआईटी टीम ने घटनास्थल व आसपास का निरीक्षण भी किया है।

टीम में सहारनपुर एसपी सिटी व्योम बिंदल,पुलिस उपाधीक्षक जनपद मुजफ्फरनगर राजू कुमार साव,निरीक्षक मनोज कुमार, उपनिरीक्षक विजय कुमार,उपनिरीक्षक संजय शर्मा, नमन शर्मा, हैड कांस्टेबल विपिन कुमार, सुशांत कुमार आदि शामिल रहे।

# 60 लाख कीमत की शराब पकड़ी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आबकारी विभाग ने पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए 60 लाख रुपये कीमत की 740 पेटी शराब बरामद की है। करीब 2 दिन पहले जीएसटी टीम ने प्लाईवुड के ट्रक को पकड़ा था। ट्रक में प्लाईवुड के नीचे शराब की पेटी थी जिसकी जांच कर आबकारी विभाग ने संयुक्त पुलिस टीम के साथ शराब को कब्जे में ले लिया है।टीम में सहायक आबकारी आयुक्त निरंकारी नाथ पांडे आबकारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, आबकारी निरीक्षक राजकमल सिंह, आपकारी निरीक्षक पंकज सिंह चौहान शामिल रहे।


**सूचना**

मैं UZMA ZARRIN पत्नि SHAHZAIB ZUBAIRI निवासी 11/720 सराय अहमद अली, सहारनपुर, उ.प्र. 247001 ने अपना नाम UZMA ZARRIN से बदलकर UZMA ZAREEN कर लिया है। अब से मुझे भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए UZMA ZAREEN के नाम से जाना जायेगा।


# शपथ दिलाई

**सहारनपुर।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को भ्रष्टाचार के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्हें भ्रष्टाचार मुक्त समाज एवं भारत का निर्माण कैसे हो, की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अनुज सूरी, प्रिंस बत्रा, अपूर्व वर्मा, धनवीर मौजूद रहे।

# जमकर दो पक्षों में मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बच्चों की मामूली कहासुनी के चलते तरावीह की नमाज के दौरान दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इसमें छह से अधिक लोग घायल हो गए। मामला में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, मारपीट की वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव फुलास अकबरपुर में स्थित मस्जिद में रमजान की विशेष नमाज तरावीह के दौरान शोर करने से मना करने पर कुछ युवकों में कहासुनी हो गई। बताया जाता है नमाज के बाद जैसे ही दोनों पक्षों के लोग मस्जिद से बाहर निकले उनके बीच फिर से बहस होने लगी। देखते ही देखते दोनों दोनों ओर के लोग लाठी डंडे लेकर





एक दूसरे पर हमलावर हो गए। इसमें दोनों पक्षों के फारूक, महताब, अंजार, अरबाज, शाहबाज और शहजाद आदि घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। बाद में घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से नाजुक हालत के चलते शाहबाज और अरबाज को हायर संेटर रेफर कर दिया। वहीं, देर रात्रि मारपीट की वीडियो किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। इसको लेकर पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। ग्राम प्रधान हसनैन गौड़ ने बताया कि कहासुनी को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। किसी ने इसकी वीडियो बना ली और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पुलिस का कहना है दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# जनपद के पुलिस कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू

**बिजनौर।** पुलिस प्रशासन द्वारा डिजिटल इंडिया की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अब समस्त पुलिस कार्यालयों, थाना कार्यालयों व शाखाओं में ई-ऑफिस प्रणाली को लागू किया गया है। यह कदम प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, तत्परता और दक्षता को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है। ई-ऑफिस प्रणाली के तहत सभी प्रकार के प्रशासनिक दस्तावेजों, रिपोर्टों और अभिलेखों का लेन-देन डिजिटल रूप में होगा। जिससे कागजी कार्यवाही में कमी आएगी और समय की बचत होगी। इससे पुलिस कर्मचारियों को कार्यों में गति प्राप्त होगी और कार्यों में सुधार आएगा। इस कदम से पुलिसकर्मियों के कार्यों में गति प्राप्त होगी और कार्यों में सुधार आएगा। यह कदम पुलिस कर्मियों के कार्यों को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाने के लिए लिया गया है। इसके अलावा, यह डिजिटल पहल जनपद के नागरिकों के लिए बेहतर सेवा सुनिश्चित करने में भी सहायक सिद्ध होगी। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य है कि यह परिवर्तन पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक तेज, सटीक और नागरिकों के लिए जवाबदेह बनाए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि सभी ई-ऑफिस प्रणाली का पूर्ण रूप से पालन करें और इसे सुचारू रूप से संचालित करें।

# अवैध कब्जा कर निर्माण करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भूमी पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराये जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कानूनी कार्यवाई किये जाने की गुहार लगाई है।

गांव हाशिमपुरा निवासी साजिद, आशू और साजिद पुत्र मंगता ने कोतवाली प्रभारी को दिए शिकायत पत्र में बताया कि उन्होंने एक संपत्ति बीते वर्ष 21 अक्टूबर को मेहरबान से 23 लाख रुपये में बैनामा कर खरीदी थी। आरोप है कि मेहरबान के ताऊ-चाचा उक्त संपत्ति पर अवैध रुप से कब्जा कर निर्माण करना चाहते हैं। पीडितों ने तीन सगे भाईयों सहित पांच आरोपियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से कानूनी कार्रवाई की मांग की।

# छप्परनुमा तीन घरों में लगी आग

**शेरकोट।** छप्परनुमा तीन घरों में लगी आग से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। बताया जाता है कि घटना के वक्त परिजन घर पर नही थे। सूचना पर पुलिस सहित अग्निशमन की गाड़ी भी मौके पर पहुँची और आग पर काबू पाया

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम हाफिजाबाद बिहारीपुर में आज अचानक धर्मपाल, छोटे, रिजवान व संजय के घर के बराबर में ही स्थित छप्परनुमा पशुशाला में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें देख पड़ोसियों ने घटना की सूचना पीड़ितों को दी तथा पशुशाला में बंधे पशुओं को खोल दिया। जिससे पशुओं की हानि होने से बच गई। सूचना पर अग्निशमन की गाड़ी मौके पर पहुँची और किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक संजय के कृषि यंत्रों सहित घरेलू सामान, छोटे सिंह, धर्मपाल सिंह का घरेलू सामान सहित रिजवान का हजारों रुपयो का घरेलू सामान जलकर स्वाहा हो गया। घटना की जानकारी पर हल्का दरोगा विजेंद्र राठी भी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुँचे। आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। लेकिन अंदेशा जताया जा रहा है कि कुड़ियों में किसी ने आग लगाई होगी, जो मकानों तक जा पहुंची।

# युवती का स्नान करते वीडियो बनाते युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** घर में बढ़ाई का कार्य करने के दौरान स्नान कर रही युवती की अश्लील फोटो उतार रहे आरोपी को मोहल्लेवासियों ने पकड़ धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया। पीडित पिता ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की।

नगर स्थित एक मोहल्ले में थाना नागल क्षेत्र निवासी एक बढ़ाई पखवाड़े भर से कार्य कर रहा था। आरोप है कि मंगलवार को जब युवती बाथरुम में स्नान कर रही थी तभी आरोपी अपने मोबाइल से चोरी छुपे उसकी वीडियो बना रहा था। युवती के शोर मचाने पर आरोपी जब धमकी देते हुए मारपीट करने लगा तो वहां बहुत से लोग एकत्र हो गए। जिन्हें देख आरोपी भागने लगा तो उन्होंने उसको पकड़ धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया। पीडित ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बीून सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना नागल क्षेत्र के गांव खटौली निवासी आरोपी अली के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया कि आरा. ेपी को न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# पुलिस ने हत्यारोपी को रिमांड पर लेकर तमंचा किया बरामद

**देवबन्द।** गांधी कॉलोनी में जमीनी विवाद में हुई फायरिंग के दौरान गोली लगने से सलीम के पुत्र शाकिर की मौत के मामले में हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मंगलवार को पुलिस ने हत्यारोपी उस्मान उर्फ कट्टा को रिमांड पर लेकर हत्या में प्रयुक्त तमंचा बरामद किया है।

गत 31 जनवरी को गांधी कॉलोनी में जमीन को लेकर विवाद हो गया था। इस दौरान फायरिंग हो गई थी। जिसमें गोली लगने से सलीम के पुत्र शाकिर की मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने मृतक के ताऊ यामीन की तहरीर पर 11 नामजद और 10 अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। तभी से पुलिस हत्यारोपियों की धर पकड़ कर रही है। मंगलवार को पुलिस ने गांधी कॉलोनी निवासी उस्मान उर्फ कट्टा को रिमांड पर लेकर उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक उस्मान ने घटना को अंजाम देने के बाद तमंचा कॉलोनी में ही फेंक दिया था।

# धूमधाम से निकाला जाएगा होली का जुलूस

## अजयवीर चुने गए होली समिति के अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** होली के अवसर पर निकाले जाने वाले रंग के जुलूस के लिए अजयवीर चौधरी को सर्वसम्मति से होली समिति का अध्यक्ष चुना गया। नव मनोनीत अध्यक्ष अजयवीर चौधरी ने कहा कि होली का जुलूस भव्य ढंग से निकाला जाएगा।

सोमवार को देर शाम प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में धर्मेंद्र जोशी की अध्यक्षता एवं मुकुल गुप्ता के संचालन में आयोजित बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष उमेश त्यागी ने दो वर्ष तक होली कमेटी के अध्यक्ष के रूप में सहयोग देने के लिए सभी का आभार जतायां उन्होंने कहा है कि होली के त्योहार को भाईचारे के साथ मनाना है। होली के रंग में कोई भी शराब पीकर हुड़दंग ना मचाये। ऐसा कोई काम



ना करें, जिससे दूसरे समाज के लोगों की भावना को ठेस पहुंचें। रंगों का त्योहार मोहब्बत व भाईचारे का त्यौहार है तथा इस वर्ष नए अध्यक्ष चुनने का सुझाव दिया। धर्मेंद्र जोशी द्वारा अजयवीर चौधरी के नाम का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्व सम्मति से सहमति दी गई। इसके अतिरिक्त वीर सिंह को महामंत्री तथा सौरभ जुनेजा को कोषाध्यक्ष चुना गया।

बैठक में वीर सिंह, मुकुल गुप्ता, संजीव जोशी, प्रेमपाल रवि, अंकित जोशी, सत्यम जोशी, जागेश शर्मा, विपिन कौशिक, मुकेश कुमार, प्रमोहन चौहान, मनोज वर्मा आदि ने हिस्सा लिया।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर परिजनों के आग्रह पर शव परिजनों को सौंप दिया।

शावेज (35 वर्ष) पुत्र शमीम निवासी मोहल्ला अफगानान सहसपुर प्रतिदिन स्योहारा स्टेशन रोड स्थित बाबू स्वीट हाउस पर काम करने आता था। सोमवार की दोपहर शावेज सहसपुर से स्योहारा आया था। मुरादाबाद रोड स्थित मन्नत विवाह मंडप के सामने किसी अज्ञात वाहन टक्कर मार कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव की



शिनाख्त कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि परिजनों के आग्रह पर शव का पंचनामा भर कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# स्वर्ण रथ यात्रा महा महोत्सव कल से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

धामपुर। गुजरातियान स्थित अतिशय युक्त ट्रस्ट श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर के आगामी 6 मार्च से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय गौरवशाली 140 वे वार्षिक स्वर्ण रथ यात्रा महा महोत्सव की तैयारी जोरों शोरों से जारी है।

तीन दिवसीय महा महोत्सव के अंतर्गत विशाल रथ यात्रा निकाली जाएंगी। परम पूजनीय संस्कार प्रणेता आचार्य श्री 108 सौरभ सागर जी महाराज तथा परम पूजनीय वात्सल्य रत्नाकर उपाध्याय श्री 108 विशोक सागर जी महाराज के अलावा छुल्लक रत्न 105 श्री समर्पण सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद की अनुभूति रखते हुए आयोजित किए जाने वाले इस तीन दिवसीय महा महोत्सव के अंतर्गत 6 मार्च को प्रात: 6:30 बजे मंगलाचरण एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित होगा प्रात: 7:00 बजे श्री जी का सामूहिक अभिषेक एवं पूजन प्रात: 7:30 बजे मूल नायक 1008 श्री चंद्र प्रभु भगवान का निर्माण लड्डू 7:45 बजे निर्वाण लड्डू श्री शांतिनाथ जिनालय में प्रात: 11:00 रथ यात्रा के लिए पारंपरिक बोलियां 11:30 बजे रथ यात्रा का शुभारंभ होगा। तीन दिवसीय महोत्सव को सफलता दिलाने के लिए सभी जैन धर्मावलंबी परिवार पूरी सक्रियता एवं समर्पित भावना के साथ जुटे हुए हैं।

# एक्सप्रेस-वे व हाईवे पर बनेंगे अस्पताल: अरुण वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर निवासी उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनवाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश में विकास कार्यों को गति देते हुए कार्य किये जा रहे हैं।

अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्सप्रेसवे और हाईवे पर दुर्घटना रोकने के लिए कई बड़े कदमों की घोषणा की है। उन्होंने ऐलान किया है कि एक्सप्रेसवे और हाईवे के दोनों तरफ फूड प्लाजा की तरह अस्पताल बनाए जाएंगे। इन अस्पतालों में ट्रॉमा सेंटर, एंबुलेंस और प्रशिक्षित कर्मियों को तैनात किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि एक्सप्रेसवे और हाईवे पर शराब की एक भी दुकान नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना के कारण बताते हुए उनके प्रति जागरूकता बढ़ाने को भी कहा। उन्होंने कहा कि तेज रफ्तार से गाड़ी चलाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, गलत साइड पर गाड़ी चलाना, रेड लाइट जंप करना और गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करना सड़क हादसे होने के बड़े कारण हैं। इसके लिए लोगों में जागरूकता फैलाने की जरूरत है। अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यूपी राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में और कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एनएचएआई की 93 सड़कें हैं। इनमें से सिर्फ चार सड़कों पर कैमरे लगे हैं। बाकी सड़कों पर भी कैमरे लगाए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग अपने स्कूल व कॉलेजों में छात्रों को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक करें। बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों के पाठ्यक्रम में ट्रैफिक के नियमों को जोड़ा जाए। उन्होंने एनएचएआई की सड़कों पर फुटओवर ब्रिज बनाने को भी कहा है।



## मुख्यमंत्री की एक और अच्छी पहल

# सांसद चंद्रशेखर के ऊपर हमले से कार्यकर्ताओं में गुस्सा

## आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के साथ सांसद को जेड श्रेणी की सुरक्षा देने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद के ऊपर हुए हमले से उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त गुस्सा देखा जा रहा है। उन्होंने हमले के आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है और सांसद चंद्रशेखर आजाद की सुरक्षा बढ़ाए जाने का मुतालबा किया।

मंगलवार को आजाद समाज पार्टी के नेताओं ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्र शेखर आजाद के ऊपर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि जिस साजिश की तहत भी चंद्रशेखर आजाद के ऊपर मथुरा में हमला हुआ है उसका जल्दी से पर्दाफाश होना चाहिए और हमले के आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जानी चाहिए।

इस मौके पर आसपा के युवा नेता साहिल मेहरा ने कहा कि नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद हमारे दिलों पर राज करते है, उनके









एक इशारे पर पार्टी का एक एक सिपाही अपनी जान न्यौछावर करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में एक जनप्रतिनिधि तक सुरक्षित नहीं तो आम जनता क्या सुरक्षित रहेगी। यह घटना बहुत ही दुखद है व निंदनीय है। इस घटना की सीबीआई जांच होनी चाहिए तथा सांसद चंद्रशेखर आजाद को जेड श्रेणी की सुरक्षा दी जानी चाहिए और आरोपियों को कानून अच्छे से सबक सिखाए।

एडवोकेट अशरफ जमील ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह हमला शोषितों, वंचितों, मजलूमों, गरीबों, महिलाओं, शिक्षकों, युवाओं, बुजुर्गों, दलितों, पिछड़ों, मुस्लिमों की आवाज को दबाने की साजिश है लेकिन हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष और उनकी पार्टी का एक भी कार्यकर्ता डरने वाला नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इस कायराना हमले से सत्ताधारी पार्टी की मानसिकता साफ नजर आ रही है। भाजपा सरकार में पूरी तरह से जंगल राज चल रहा है। उन्होंने कहा कि हमलावरों के खिलाफ अगर जल्द ही ठोस कार्यवाही नहीं हुई और माननीय सांसद जी की सुरक्षा नहीं बढ़ाई गई, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र कुमार ने हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि मथुरा में हुए दलित बहनों के साथ अत्याचार पर उनकी आवाज उठाने गए एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद व उनके काफिले पर कायराना हमला करके भाजपा ने गंदी मानसिकता का सबूत दिया है जो कि कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरठ में भी दलित के बेटी की बारात व दूल्हे के साथ मारपीट की घटना हुई है वो भी काबिले बर्दाश्त नहीं है। उन्होंने इन घटनाओं को लेकर भाजपा सरकार को गंदी मानसिकता रखने वाले लोगों की पार्टी बताते हुए कहा कि यह तानाशाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आजाद समाज पार्टी का एक एक सिपाही अपनी बहन बेटियों के सम्मान बचाने के लिए अपना तन मन धन लगा देगा, लेकिन बेइज्जती बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने सांसद चंद्रशेखर आजाद की सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग की।

आसपा के युवा नेता सरफराज मलिक ने कहा कि मथुरा में एमपी चंद्रशेखर आजाद के साथ चल रही कार्यकर्ताओं की गाड़ियों पर विरोधियों द्वारा संयोजित तरीके से पुलिस की मौजूदगी में हमला हुआ वो बड़े शर्म की बात है। पुलिस घटना को मूकदर्शक बने देखती रही। पुलिस अधिकारी चाहते तो हमला नहीं हो सकता था परंतु कुछ सुरक्षा व्यवस्था में खामियां रही। हमले में गाड़ियों को तोड़ा गया और घायल कार्यकर्ताओं ने भाग कर जान बचाई। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। भाजपा सरकार ऐसी घटनाओं को रोक नहीं पा रही है।

उन्होंने चंद्रशेखर आजाद की जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर सांसद जी की सुरक्षा व्यवस्था ठीक नहीं की गई और हमलावरों को सख्त सजा नहीं दी गई तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## एक नजर

### बिलाई शुगर मिल में सुरक्षा सप्ताह



**बिजनौर।** 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि. बिलाई के प्रशासनिक भवन के प्रांगण में सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ इकाई प्रमुख विजय वीर सिंह के द्वारा फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर कारखाना के इएचएस विभाग द्वारा सुरक्षा उपकरणों की एक प्रदर्शनी लगायी गई। सभी विभागाध्यक्ष सहित भारी संख्या में अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर इसमें भाग लिया। ईएचएस हेड सुधीर पंवार के द्वारा प्रदर्शनी में रखे हुए उपकरणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी को सामूहिक रूप से सुरक्षा शपथ दिलवाई गई कि हम अपने आपको सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण से बचाव के प्रति पूर्ण समर्पित करेंगे और सुरक्षा नियमों का पालन करेंगे। इकाई प्रमुख्य विजयवीर सिंह द्वारा बताया गया कि दुर्घटना देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करती है तथा संपत्ति की भी क्षति करती है। अतएवं सभी अपने संबंधित कार्य क्षेत्र में सुरक्षा नियमों का अक्षरश: पालन करना सुनिश्चित करें। जिससे कोई भी दुर्घटना के शिकार न हो। अगर कारखाना के अंदर कोई भी अधिकारी व कर्मचारी चोटिल होता हैं, तो उसका खामियाजा उसके पूरे परिवार को उठाना पड़ता है। साथ ही इससे कारखाना के कार्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। हम सुरक्षा के नियमों का शत-प्रतिशत पालन कर कारखाना परिसर को दुर्घटना रहित बनाने के लिए कृतसंकल्प हों। परिसर में स्थित स्कूल के बच्चों को प्रदर्शनी में भ्रमण करवाया गया। साथ ही उन्हें सभी उपकरणों के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर गन्ना विभाग के प्रमुख राहुल चौधरी, पंकज अग्रवाल, अनुज शर्मा, विजय वीर सिंह, संजय गोयल, कपिल त्यागी, संजय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### हादसे में बाइक सवार गंभीर घायल



**अफजलगढ़।** बाइक व कार की टक्कर में बाइक सवार नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को 108 एम्बुलेंस व राहगीरों की मदद से इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। ग्राम निवासी भूतपुरी दल्ली वाला ओमप्रकाश पुत्र सतनाम सिंह (50 वर्ष) अपनी बाइक द्वारा घर से धामपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार राष्ट्रीय राजमार्ग ग्राम भूतपुरी दल्ली वाला के समीप पहुंचा, तो हाईवे पर सामने से आ रही अज्ञात कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉ. फहीम ने उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। वहीं अज्ञात कार स्वामी बाइक में टक्कर मार कर मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कहा कि तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### गुलदार के हमले बढ़ने से दहशत



**चांदपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में एक बार फिर से गुलदार के हमलों व उसके बढ़ते आतंक को लेकर ग्रामीण ही नहीं बल्कि शहरी इलाके से सटे गावों में भी भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण इलाकों से शिक्षा ग्रहण करने आने वाले बच्चे भी अपने स्कूल कॉलेज आने से कतरा रहे है। इसका कारण भी गुलदार के हमले ही हैं। हालांकि वन विभाग भी इसको लेकर अब सक्रिय हुआ है। जगह जगह पिंजरे लगाकर गुलदार को पकड़ने के लिये पिंजरे लगा रहा है और जाल बिछाये जा रहे है, मगर गुलदार पकड़ से बाहर है। अब तक कई गावों से गुलदार के देखे जाने, हमला करने के मामले सामने आ चुके है। इसी क्रम मे गत दिवस ग्राम चौंधेड़ी में जंगल से चारा लेने गई एक महिला पर गुलदार ने हमला कर दिया, जिसमें महिला की मौत हो गई थी। अब गुलदार के अनेकों गावों मे से देखे जाने, जंगलो मे पंजों के निशान मिलने आदि की जोरदार चर्चा है।

### नगीना में पुलिस का फ्लैग मार्च



**बिजनौर।** होली के मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी राम अर्ज एवं एसडीएम आशुतोष जैसवाल के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने नगीना नगर में फ्लैग मार्च किया।

### एक्सप्रेस-वे से जनपद को होगा लाभ

**किरतपुर।** एडवोकेट एसोसिएशन के नगर अध्यक्ष अंकित रस्तौगी ने गंगा एक्सप्रेसवे की मांग करते हुए कहा कि संगठनों जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, किसान यूनियन, व्यापार मंडल एवं जिला बिजनौर की समस्त जनता द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे की जिला बिजनौर से जोड़ने की मांग की जा रही है। जो कि जायज मांग है और यह जिला बिजनौर वासियों का हक है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस ओर ध्यान देते हुए जिला बिजनौर के विकास के लिए उक्त मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर गंगा एक्सप्रेसवे को जिला बिजनौर से जोड़ने के लिए संबंधित आवश्यक कदम उठाने चाहिए, जिससे जिला बिजनौर को भी एक्सप्रेसवे का लाभ मिले सके।





## भारतीय गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को 264 के स्कोर पर समेटा

### मोहम्मद शमी ने तीन विकेट, वरुण और जडेजा ने दो-दो विकेट लिए

**दुबई, वार्ता।** मोहम्मद शमी (तीन विकेट) वरुण चक्रवर्ती और रवींद्र जडेजा (दो-दो) विकेट की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने मंगलवार को चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 49.3 ओवर में 264 के स्कोर पर समेट दिया। आज यहां ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने चार रन के स्कोर पर कूपर कॉनोली (शून्य) का विकेट गवां दिया। कूपर कॉनोली को मोहम्मद शमी ने आउट किया। इसके बाद कप्तान स्टीव स्मिथ ने ट्रैविस हेड के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। नौवें ओवर में वरूण चक्रवर्ती ने ट्रेविस हेड को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। ट्रेविस हेड ने 33 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए 39 रनों की पारी खेली। मार्नस लाबुशेन (29) को पगबाधा आउटकर रवींद्र जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरा झटका दिया। जॉश इंग्लिस (11) भी जडेजा का शिकार बने। शतक की ओर बढ़ रहे स्टीव स्मिथ को मोहम्मद शमी ने 37वें ओवर में बोल्ड आउट किया। स्टीव स्मिथ ने 96 गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद से (73) रनों की पारी खेली। ग्लेन मैक्सवेल (सात) को अक्षर पटेल ने बोल्ड किया। बेन ड्वारश्विस (19) को चक्रवर्ती ने आउट किया। एलेक्स कैरी को श्रेयस अय्यर ने रनआउट किया। एलेक्स कैरी ने 57 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाते हुए (61) रनों की पारी खेली। नेथन एलिस (10) को शमी ने नौवें विकेट के रूप में आउट किया। आखिरी ओवर करने आये हार्दिक पंड्या ने एडम जम्पा (सात) रन को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया की पारी का 264 के स्कोर पर अंत कर दिया। भारत की ओर से मोहम्मद शमी को तीन विकेट मिले। रवींद्र जडेजा, हार्दिक पंड्या और वरूण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिए। अक्षर पटेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



### संक्षिप्त खेल समाचार

#### बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में 6659 खेल मैदान का हुआ शिलान्यास: मंत्री

**पटना, वार्ता।** बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने आज विधानसभा में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में 6659 खेल मैदानों का शिलान्यास पहले ही किया जा चुका है। श्री कुमार ने मंगलवार को विधानसभा में भोजनावकाश से पहले अलग-अलग सदस्यों द्वारा खेल मैदानों से संबंधित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन खेल मैदानों के निर्माण की आधारशिला पहले ही रख दी है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार प्राथमिकता के आधार पर भूमि की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल मैदानों का निर्माण करेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देने और खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के उद्देश्य से की जा रही है।

#### लॉरियस वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित हुए ऋषभ पंत

**मैड्रिड, वार्ता।** भारतीय विकेटकीपर एवं बल्लेबाज ऋषभ पंत को कार दुर्घटना के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी पर खेल की दुनिया के प्रतिष्ठित लॉरियस वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स पुरस्कार 2025 के लिए नामांकित खिलाड़ियों का चयन विश्व के खेल मीडिया द्वारा मतदान के बाद किया गया। इस पुरस्कार की यह 25वीं वर्षगांठ है और यह समारोह 21 अप्रैल स्पेन की राजधानी मैड्रिड होगा। इसी दिन पुरस्कार विजेताओं के नाम की घोषणा की जायेगी। सचिन तेंदुलकर एकमात्र भारतीय हैं, जिन्हें लॉरियस अवॉर्ड में सम्मानित किया गया है। उन्होंने लॉरियस स्पोर्टिंग मोमेंट अवार्ड द्ध2000-2020ऋ जीता था। कमबैक ऑफ द ईयर अवॉर्ड के लिए खेल की दुनिया के कई दिग्गज नामित हुए हैं।

## पूर्व स्पिनर पद्माकर शिवलकर का निधन

■ शिवलकर भारत के लिए कभी नहीं खेले, लेकिन उनकी गिनती घरेलू क्रिकेटर में होती है

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई के महान स्पिनर पद्माकर शिवलकर का उम्र संबंधी समस्याओं के कारण निधन हो गया। शिवलकर ने 84 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली।

वह भारत के लिए कभी नहीं खेले, लेकिन उनकी गिनती घरेलू क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में होती थी। शिवलकर को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा 2017 में सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। शिवलकर ने 1961-62 से 1987-88 के बीच कुल 124 प्रथम श्रेणी मैचों में हिस्सा लिया और 19.69 की औसत से 589 विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर ने 22 साल की उम्र में रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया और 48 साल की उम्र तक खेलना जारी रखा। उन्होंने भारत की प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता में 361 विकेट लिए जिसमें 11 बार मैच में 10 विकेट लेना शामिल हैं।

शिवलकर ने 12 लिस्ट ए मैचों 16 विकेट लिए है। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, मुंबई क्रिकेट ने आज एक सच्चे दिग्गज को खो दिया है। पद्माकर शिवल. कर सर का खेल में योगदान, खासकर अब तक के सबसे बेहत. रीन स्पिनरों में से एक के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। मुंबई क्रिकेट पर उनका समर्पण, कौशल और प्रभाव अद्वितीय है।

## विराट कोहली ने तोड़ा एक और महारिकॉर्ड, बन गए नंबर-1

■ कोहली के नाम भारत की तरफ से सबसे ज्यादा इंटरनेशनल कैच लेने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया

**दुबई, वार्ता।** विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में बल्ला छुए बिना एक बड़ा रिकॉर्ड कायम कर दिया है।

विराट ने एक बड़ा रिकॉर्ड फील्डिंग के दौरान बनाया है। टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज के नाम अब भारत की तरफ से सबसे ज्यादा इंटरनेशनल कैच लेने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहम मैच में विराट ने ये बड़ी उपलब्धि हासिल करके इतिहास रच दिया है। विराट कोहली ने सेमीफाइनल जैसे बड़े मैच में ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉश इंग्लिस का एक कैच लेते ही इतिहास रच दिया। रवींद्र जडेजा की गेंद पर विराट ने एक आसान सा कैच लेकर वर्ल्ड क्रिकेट में फिर से धूम मचा दी। विराट के नाम अब सभी फॉर्मेट में मिलाकर 335' कैच हो चुके हैं। वो भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले फील्डर बन चुके हैं। इस मामले में विराट राहुल द्रविड़ से आगे निकल चुके हैं। विराट ने अपने 549वें मैच में ये ऐतिहासिक कारनामा किया है।

हाल ही में विराट वनडे में भारत के लिए सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर साबित हुए थे जबकि अब वो सभी फॉर्मेट में ये कारनामा करने वाले भारतीय प्लेयर हैं। राहुल द्रविड़ की बात करें तो उन्होंने अपने करियर में कुल 504 इंटरनेशनल मैच खेले थे और कुल 334 कैच लपके थे। गौरतलब है कि राहुल द्रविड़ ने स्कॉटलैंड के लिए भी क्रिकेट खेला था। ये दिग्गज भारतीय खिलाड़ी स्कॉटलैंड के लिए साल 2003 के वनडे विश्व कप में उतरा था। विराट कोहली 301वां वनडे खेल रहे हैं और इस मामले में उन्होंने युवराज सिंह की बराबरी कर ली है। युवराज ने भी इतने ही वनडे खेले थे। विराट ने इस फॉर्मेट में 159' कैच पकड़ लिए हैं। हाल ही में उन्होंने अजहरुद्दीन का भारत की तरफ से वनडे में सबसे ज्यादा कैच (156) लेने का रिकॉर्ड ब्रेक किया था। टेस्ट क्रिकेट की बात करें तो विराट कोहली ने इस फॉर्मेट में 123 मुकाबले खेले हैं और 210 पारियों में 121 कैच लिए। इसके अलावा कोहली ने 125 टी-20 इंटरनेशनल मैचों की 117 पारियों में 54 कैच लिए थे।

## भारत करेगा दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी

■ इस चैपियनशिप में 16 देशों के एथलीट भाग लेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत 29 मार्च से शुरू होने वाली दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। केन्द्रीय खेल मंत्रालय ने मंगलवार को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और योगा. सन भारत के सहयोग से 29 से 31 मार्च तक इंदिरा गांधी एरिना में दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप आयोजित किये जाने घोषणा की।

एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ संगठन के समर्थन प्राप्त इस चैंपियनशिप में 16 देशों के एथलीट भाग लेंगे। चैंपियनशिप का उद्देश्य अपनी समृद्ध विरासत और गहरे सांस्कृतिक महत्व को अपनाते हुये योगासन को एक खेल के रूप में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बढ़ावा देना है और योगासन को विश्व स्तर पर एक खेल के रूप में बढ़ावा देना और ओलंपिक में प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में शामिल करने की दिशा में एक रोडमैप बनाना है। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने योग की वैश्विक यात्रा को लेकर कहाकि भारत, योग की जन्मस्थली होने के नाते, दूसरी एशियाई योगासन चैम्पियनशिप की मेजबानी करते हुए अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहा है। यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि हमारे प्राचीन योगिक ज्ञान के आधुनिक प्रतिस्पर्धी खेल में रूपांतरित होने का उत्सव है। हम योगासन को एक वैश्विक खेल अनुशासन के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, यह चैम्पियनशिप उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके जरिये हम न केवल योगासन के अद्भुत कौशल को प्रदर्शित कर रहे हैं, बल्कि इसके शारीरिक और मान. सिक रूप से जीवन को रूपांतरित करने की शक्ति को भी उजागर कर रहे हैं। मुझे भरोसा है कि यह चैम्पियनशिप अत्यंत सफल होगी और भारत के नेतृत्व में विश्वभर में समग्र कल्याण और संतुलित जीवन के सिद्धांतों को एक नई दिशा प्रदान करेगी। इस अवसर पर एशियाई योगासन के अध्यक्ष डॉ-संजय मालपानी ने कहाकि दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप योगासन को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त खेल के रूप में स्थापित करने के हमारे मिशन में एक निर्णायक क्षण है। हम आधुनिक एथलेटिक उत्कृष्टता के साथ परंपरा का मिश्रण देख रहे हैं। यह चैंपियनशिप इस बात का सबूत है कि योगासन सिर्फ एक अभ्यास नहीं है, बल्कि एक प्रतिस्पर्धी खेल है, जो सटीकता, सहनशक्ति और कलात्मकता की मांग करता है।

## न्यूजीलैंड दौरे के लिए पाकिस्तान टीम टी-20 से बाबर आजम रिजवान हुए बाहर



● सलमान आगा को टी-20 कप्तान नियुक्त किया गया, इसके अलावा टीम में शादाब खान की वापसी हुई उन्हें उपकप्तान बनाया

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के साथ होने वाली पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए कप्तान मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम को टीम से बाहर कर दिया है। चयनकर्ताओं ने चैंपियंस ट्रॉफी से पाकिस्तान के निराशा. जनक प्रदर्शन बाद न्यूजीलैंड दौरे के लिए घोषित टीम में कई बदलाव किये है। जिसके तहत रिजवान और बाबर आजम को पाकिस्तान की टी-20 टीम से बाहर कर दिया है। सलमान आगा को टी-20 कप्तानी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा टीम में शादाब खान की वापसी हुई है उन्हें उप-कप्तान बनाया गया है। हालांकि एकदिवसीय श्रृंखला के लिए मोहम्मद रिजवान की कप्तानी बरकरार रखी गई। लेकिन शाहीन अफरीदी को बाहर कर दिया गया है। घरेलू टी-20 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले 27 वर्षीय बड़े हिटर बल्लेबाज अब्दुल समद टीम में शामिल किया गया हैं। क्वेटा ग्लैडिएटर्स के बल्लेबाज ओमैर यूसुफ को टीम में जगह दी है। एकदिवसीय टीम में अफरीदी को बाहर करने के अलावा कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है। वह दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में एकदिवसीय सीरीज में पाकिस्तान के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे। रिजवान एकदिवसीय टीम के कप्तान बने रहेंगे और बाबर को भी टीम में बरकरार रखा गया हैं। अब्दुल्ला शफीक टीम में वापसी हुई हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अकिफ जावेद को एकदिवसीय टीम में पहली बार चुना गया है जबकि सुफियान मुकीम की भी वापसी हुई है। पाकिस्तान 16 मार्च से न्यूजीलैंड में पांच टी-20 मैच खेलेगा और उसके बाद तीन एकदिवसीय मैच की सीरीज होगी। न्यूजीलैंड दौरे के लिए घोषित पाकिस्तान टी-20 टीम: हसन नवाज, ओमैर यूसुफ, मोहम्मद हारिस, अब्दुल समद, सलमान आगा (कप्तान), इरफान नियाजी, खुशदिल शाह, शादाब खान, अब्बास अफरीदी, जहांदाद खान, मोहम्मद अली, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, सुफियान मुकीम, अबरार अहमद और उस्मान खान।



## चोटिल मारक्रम के कवर के लिए दक्षिण अफ्रीका ने लिंडे को बुलाया



■ मारक्रम को इंग्लैंड के खिलाफ मैदान में दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी और इसके बाद वे बाहर हो गए

**लाहौर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका ने चोटिल एडन मारक्रम के कवर के रूप में बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर जॉर्ज लिंडे चैंपियंस ट्रॉफी के शेष मैचों के लिए टीम में शामिल किया है। मार्करम को इंग्लैंड के खिलाफ मैदान में दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी और इसके बाद मैच के बाकी समय मैदान से बाहर रहे। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल के लिए उनकी उपलब्धता निर्धारित करने के लिए मंगलवार शाम को प्रशिक्षण के दौरान उनका फिटनेस टेस्ट होगा।लिंडे मंगलवार शाम को दक्षिण अफ्रीका के शिविर में शामिल होंगे। आईसीसी की स्पर्धा तकनीकी समिति के द्वारा इस बदलाव की पुष्टि के बाद वह आधिकारिक तौर पर मारक्रम की जगह नहीं लेंगे। लिंडे ने हाल ही में एसए के 11 मैचों में 153.33 की स्ट्राइक रेट से 161 रन बनाए और 6.29 की इकॉनमी से 11 विकेट लिए। इसके अलावा उन्होंने वन-डे चैलेंज डिवीजन वन में वेस्टर्न प्रोविंस के लिए खेलते हुए मैच मैचों में 106 रन बनाए और चार विकेट लिए।

## बीसीसीआई के बड़े अफसर पाकिस्तान जाएंगे

■ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल से पहले अचानक लिया गया ये फैसला

**मुंबई, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अचानक एक चैंकाने वाला फैसला लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला समेत कई बड़े अधिकारी पाकिस्तान का दौरा करने वाले हैं।

वे 5 मार्च को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में दक्षिण अफीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मैच को देखने के लिए जाएंगे। सूत्रों ने राजीव शुक्ला के पाकिस्तान जाने का दावा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने शुक्ला को अपना प्रतिनिधि चुना है। उनके साथ कुछ अन्य अधिकारी भी पड़ोसी देश जाएंगे और दो दिन बिताने के बाद सभी 6 मार्च को वापस भारत लौट आएंगे। हालांकि, इस दौरान बोर्ड के अध्यक्ष रोजर बिन्नी उनके साथ नहीं होंगे। सूत्र ने कहा, 'हां, शुक्ला चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में हिस्सा लेने के लिए लाहौर जा रहे हैं।' भारतीय बोर्ड का यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब उसने टीम इंडिया के खिलाड़ियों को पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया था। इसके बाद मेजबान पाकिस्तान को मजबूरी में भारत के सभी मैच दुबई में शेड्यूल करने पड़े। लेकिन बोर्ड ने अपने अधिकारियों को भेजने के लिए हां कर दी है। इससे पहले अगस्त 2023 में राजीव शुक्ला और बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी पाकिस्तान का दौरा कर चुके हैं।

## रोहित शर्मा के समर्थन में उतरे सुनील गावस्कर

**नई दिल्ली, वार्ता।** कांग्रेस प्रवक्ताके रोहित शर्मा की फिटनेस और कप्तानी पर सवाल उठाए जाने के बाद कई क्रिकेटरों और राजनेताओं ने भारतीय कप्तान का समर्थन किया था और अब पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने भी इस मामले पर अपनी राय रखी। गावस्कर ने भी रोहित का समर्थन किया और कहा कि दुबले-पतले लड़के मॉडलिंग के लिए होते हैं और क्रिकेट में शारीरिक आकार नहीं, बल्कि मानसिक ताकत मायने रखती है। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद ने रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के मैच के दौरान सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया था। इस पोस्ट में कांग्रेस नेता ने लिखा कि श्रोहित शर्मा एक मोटे खिलाड़ी हैं! उन्हें अपना वजन कम करने की जरूरत है। बेशक वह भारत के अब तक के सबसे बेअसर कप्तान हैं।श इसके बाद विवाद काफी बढ़ गया और कांग्रेस प्रवक्ता की काफी आलोचना की गई जिसके बाद उन्हें एक्स से अपनी पोस्ट हटाने के लिए मजबूर होना पड़ा। कांग्रेस ने भी शमा की टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया और उनसे पोस्ट डिलीट करने का अनुरोध किया। गावस्कर ने याद दिलाया कि मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान को भी बॉडी शेमिंग (शरीर को लेकर आलोचना) का सामना करना पड़ा।

## रमजान मुबारक



**पांचवा रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.18 |
| | शिया | 5.20 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.23 |
| | शिया | 6.37 |

जिसने तुम्हारे लिए जमीन का बिछौना और आसमान को छत बनाया और आसमान से पानी बरसाया फिर उसी ने तुम्हारे खाने के लिए बाज फल पैदा किए बस किसी को अल्लाह का हमसर न बनाओ।

कुरआन करीम

# सफाईकर्मियों की सुरक्षा के प्रति सरकार गंभीर: संजय

## नमस्ते योजना के तहत केंद्र सरकार ने नगर निगम को भेजे सुरक्षा उपकरण, नगर आयुक्त ने कर्मियों को किए वितरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने 'नमस्ते योजना' के अंतर्गत सीवर सफाई में लगे कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा उपकरण नगर निगम को भेजे हैं। नगर निगम की ओर से आज नगरायुक्त संजय चौहान ने ये सुरक्षा उपकरण निगम क्षेत्र में सीवर के अनुरक्षण एवं संचालन के लिए नियुक्त कार्यदायी संस्था वी ए टेक वावैग चेन्नई के प्रतिनिधि और सफाई कर्मियों को सौंपे।

नगरायुक्त संजय चौहान ने नमस्ते योजना के तहत सरकार से प्राप्त उपकरणों के सम्बंध में बारीकी से जानकारी ली और उनका निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार सीवर कार्य में लगे सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा के प्रति काफी गंभीर है और उनके लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं। उन्होंने कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों के साथ ही कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर नगरायुक्त राजेश यादव, मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम, अधिशासी अभियंता जल वी बी सिंह व वावैग सीवर नेटवर्क इंचार्ज एस दास आदि शामिल रहे।



महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार ने नगरायुक्त को बताया कि सीवर सफाई में लगे कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा जो उपकरण भेजे गए है उनमें सीवर में उपस्थित कार्बन मोनोक्साइड, हाइड्रोजन सल्फाइट तथा मिथेन जैसी गैसों को डिटेक्ट करने वाला सीवर मल्टी गैस डिडेक्टर, पैरों की सुरक्षा के लिए गम बूट, सीवर के अशोधित जल के अंदर उतरने के लिए सफाईकर्मी द्वारा पहने जाने वाला सूट, चौम्बर में उतरने के लिए प्रयोग की जाने वाली सेफ्टी बेल्ट के अलावा एयर डक्ट एवं ब्लोअर शामिल है। महाप्रबंधक ने बताया कि सीवर के भीतर ऑक्सीजन की कमी होने पर बाहर से हवा को डक्ट के माध्यम से ब्लोअर चलाकर भीतर पहुंचाया जा सकता है। इसके अलावा ट्राईपोट सेट भी शामिल है, इसके माध्यम से सीवर चौम्बर के भीतर सेफ्टी बेल्ट की सहायता से उतर कर कार्य किया जाता है। सफाईकर्मी अंधेरे में सीवर के भीतर स्पष्ट देखकर कार्य कर सके, इसके लिए टार्च फिटेड हैल्मेट भी भेजा गया है।

# कमिश्नर से मिले पूर्व राज्य मंत्री सय्यद शकील



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के डेलीगेशन ने कमिश्नर से मिलकर पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण व वक्फ के कार्यो में गति लाने की मांग की।

पूर्व राज्यमंत्री व पार्टी के राष्ट्रीय नेता सय्यद शकील अहमद के नेतृत्व में डेलीगेशन कमिश्नर कार्यालय पहुंचा और केबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के विभागों से संबंधित कार्यो पर चर्चा की।

डेलीगेशन में अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष गुफरान अली, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष कारी राव नौशाद, भाजपा जिला मंत्री पदम सिंह सैनी, काजी सुहेल अहमद, गौरव जैन आदि शामिल रहे।

# सहकारिता विकास का आधार: कर्मवीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहकार भारती के प्रदेश संगठन प्रमुख कर्मवीर सिंह ने कहा कि सहकारिता केवल एक आर्थिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह सामाजिक एकता और विकास का आधार भी है।

कर्मवीर सिंह आज सहकार भारती की विभागीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें सहकारिता को एक जनांदोलन बनाकर प्रत्येक जिले तक पहुँचाना होगा। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अभय चौधरी ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। सहकार भारती का उद्देश्य सहकारी संस्थाओं को सशक्त बनाना है, ताकि वे समाज के लिए अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकें। जिलाध्यक्ष अंचल कुमार, महामंत्री श्यामवीर ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान मत्स्य प्रकोष्ठ में विपिन परमार, शिक्षक प्रकोष्ठ वेतन भोगी प्रमुख में प्रमोद रावल, एफपीओ प्रकोष्ठ में सत्यपाल सिंह, पैक्स प्रकोष्ठ में कवर पाल सिंह व महिला प्रकोष्ठ में सपना चौधरी को पदाधिकारी घोषित किया गया।



बैठक में संयोजक, हिमांशु पुंडीर, सहसंयोजक भरत सिंह छोकर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विनय गुर्जर महामंत्री मुजफ्फरनगर अनिल वर्मा, महामंत्री सहारनपुर श्यामवीर, संगठन प्रमुख वीरेंद्र तोमर, मीडिया प्रभारी चौधरी चरण सिंह, महिला प्रकोष्ठ प्रमुख सविता वर्मा

**सहकारी संस्थाओं को मजबूत बनाना ही उद्देश्य: अभय चौधरी**

मुजफ्फरनगर, सपना चौधरी, डीसीडीएफ डायरेक्टर विश्वास चौधरी, बालेश्वर त्यागी, राकेश मित्रपाल प्रधान, सुशील उपाध्यक्ष, सुमित माजरा, विपिन नवादा ठाकुर बर सिंह, सैंडल सिंह जिला उपाध्यक्ष पूर्ण सभापति दीपक, अनिल वर्मा महामंत्री मुजफ्फरनगर ठाकुर रामवीर सिंह, श्रीमती सविता वर्मा, ठाकुर भगवान दास सिंह, दीपक, चौधरी विनय कुमार गुर्जर, मनोज कुमार, विक्की चौहान, प्रेम सिंह सैनी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता पीसीएफ लखनऊ निदेशक विनोद जैन तथा संचालन विभाग संयोजक हिमांशु पुंडीर ने किया।

## हत्थे चढ़ा इनामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलसि ने एक 15 हजार के इनामी वांछित बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हसिल कर ली।

आज मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार व उपनिरीक्षक अतुल कुमार के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर 15 हजार के इनामी वांछित बदमाश चन्दन पासवान पुत्र बिन्देश्वरी उर्फ विनोद पासवान निवासी हॉडीचक थाना भगवानपुर जनपद बेगूसराय बिहार को एएसएम फैक्ट्री के सामने सड़क थाना सैक्टर-7 आईएमटी जनपद गुरूग्राम हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया। दबोचे गए आरोपी ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि मैंने अपने साथियों चंद्रशेखर कुमार, राकेश कुमार व संजीव पासवान के साथ मिलकर पतंजलि दिव्या जल की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर ऑनलाईन ठगी की है।

# धांधली के विरोध में डीएम से मिले ग्रामीण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रामपुर मनिहारान ब्लॉक के गांव कल्लपुर गुर्जर के ग्रामीणों ने कमेटी बनाने में धांधली कराने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

आज गांव कल्लरपुर गुर्जर के ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचे जहां उन्होंने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपकर बताया कि गांव के प्रधान की कुछ दिन पूर्व मृत्यु हो गई थी। इसके बाद जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सदस्यों की एक कमेटी बनाने के निर्देश बीडीओ को दिए थे ताकि गांव में जो विकास कार्य होने हैं, वह हो सकें। बीडीओ के द्वारा आज कमेटी बनाने का टाइम दिया था लेकिन वह आज मौके पर नहीं पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी से वीडीओ के खिलाफ कार्यवाही करते हुए कमेटी बनवाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में विकास कुमार, दिलीप कुमार, सुनील कुमार, रवि कुमार सुरेश प्रमुख, राकेश प्रधान, बृजेश, सीताराम, नीटू चौधरी, पंकज कुमार आदि लोग मौजूद रहे



# त्यौहार के मद्देनजर खुले बाजार: सायमा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वार्ड 62 की पार्षद सायमा ने ईद के त्योहार के मद्देनजर बाजार खोलने की अनुमति देने की मांग की है।

उन्होंने इस संबंध में नगर आयुक्त को पत्र लिखकर रायवाला मार्केट, पक्का बाग, पिलखनतला, टोपियो सराय और निसार रोड के व्यापारियों को दुकान खोलने की अनुमति देने की अपील की है। सायमा ने कहा कि व्यापारी पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। ऐसे में ईद के अवसर पर बाजार बंद रहने से उन्हें भारी नुकसान होगा। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि व्यापारियों को कुछ समय के लिए दुकानें खोलने की अनुमति दी जाए ताकि वे अपने परिवार का पालन पोषण कर सकें।

# पार्षद टिंकू के नेतृत्व में सिख समाज ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ऋषिकेश में सिख समाज के व्यक्ति स. रणजीत सिंह के ऊपर संयोजित तरीके से रंगदारी और हमले के विरोध में श्री गुरु सिंह सभा का एक प्रतिनिधिमंडल नगर मजिस्ट्रेट से मिला और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया।

आज गुरुसिंह सभा के सभी पदाधिकारी और सहारनपुर नगर की सिख समाज की संगत ने एक ज्ञापन उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में सिख समाज के ऊपर लगातार हो रहे हमलों की निंदा की गई और ऋषिकेश में हुए हमले के आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की गई। इस दौरान गुरुसिंह सभा के जनरल सेकेट्री अमनप्रीत सिंह और गुरु तेग बहादुर स्कूल के प्रबंधक सतविंदर सिंह मांकन ने कहा कि सिख समाज किसी भी आपदा या मुसीबत में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी लेता है। ऐसे में लगातार सिख समाज का अपमान हो रहा है जो बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। अभिषेक टिंकू अरोड़ा पार्षद ने कहा कि सिख समाज की पगड़ी का सम्मान सर्वप्रिय है। अगर किसी भी व्यक्ति के द्वारा सिख समाज की पगड़ी की बेअदबी की जाएगी तो वह बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो सिख समाज एक बड़ा आंदोलन करेगा। इस मौके पर प्रभजोत सिंह, इंदरप्रीत सिंह, इंद. रजीत सिंह खालसा, सुरेंद्र मोहन चावला, जसवंत बत्रा, हरेंद्र सिंह चड्ढा, डिंपल सिंह चड्ढा, गुरविंदर सिंह बजाज, हरनीत सिंह प्रिंस, शंटी सरदार, चरणप्रीत सिंह, दीदार सिंह सेठी, चवप्रीत सिंह बत्रा मौजूद रहे।



# भट्टी में लगे सिलेंडर में लगी आग से तची अफरा तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** दुकान में लगी भट्टी पर लगे सिलेंडर में अचानक आग लगने से हडकंम मच गया। गनीमत रही कि आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

मंगलवार को मोहल्ला सरा ज्ञान स्थित जैन चौक पर मिठाई की दुकान के पीछे बने गोदाम में कारीगरों द्वारा भट्टी पर सिलेंडर लगाकर कार्य किया जा रहा था। तभी अचानक सिलेंडर का पाइप लीकेज होने के कारण पाइप में आग लग गई। अचानक पाइप में लगी आग से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

सिलेंडर पाइप में आग लगने की खबर से गैस एजेंसी कर्मचारी भी आग बुझाने का सिलेंडर लेकर मौके पर पहुंच चुके थे। परंतु उनसे पहले ही आग पर काबू पा लिया गया था। अचानक भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में हुई आग की घटना से मौहल्ले वासियों की सांसें अटक सी गई थी। मौके काफी भीड़ जमा हो गई थी।

# दरोगा के साथ मिलकर मुंशी ने बेच दी सम्पत्ति

## पूर्व एमएलसी की पत्नी फरीदा बेगम ने सीएम से की जांच कराकर कार्रवाई की मांग

**सहारनपुर।** पूर्व एमएलसी ने जिस मुंशी को कंपनियों की संपत्ति की देखभाल को रखा था, उसने ही उन्हें एक दरोगा के साथ मिलकर बेचना ही शुरू कर दिया। मुंशी और दारोगा के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। साथ ही जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

कस्बा व थाना मिर्जापुर पोल निवासी फरीदा बेगम पत्नी पूर्व एमएलसी मौ. इकबाल ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि विनोद कुमार पुत्र इलमचंद निवासी ग्राम भैसानी जिला शामली उसकी कम्पनियों में मुंशी और क्लर्क का कार्य करता था । पिछले 10 वर्षों से हमारे परिवार का इसके साथ कोई सम्पर्क नहीं है। गैंग एवं निलम्बित एसआई ने षडयंत्र के तहत उसके परिवार के लोगों को तीन वर्षों से जेलों में निरूद्ध कराया हुआ है और तरह-तरह के षडयंत्र रचकर उसकी कम्पनियों व सम्पत्तियों पर कब्जा करके बेच रहे हैं।

फरीदा का आरोप है कि सब इंस्पेक्टर व गैंग विनोद कुमार से मिला और उसके परिवार की कंपनियों के बारे में जानकारी ली। कुछ कंपनियों में विनोद कुमार को उसके परिवार ने रजिस्ट्री कराने के लिए अधिकृत किया था, जिसमें एक रेजोल्यूशन बोर्ड मीटिंग में पास कराया था। जमीन की रजिस्ट्री करने के लिए केवल उसी के बारे में एसआई व गैंग द्वारा जानकारी ली और उन जमीनों के दस्तावेज को कूट रचित करने के लिए एक योजना बनाई। जिसमें यह तय किया जो जमीन बिकेगी उसका 30 प्रतिशत विनोद, बेहट रजिस्ट्रार का 20 प्रतिशत, 10 प्रतिशत तहसील कानूनगो लेखपाल का तय किया गया तथा शेष एसआई व गैंग का तय हुआ है। इसी षड्यंत्र के तहत एक जमीन वाका ग्राम इंदरपुर तालडा का एग्रीमेंट जसमौर के लोगों के नाम कर दिया। दस्तावेज कूटरचित कर के बाकी जमीनों के दस्तावेज को कूटरचित कर तैयार किया जा रहे हैं, जिसमें एक फर्जी रेजोल्यूशन तैयार किया गया है, जिसमें सी.ए निवासी गाजियाबाद भी शामिल है। सीए फर्जी रेजोल्यूशन तैयार करता है। हालांकि विनोद कुमार व सी.ए के खिलाफ एक मुकदमा नोएडा में पहले फर्जी दस्तावेज कूट रचित करने का मुकदमा दर्ज है जिसमें विनोद व सीए फरार चल रहे है। इसलिए यह गैंग बेहट तहसील में भी बड़ा घोटाला इंस्पेक्टर, गैंग के साथ मिलकर जिसमें सब रजिस्टार बेहट तहसीलदार बेहट कानूनगो व लेखपाल, एसपी देहात आदि शामिल है। फरीदा ने मामले की जांच निष्पक्ष एजेंसी से कराकर दस्तावेजों में कूटरचना करने वाले गैंग, विनोद कुमार के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने प्रदेश के उच्चाधिकारियों सहित डीआईजी, डीएम, एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

# तीन दिन में निस्तारित करें लंबित आवेदन: राय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडलायुक्त अटल कुमार राय ने मण्डल में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत सहारनपुर एवं मेरठ मण्डल के 9 मार्च को प्रस्तावित संयुक्त वृहद क्रेडिट कैम्प में वितरित होने वाले सीएम युवा अभियान के लाभार्थियों की ऋण स्वीकृति एवं वितरण हेतु लंबित बैंकों में योजना को आवेदन पत्रों की अद्यतन प्रगति हेतु समीक्षा की।

आयुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग श्रीमती अन्जू रानी ने बताया कि मण्डल के 4500 युवाओं को स्वरोजगार दिये जाने हेतु ऋण दिये जाने का लक्ष्य निर्धारित है, किन्तु जनपद सहारनपुर में 2000 लक्ष्य के सापेक्ष 1807 प्रेषित आवेदनों में से कुल 331 युवाओं का ऋण स्वीकृत एवं 135 युवाओं का ऋण वितरित किये गये। जनपद मुजफ्फरनगर में 1500 लक्ष्य के सापेक्ष 1388 प्रेषित आवेदनों में से कुल 227 स्वीकृत एवं 88 युवाओं के ऋण वितरित एवं जनपद शामली में 1000 लक्ष्य के सापेक्ष 524 प्रेषित आवेदनों में से 80 स्वीकृत तथा 41 युवाओं के ऋण वितरित किये गये है।

मंडलायुक्त द्वारा प्रदेश में मण्डल की प्रगति असंतोषजनक स्थिति में प्रदर्शित होने पर रोष प्रकट करते हुए उपस्थित भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बडौदा, केनरा बैंक, यूनियन बैंक आफ इण्डिया, इण्डियन ओवरसीज बैंक, यूको बैंक आदि को निर्देश दिये गये कि 3 दिनों के भीतर वितरण हेतु लम्बित 483 परियोजनाओं को ऋण वितरित करना सुनिश्चित करें तथा शेष आवेदन पत्रों को ऋण स्वीकृति के उपरान्त वितरित कर आवंटित लक्ष्य को पूरा किया जाये। साथ ही 09 मार्च को मेरठ में होने वाले वृहद मैगा ऋण वितरण कार्यक्रम में ऋण वितरित किये गये लाभार्थियों को प्रतिभाग कराये जाने तथा उद्योग विभाग के अधिकारियों को बैंकों से समन्वय स्थापित कर आवंटित लक्ष्य को पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये। श्री राय द्वारा बैंक शाखाओं द्वारा आवेदन पत्रों में अनावश्यक आपत्तियां लगाकर आवेदन पत्र निरस्त किये जाने पर रोक लगाने के निर्देश दिये गये।

**कहा-अनावश्यक आपत्तियां लगाकर निरस्त किये जाने पर लगाएं रोक**

बैठक में विभिन्न बैंकों के महाप्रबन्धक, उप महाप्रबन्धक एवं रीजनल मैनेजरों तथा जिला अग्रणी बैंक प्रबंधकों के अतिरिक्त संयुक्त आयुक्त उद्योग ने प्रतिभाग किया।

## वार्षिकोत्सव संपन्न

**गंगोह।** भजन संध्या के साथ श्री माता वैष्णो देवी धाम में भगवान शिव पार्वती, राधाकृष्ण व भैरव बाबा की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हो गया।

भजन संध्या से पूर्व आचार्य रजनीश महाराज, मुख्य यजमान विकास मित्तल, सरयू मित्तल, दीशू, शंकर पाहवा ने ज्योति प्रज्जवलित कराई। तत्पश्चात गणेशादि देवों का आहवान पूजन सुंदर नामदेव, पुष्पा देवी, महेंद्र नामदेव, मिथलेश देवी ने भक्तिभाव से आचार्य अनुज शास्त्री के निर्देशन में पुर्ण कराया। मुरारी लाल बजाज ने गणेश वन्दना प्रस्तुत की। ब्रज रसिक शिवम् कौशिक ने रासलीला की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। आचार्य रजनीश महाराज, प्रवेश बजाज, सुशील पाहुजा, शंकर पाहवा, प्रवीण शर्मा, बृजभूषण शर्मा, अनुराग चुग ने मनो. हारी भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।
























# सम्पादकीय

बुधवार , 5 मार्च 2025

## नाजुक दौर में दुनिया

इस समय दुनिया बेहद नाजुक दौर से गुजर रही है। चारों ओर चुनौतियां ही चुनौतियां दिखाई दे रही है विडंबना यह है कि इन समस्याओं का कोई और छोर दिखाई नहीं दे रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर पूरे विश्व की निगाहें लगी थी, यह जानने के लिए की 20 जनवरी 2024 को शपथ लेने के बाद वह किस तरह के फैसले लेते है, यह देखकर और भी कि ट्रम्प का कहना था कि जैसे ही वह सत्ता में आएंगे रूस-यूक्रेन युद्ध व इजरायल-हमास के बीच संघर्ष उनकी प्राथमिकता में होगा। वह यहां तक कहते थे कि किसी भी कीमत पर वह शांति स्थापित करने में सफल होंगे। उनकी बातों को उस समय बल मिल गया जब शपथ एक दिन पूर्व हमास व इजरायल के बीच सीजफायर हो गया। ट्रम्प ने शपथ लेने के बाद रूस से भी बातचीत शुरू की और दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल ने यह बातचीत सऊदी अरब की राजधानी रियाद व उसके बाद तुर्की की राजधानी इस्तांबुल में की इस बीच गत शुक्रवार को सीधी बातचीत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प व यूक्रेन के राष्ट्रपति वलादिमिर जेलेंस्की के बीच वार्ता वॉशिंगटन में हुई, जोकि पूरी तरह असफल रही। वह इस हद तक असफल रही कि इसने शांति प्रक्रिया की गाड़ी को सीधे पटरी से उतार दिया। सितम देखिए जो यूरोप-नाटो अमेरिका के साथ हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर लड़ते आए है। एकाएक बदलते नाटकीय घटनाचक्र में एक-दूसरे के सामने खड़े दिखाई दे रहे है। वहीं अमेरिका अपने दुश्मन रूस के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है। यह वहीं अमेरिका है जो तीन साल तक रूस-यूक्रेन संघर्ष में राष्ट्रपति बाइडन की छत्रछाया में यूक्रेन के साथ पूरी ताकत के साथ खड़ा दिखाई दिया, लेकिन ट्रम्प के सत्ता सम्भालते ही सब कुछ उलट-पुलट हो गया। लगता है डोनाल्ड ट्रम्प कुछ ज्यादा ही तेजी में है जिस तरह वह ताबड़तोड़ एक के बाद एक विवादस्पद व कठोर फैसले ले रहे है उससे लगता है तो वह अमेरिका को रातों रात अमेरिका को बुलंदी की नई ऊंचाई पर ले जाना चाहते है। जहां तक बात ट्रम्प की चाहत की है इससे भला किसी को क्या आपत्ति हो सकती है। हर शासक चाहता है कि उसके नेतृत्व में देश नई ऊंचाई को छुए ऐसे में अगर ट्रम्प भी ऐसा सोचते है तो इसमें गलत कुछ भी नहीं, लेकिन जब कोई शासक हड़बड़ी में दिखाई देता है और वह शासक भी अमेरिकी शक्तिशाली देश का हो, तो कई सवाल खड़े हो जाते है। यहीं कारण है आज अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के फैसले को लेकर दुनिया काफी आश्चर्यचकित दिखाई दे रही है अमेरिकी राष्ट्रपति एक के बाद एक फैसलों से बड़ी विचित्र सी स्थिति पैदा कर रहे है। किसी की समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर डोनाल्ड ट्रम्प वास्तव में चाहते क्या है, कोई यह भी नहीं समझ पा रहा है कि वह कब क्या फैसला ले लें। यही कारण है न तो अब तक रूस-यूक्रेन युद्ध पर कोई फर्क पड़ता दिखाई दे रहा है और हमास-इजरायल संघर्ष विराम समझौता भी टूटता दिखाई दे रहा है।

### आंतरिक सुरक्षा और बाह्य सुरक्षा दोनों अलग-अलग नहीं



**सुरक्षा** से संबंधित मौजूदा जटिल परिदृश्य की चुनौतियों को देखते हुए आंतरिक और बाहरी सुरक्षा से निपटने वाली सुरक्षा एजेन्सियों के बीच परस्पर सहयोग और तालमेल बेहद जरूरी है, आंतरिक सुरक्षा और बाह्य सुरक्षा दोनों अलग-अलग नहीं है, इन दोनों को अलग-अलग करके, नहीं देखा जा सकता है, ये एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, जरूरी यह है कि आंतरिक और बाह्य चुनौतियों के बदलते स्वरूप को देखते हुए हम सुरक्षा नीतियों को भी उसी प्रकार से ढालें, यह जरूरी है कि उपलब्ध संसाधनों का अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जाए और संस्थाएं अकेले नहीं, बल्कि एक दूसरे के साथ सहयोग के दृष्टिकोण से काम करें, अभी हाइब्रिड वारफेयर, साइबर और अंतरिक्ष आधारित चुनौतियों जैसे गैर पारंपरिक खतरे सामने आ रहे हैं और इनके कारण सुरक्षा संबंधी परिदृश्य इतना जटिल हो गया है कि इससे निपटने के लिए डीआरडीओ, केन्द्रीय पुलिस बलों और अन्य संस्थाओं के बीच सहयोग जरूरी बन गया है।

**राजनाथ सिंह**
**रक्षा मंत्री**

# पार्टी के गिरते ग्राफ से चिंतित तो नहीं मायावती

बहुजन समाज पार्टी के राज्य कार्यालय में रविवार को बसपा प्रमुख मायावती ने बैठक में बड़ा फैसला लिया। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया । उनकी जगह पर अपने भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को पार्टी का राष्ट्रीय कोओर्डिनेटर बनाया गया है। इनके जिम्मेदारियों के बारे में भी बताया गया।मायावती ने अपने बयान में कहा कि आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया गया है। आकाश आनंद को हटाने के पीछे इसकी सारी जिम्मेवारी उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ की है। अशोक ने पार्टी के नुकसान पहुंचाने के साथ ही साथ आकाश के राजनीतिक कैरियर को भी खराब कर दिया है। आकाश के स्थान पर



> **आकाश आनंद को हटाने के पीछे सारी जिम्मेवारी उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ की है, अशोक ने पार्टी को नुकसान पहुंचाने के साथ ही साथ आकाश के राजनीतिक कैरियर को भी खराब कर दिया है, आकाश के स्थान पर उनके छोटे भाई आनंद कुमार ही पार्टी का सभी कार्य करते रहेंगे, आनंद को पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ ही साथ राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर भी बनाया गया है**


उनके छोटे भाई आनंद कुमार ही पार्टी का सभी कार्य करते रहेंगे। आनंद पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ ही साथ राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर भी बनाया गया है। उनका पूरा सहयोग करने के लिए रामजी गौतम को भी नेशनल कोओर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी है। इन दोनों में से आनंद कुमार का प्रमुख कार्य दिल्ली में अधिक रहकर पार्टी का पूरा पेपर वर्क अन्य जरूरी कार्य देखेना होगा। साथ ही पूरे देश में अपना सम्पर्क बनाकर रखेंगे। वहीं रामजी गौतम पूरे देश और हर राज्यों में जाकर पार्टी की प्रगति रिपोर्ट लेंगे। पार्टी के जनाधार को भी बढ़ाने के लिए उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन कराएंगे।

बसपा चीफ ने साल 2019 में आनंद को पार्टी का राष्ट्रीय समन्वयक बनाया था। वहीं, अपने ही भाई को पार्टी के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। अब इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि ताजा फैसले के जरिए मायावती संदेश देना चाहती हैं कि बसपा का मिशन उनके परिवार से पहले आता है।इसके अलावा कहा यह भी जा रहा है कि दोनों को पद दिए जाने के बाद मायावती पर वंशवाद फैलाए जाने के आरोप लग रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी के अंदरूनी सूत्र बताते हैं कि बसपा के वरिष्ठ नेताओं का एक वर्ग आनंद के बढ़ते कद से खास खुश नहीं था।

उत्तरप्रदेश की नगीना सीट से सांसद चंद्रशेखर आजाद दलित युवाओं में खासे लोकप्रिय हैं। साथ ही वह पार्टी के नाम के साथ ही इस बात पर दावा पेश करते नजर आ रहे हैं कि वह ही कांशीराम की राजनीतिक विरासत के उत्तराधिकारी हैं। अब कहा जा रहा है कि आनंद को पद से हटाए जाने के जरिए मायावती यह दिखाने की कोशिश में भी हैं कि वह कांशीराम की विरासत की असली उत्तराधिकारी हैं। बताया तो यह भी जा रहा है कि बहुजन समाज पार्टी का किला लगातार ढहता जा रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 में बहुजन समाज पार्टी 10 सीटों से शून्य पर आ गई। इसके बाद उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुआ, इसमें भी पार्टी का खाता तक नहीं खुला। हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में भी बसपा की हालत खराब ही रही। दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी कुछ खास नहीं कर पाई। पार्टी के खराब प्रदर्शन के पीछे राजनीतिक विश्लेषक सबसे बड़ा कारण पार्टी से नेताओं की विदाई मान रहे हैं। उनका मानना है कि अब पार्टी के पास पहले जैसे कद्दावर नेता बचे नहीं हैं। यही वजह है कि पार्टी को इसका लगातार नुकसान उठाना पड़ रहा है।साथ ही बसपा के खराब प्रदर्शन से पार्टी के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में जो पहले कभी नहीं हुआ था वह पहली बार बहुजन समाज पार्टी ने साल 2007 में अकेले दम पर कर दिखाया था। बीएसपी ने 212 सीटों के प्रचंड बहुमत के साथ उत्तर प्रदेश की सत्ता पर अधिकार जमाया। इससे पहले भी तीन बार बीएसपी सुप्रीमो मायावती विभिन्न पार्टियों के सहयोग से सरकार बनाती रहीं, लेकिन चौथी बार जब मायावती की सरकार बनी तो किसी भी दल की जरुरत बीएसपी को नहीं पड़ी। हालांकि 2012 आते-आते पार्टी का ग्राफ गिरने लगा।

चाहे लोकसभा चुनाव हो या फिर विधानसभा, पार्टी को उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिली। 2019 में बहुजन समाज पार्टी ने समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और 10 सीट पाने में कामयाब हुई। एक समय पार्टी में नसीमुद्दीन सिद्दीकी और इंद्रजीत सरोज का जलवा था। पर 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव हुआ। पार्टी ने अकेले दम पर चुनाव लड़ा। बलिया की रसड़ा विधानसभा सीट को छोड़ पार्टी कहीं भी नहीं जीत पाई। रसड़ा के बारे में माना जाता है कि यहां से विधायक उमाशंकर सिंह निर्दलीय भी लड़े तो भी जीतने में सक्षम हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर से पार्टी ने अकेले लड़ने का फैसला किया।






अशोक भाटिया

लेकिन पार्टी का खाता तक नहीं खुला।

बहुजन समाज पार्टी की उत्तर प्रदेश में चार बार सरकार रही। बसपा सुप्रीमो मायावती का टेरर इस कदर था कि पार्टी के नेता और सरकारी अधिकारी उनसे घबराते रहे। पार्टी में उस समय ऐसे कद्दावर नेता थे जो दूसरी पार्टियों में नहीं थे। इनमें नसीमुद्दीन सिद्दीकी को मायावती के बाद दूसरे नंबर का माना जाता था।आरके चौधरी का नाम बसपा के बड़े नेताओं नें शामिल था। पार्टी से बाहर होने के बाद सपा से सांसद हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य, रामअचल राजभर, बाबू सिंह कुशवाहा, इंद्रजीत सरोज, आरके चौधरी, लाल जी वर्मा और अशोक सिद्धार्थ जैसे बड़े नेता पार्टी में थे। सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं देशभर में पार्टी का दबदबा था। धीरे-धीरे पार्टी के नेताओं पर अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए बीएसपी सुप्रीमो ने एक्शन लेना शुरू किया और उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया। ज्यादातर नेताओं ने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया और वर्तमान में विधायक, सांसद और राष्ट्रीय महासचिव तक बने हुए हैं, जबकि बहुजन समाज पार्टी की स्थिति यह हो गई है कि मायावती के बाद कोई ऐसा नामचीन चेहरा पार्टी में नहीं रह गया है जो जनता से सीधे तौर पर जुड़ा हो। गौर करने वाली बात यह भी है कि बसपा सुप्रीमो मायावती चुनाव में गिनी चुनी जनसभाएं ही करती हैं, जिसके चलते जनता पर उसका प्रभाव भी नहीं पड़ रहा है। यही वजह है कि देशभर में लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने के बाद भी पार्टी की एक भी सीट नहीं निकल पा रही है।बसपा सुप्रीमो मायावती अपने सख्त एक्शन के लिए हमेशा से जानी जाती हैं। बुधवार ( 12 फरवरी ) को भतीजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ पर कार्रवाई कर नेताओं को एक बार फिर कड़ा संदेश दिया था कि पार्टी में अनुशासनहीनता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी, फिर चाहे कोई कितना भी करीबी क्यों न हो।मायावती ने पार्टी से भतीजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को बाहर कर दिया था। मायावती की कार्रवाई का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि जब लोकसभा चुनाव के दौरान भतीजे आकाश आनंद ने सीतापुर में रैली के दौरान कुछ ऐसा भाषण दिया जो मायावती को नागवार गुजरा। इसके बाद उन्होंने अपने भतीजे पर ही कार्रवाई कर दी। पार्टी का उत्तराधिकारी घोषित करने के बाद उनसे यह अधिकार वापस ले लिया।

**( वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार, लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार )**

# जिद्दी से जिद्दी चर्बी होगी गायब, वजन को कम करेंगी ये तीन चीजें

खराब लाइस्टाइल और गलतखान के कारण आजकल लोगों में वेट लॉस की समस्या बढ़ती जा रही है। अनहेल्दी खानपान और तनाव के कारण लोग मोटापे की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे में किचन में रखी 3 चीजें आपके शरीर का फैंट तुरंत गायब कर देंगी। पानी में मिला लीजिए ये 3 चीजें देखें कैसे फैट बर्न होता है। ये घरेलू नुस्खे न सिर्फ वजन घटाने में मदद करता है। आइए जानते है कैसे इन 3 चीजों से वेट लॉस किया जा सकता है।

> **वजन को कम करने के लिए लोग क्या-क्या नहीं करते? हालांकि, आप नहीं जानते हैं कि आपकी किचन में रखी ये तीन चीजें वजन को कम करने में मदद करती है, तो चलिए आप कैसे अपना वजन को कम कर सकते हैं**




### 1 नींबू पानी पिएं

क्या आप जानते हैं नींबू पानी से भी वजन घटाया जा सकता है? नींबू में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और डिटॉक्सिफाइंग गुण होते हैं। यह शरीर से टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद करते हैं। इसलिए आप सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में नींबू का रस मिलाकर पीने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट करता है, जिससे कैलोरी को बर्न करने में मदद करता है। नींबू पानी पीने से पाचन दुरुस्त रखता है और यह भूख को कंट्रोल करता है।

#### कैसे बनाएं

एक गिलास गुनगुने पानी में आधा नींबू को निचोड़ें और इसमें शहद मिलाए। फिर इसको खाली पेट पिएं और रोजाना नींबू पानी पिएं।

### 2 शहद पानी

शहद एक प्रकार से नेचुरल स्वीटनर है, मीठा होने के साथ ही हेल्थ के लिए काफी बढ़िया रहता है। शहद में कई पोषक तत्व पाएं जाते है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीबैक्टीरियल गुण शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। शहद का पानी पीने से मेटाबॉलिज्म बढ़ता है, जोकि फैट को बर्न करता है।

#### कैसे बनाएं

सबसे पहले एक गिलास गुनगुने पानी में एक चम्मच शहद मिलाएं और इसे सुबह खाली पेट पिएं।

### 3 हल्दी पानी

हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट के गुणों से भरपूर होता है। इसमें मौजूद करक्यूमिन शरीर की चर्बी को कम करने में मदद करता है। हल्दी पानी पीने से शरीर का मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और फैट सेल्स को बर्न करता है। हल्दी पाचन तंत्र को मजबूत करता है और शरीर से टॉक्सिंस को बाहर करता है।

#### कैसे बनाएं

सबसे पहले आप गुनगुने पानी में आधा चम्मच हल्दी पाउडर डालें और इसे अच्छे घोल लें। इसे सुबह खाली पेट पिएं।

#### इन बातों का रखें ध्यान

- यदि आपको कोई एलर्जी और स्वास्थ्य समस्या है, तो डॉक्टर की सलाह लें।
- अधिक मात्र में नींबू पानी और शहद पानी पीने से बचें, क्योंकि इससे एसिडिटी समस्या हो सकती है।
- हल्दी को कम मात्रा में ले। अधिक हल्दी के सेवन से पेट में गर्मी हो सकती है।

***डिस्क्लेमर: इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं, इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें, किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें***

# भारतीय राजनीति में बुद्धिमान नहीं वफादार होना जरूरी

इन दिनों कांग्रेस पार्टी के नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री व तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस पार्टी के सांसद शशि थरूर को लेकर अटकलों का बाज़ार गर्म है। शशि थरूर संयुक्त राष्ट्र की नौकरी छोड़कर 2009 में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे। उसके बाद वे लगातार चार बार केरल की तिरुवनंतपुरम सीट से लोकसभा सांसद निर्वाचित होते रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस के मलयालम पॉडकास्ट से बात चीत के दौरान यह कह दिया की यदि कांग्रेस पार्टी को उनकी सेवाओं की ज़रूरत नहीं है तो उनके पास 'विकल्प' हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर पार्टी उनका इस्तेमाल करना चाहती है तो वे पार्टी के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्यथा मेरे पास करने के लिए मेरी चीज़ें हैं। आपको नहीं सोचना चाहिए कि मेरे पास दूसरे विकल्प नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मेरे पास मेरी किताबें, भाषण, और पूरी दुनिया से बातचीत करने के लिए निमंत्रण हैं। थरूर के इस बयान से इन अटकलों को बल मिलना स्वाभाविक था कि क्या अब थरूर भी कांग्रेस को अलविदा कह सकते हैं। इस ख़बर के साथ ही मीडिया में इस बात को लेकर भी

> **पिछले दिनों उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस के मलयालम पॉडकास्ट से बातचीत के दौरान यह कह दिया की यदि कांग्रेस पार्टी को उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं है, तो उनके पास 'विकल्प' हैं**

अटकलें लगाई जाने लगीं कि यदि थरूर कांग्रेस पार्टी छोड़ते हैं तो क्या वे भी भारतीय जनता पार्टी की शरण में जाएंगे? ख़ासकर पूर्व में उनके द्वारा भाजपा सरकार की कुछ नीतियों की तारीफ़ किए जाने से इन क़यासों को अधिक बल मिला। जैसे कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे के समय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उनकी मुलाक़ात की प्रशंसा की।

उन्होंने मोदी के अमेरिका दौरे को काफ़ी अच्छा बताया। इसी तरह थरूर ने एफ़-35 लड़ाकू विमान को ख़रीदने में भारत की दिलचस्पी की तारीफ़ यह कहकर की कि ये विमान काफ़ी क़ीमती है। जबकि उन्हीं की पार्टी के नेता व कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भारत सरकार द्वारा इस विमान को ख़रीदने में दिलचस्पी की आलोचना की। सुरजेवाला का कहना था, कि जिस एफ 35 को एलन मस्क 'कबाड़' बता चुके हैं उसे नरेंद्र मोदी ख़रीदने पर क्यों तुले हुए हैं। इसी तरह थरूर ने सोशल मीडिया एक्स पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जोनाथन रेनल्ड्स के साथ एक सेल्फ़ी पोस्ट करते हुए लिखा था कि 'लंबे समय से रुकी हुई एफ़टीए वार्ता फिर से



> **थरूर ने कहा: मेरे पास मेरी किताबें भाषण और पूरी दुनिया से बातचीत करने के लिए निमंत्रण है, थरूर के इस बयान से इन अटकलों को बल मिलना स्वाभाविक था कि क्या अब थरूर भी कांग्रेस को अलविदा कह सकते हैं**

शुरू हो गई है, जो स्वागत योग्य है।' बेशक सरकार के प्रति इस तरह के अप्रत्याशित वक्तव्य भाजपा के प्रति थरूर के सकारात्मक होने का संकेत दे रहे थे। परन्तु जब थरूर से भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्वयं को एक 'क्लासिक उदारवादी' बताते हुए कहा कि-मैं सांप्रदायिकता का विरोध करता हूं और आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक न्याय में विश्वास करता हूं।

उन्होंने कहा कि हर पार्टी का अपना विश्वास और इतिहास होता है। अगर आप किसी दूसरी पार्टी के विश्वास को नहीं अपना सकते तो उसके साथ जुड़ना सही नहीं है। मुझे नहीं लगता कि यह सही है। वैसे भी जिस तरह 50 करोड़ की गर्ल फ़्रेंड कहकर शशि थरूर को लेकर अपमान जनक टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने सार्वजनिक भाषण में की गई थी उसे देखकर भी नहीं लगता कि थरूर जैसा बुद्धिजीवी व संवेदनशील व्यक्ति कभी भाजपा में भी शामिल होगा।

परन्तु इन्हीं ख़बरों के बीच एक बार फिर इस बात पर भी बहस छिड़ गई है कि क्या राजनैतिक दलों में बुद्धिजीवियों की कोई महत्वपूर्ण भूमिका भी है? यदि थरूर के ही राज्य केरल में पिछले चुनावों के दौरान देखें तो भारत के एक प्रख्यात सिविल इंजीनियर, दिल्ली मेट्रो के निदेशक व पद्म तथा पद्म विभूषण जैसे अति प्रतिष्ठित सम्मानों के हासिल करने वाले ई श्रीधरन जिन्हें भारत के 'मेट्रो मैन' के रूप में भी जाना जाता है, को भाजपा द्वारा केरल का मुख्यमंत्री प्रचारित किया गया था। यह और बात है कि ई श्रीधरन स्वयं अपना चुनाव भी नहीं जीत सके। परन्तु क्या कोई जानता है कि आज ई



तनवीर जाफरी

श्रीधरन भाजपा में क्या भूमिका निभा रहे हैं ? एक श्रीधरन ही नहीं भाजपा में ही लाल कृष्ण आडवाणी से लेकर यशवंत सिन्हा व अरुण शौरी जैसे अनेक नेताओं का जो हर्ष भाजपा में हुआ और हो रहा है वह किसी से छुपा नहीं है। क्या उनकी क़ाबलियत के अनुसार उनके व्यक्तित्व का इस्तेमाल किया गया? हां यदि एस जय शंकर,अश्वनी वैष्णव और हरदीप पुरी जैसे गिने चुने लोगों को ज़िम्मेदारियां दी भी गई हैं तो वे भी कितने स्वतंत्र हैं किसी से छुपा नहीं है। हां सत्ता प्रमुख, पूर्व नौकरशाह होने के नाते उनसे किसी तरह की 'ना' की उम्मीद तो कर ही नहीं सकते क्यों उन्होंने अपनी पूरी सेवा के दौरान केवल 'यस मिनिस्टर' ही तो कहा है ?

कमोबेश अधिकांश राजनैतिक दलों में यही स्थिति है। जहां पार्टी प्रमुखों को या आला कमान को बुद्धिजीवी, सलाह देने वाला, अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करते हुए शीर्ष नेताओं को कोई नेक सलाह देने वाला नेता नहीं बल्कि ऐसा व्यक्ति चाहिए जो उनके प्रति पूरी तरह वफ़ादार हो और हर सही व ग़लत बात में आला कमान की हां में हां मिलाने की 'सलाहियत' रखता हो। हां, इन्हीं राजनैतिक दलों में कई ऐसे अवसरवादी प्रवृति के 'समझदार' नेता भी मिल जाएंगे जो केवल अपने सुखद राजनैतिक भविष्य के कारण सभी परिस्थितियों में गुज़ारा करने में भी संतुष्ट रहते हैं। क्योंकि कभी इन्हें मंत्री बनाकर ख़ामोश कर दिया जाता है तो कभी राज्यपाल का पद नवाज़ कर सक्रिय राजनीति से दरकिनार कर दिया जाता है।

# डिस्फेजिया की समस्या होने पर खाना निगलने में होती है परेशानी

### समय पर इलाज बेहद जरूरी

खांसी और कफ की समस्या होने पर गले में दर्द होना आम बात है। कफ होने पर गले की मांसपेशियों पर दबाव पड़ने की वजह से गले में दर्द हो सकता है। वहीं मौसम में बदलाव होने की वजह से भी गले में खराश हो जाती है, जिससे गले में दर्द हो जाता है। मेडिकल की भाषा में इस समस्या को डिस्फेजिया कहा जाता है। इसमें गले की मांसपेशियों में खिंचाव आता है। यह समस्या होने पर कुछ भी खाने पर गले में दर्द होता है।

#### डिस्फेजिया क्या है

यह एक ऐसी मेडिकल कंडीशन है, जिसमें खाना निगलने में परेशानी होती है। यह समस्या ठोस और पेय दोनों को निगलने में होती है। डिस्पैगिया में हमेशा गले में दर्द नहीं रहता है, लेकिन यह समस्या पर निर्भर करता है कि व्यक्ति को परेशानी कितनी है। वहीं अगर समय रहते इस समस्या को कंट्रोल नहीं किया जाता है, तो यह डिहाइड्रेशन, मालन्यूट्रिशन और निमोनिया का कारण बन सकता है।

#### कितने प्रकार के होते हैं डिस्फेजिया

##### 1 ऑरोफरीन्जियल डिस्फेजिया

यह अक्सर गले को प्रभावित करने वाली मसल्स या न्यूरोलॉजिकल से जुड़ी समस्या हो सकती है। यह समस्या तब होती है, जब व्यक्ति द्वारा कुछ भी खाने या पीने पर खाना गले की नली से नीचे नहीं आ पाता है।

##### 2 एसोफेजियल डिस्फेजिया

एसोफेजियल डिस्फेजिया की समस्या होने पर खाना निगलने के बाद चिपकने या ग्रासनली में फंसने जैसा एहसास होता है। इसोफेगस से जुड़ी किसी भी परेशानी की वजह से यह समस्या हो सकती है।

##### 2 डिस्फेजिया के लक्षण

- खाने पर गले या सीने में खाना अटकने जैसा महसूस होना।
- खाने के दौरान खांसी आना या फिर खाना अटकने जैसा महसूस होना।
- रेस्पिरेटरी इंफेक्शन होना
- सलाइवा को निगलने में भी परेशानी होना
- कुछ भी खाने या पीने पर बाहर उगल देना

# डोनाल्ड ट्रम्प पर भारी पड़ा टैरिफ वॉर




- **अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट**
- **गुस्साए कनाडा और चीन ने भी पलटवार करते हुए अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाने का किया ऐलान**

**वाशिंगटन/बीजिंग।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प खुद ही शुरू किए टैरिफ वॉर में घिरते नजर आ रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के कनाडा और मेक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट आई है। अमेरिका का एस-पी 500 इंडेक्स 2 प्रतिशत तक गिर गया है। ट्रम्प ने मंगलवार से दोनों देशों पर टैरिफ लागू करने ऐलान किया है। इसके अलावा फरवरी में चीन पर लगाए गए 10 प्रतिशत टैरिफ को बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया है। कनाडा और चीन ने भी अमेरिका पर जवाबी टैरिफ का ऐलान किया है। कनाडा अगले 21 दिनों में 155 अरब डॉलर की अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। इसकी शुरुआत मंगलवार से 30 अरब डॉलर के आयात पर टैरिफ से होगी। चीन 10 मार्च से अमेरिका पर 10 प्रतिशत और 15 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। अमेरिका के एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स जैसे सोया, गेहूं, मक्का, कपास पर 15 प्रतिशत और पोर्क, बीफ, समुद्री खाद्य पदार्थ, फल, सब्जियां और डेयरी उत्पादों पर 10 प्रतिशत बढ़ाने का फैसला किया है। ट्रम्प ने कहा कि यह टैरिफ अमेरिका के दो पड़ोसी देशों पर फेंटेनाइल (ड्रग) तस्करी रोकने और अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई के लिए दबाव बनाने के मकसद से लगाए जा रहे हैं। ट्रम्प ने कनाडा से आयात होने वाले तेल और बिजली पर टैरिफ में छूट दी है।

अमेरिका इन पर सिर्फ 10 प्रतिशत टैरिफ ही लगाएगा। ट्रम्प ने फरवरी में कहा था कि कनाडा से होने वाले तेल के आयात में छूट दी सकती है। एनर्जी इन्फार्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक पिछले साल अक्टूबर में अमेरिका ने कनाडा से हर दिन लगभग 46 लाख बैरल आयल और मेक्सिको से 5.63 बैरल आयल इम्पोर्ट किया। जबकि उस महीने में अमेरिका का एवरेज डेली प्रोडक्शन लगभग 1.35 करोड़ बैरल प्रतिदिन था। डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले महीने रेसिप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। ट्रम्प अप्रैल से इसे लागू करने का प्लान बना रहे हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने 1 फरवरी को कनाडा-मेक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के लिए आदेश जारी किए थे। इसे 4 फरवरी से लागू होना था। बाद में ट्रम्प के साथ दोनों देशों के नेताओं ने बात. चीत की। इसके बाद टैरिफ को अगले 30 दिनों के लिए टाल दिया गया था। अमेरिका में ड्रग तस्करी और अवैध प्रवासियों को घुसने से रोकने के लिए मेक्सिको ने अमेरिका बार्डर पर नेशनल गार्ड के 10 हजार सैनिकों को तैनात किया है। वहीं कनाडा ने फेंटेनाइल की तस्करी रोकने के लिए फेंटेनाइल जार को नियुक्त किया है। पीटरसन इंस्टीट्यूट फार इंटरनेशनल इकोनामिक्स और एल यूनिवर्सिटी की बजट लैब की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी टैरिफ का उसके नागरिकों पर नकारात्मक असर पड़ेगा। अमेरिकी परिवारों को सालाना 1000 डॉलर यानी करीब 90 हजार रुपये अतिरिक्त खर्च करने होंगे। फोर्ड और वालमार्ट जैसी कंपनियां पहले ही टैरिफ की वजह से अपने बिजनेस पर नकारात्मक असर पड़ने की चेतावनी दे चुकी हैं। कार्नेल यूनिवर्सिटी में अर्थशास्त्री ईश्वर प्रसाद के मुताबिक टैरिफ से अमेरिका में महंगाई बढ़ेगी और व्यापार प्रभावित होंगे। अमेरिका का कनाडा और मेक्सिको के साथ फी ट्रेड एग्रीमेंट है। इसके तहत इन देशों के बीच होने वाले किसी भी तरह के आयात-निर्यात पर टैरिफ (शुल्क) नहीं लगता है। ट्रम्प ने अपने पिछले कार्यकाल में मेक्सिको और कनाडा के साथ नार्थ अमेरिका फी ट्रेड एग्रीमेंट NAFTA किया था। इन तीनों देशों ने 2023 में अमेरिका से 1 ट्रिलियन डॉलर (करीब 85 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा का सामान खरीदा था। वहीं, 1.15 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा की सामग्री बेची थी। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प के टैरिफ वार का सबसे ज्यादा असर आटो सेक्टर, कृषि, टेक्नोलाजी, पार्ट्स-पुर्जे पर होगा। टैरिफ लगने के बाद इन चीजों की कीमत में इजाफा हो जाएगा। वहीं चीन 10 मार्च से अमेरिकी वस्तुओं पर अतिरिक्त शुल्क लगाएगा जिसमें गेहूं पर 15 प्रतिशत के साथ ही गोमांस, फल, सब्जियों और डेयरी उत्पादों पर 10 प्रतिशत टैरिफ शामिल है।

## चीन भी 19 अमेरिकी कंपनियों को करेगा ब्लैकलिस्ट



**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को टीकॉम लिमिटेड पार्टनरशिप सहित 10 अमेरिकी कंपनियों को देश की अविश्वसनीय इकाई सूची में जोड़ने और उनके खिलाफ कदम उठाने का फैसला किया है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, मंगलवार से चीन इन कंपनियों को चीन से संबंधित आयात और निर्यात गतिविधियों में शामिल होने से रोकेगा और इन कंपनियों को देश के भीतर नए निवेश करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। चीन की ओर से जिन अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें टीकॉम लिमिटेड पार्टनरशिप, स्टिक रूडर एंटरप्राइजेज एलएलसी, टेलीडाइन ब्राउन इंजीनियरिंग, इंक, हंटिंगटन इंगॉल्स इंडस्ट्रीज इंक, एस 3 एयरोडिफेंस, क्यूबिक कॉर्पोरेशन, टेक्स्टऑर, एसीटी 1 फेडरल, एक्सोवेरा और प्लेनेट मैनेजमेंट ग्रुप शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि यह निर्णय चीन की राष्ट्रीय संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों को बनाए रखने के लिए प्रासंगिक कानूनों तथा नियमों के अनुसार किया गया है। मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन की कड़ी आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए, इन 10 कंपनियों ने हाल के वर्षों में या तो ताइवान को हथियारों की बिक्री की है या ताइवान के साथ तथाकथित सैन्य प्रौद्योगिकी सहयोग में शामिल रही हैं। प्रवक्ता ने कहा कि जवाब में, चीन ने इन संस्थाओं को विभिन्न कानूनों और नियमों के अनुसार जवाबदेह ठहराने का फैसला किया है। प्रवक्ता ने कहा कि चीन ने हमेशा अपनी अविश्वसनीय इकाई सूची के मुद्दे को विवेकपूर्ण तरीके से संभाला है, केवल कुछ विदेशी संस्थाओं को लक्षित किया है जो चीन की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करती हैं। उन्होंने कहा कि कानून का पालन करने वाली विदेशी संस्थाएं जो सद्भाव से काम करती हैं, उन्हें चिंतित होने की जरूरत नही है। चीनी सरकार हमेशा की तरह सभी देशों की कंपनियों का देश में निवेश और संचालन करने के लिए स्वागत करेगी और कानूनों और नियमों के अनुसार चीन में काम करने वाले विदेशी उद्यमों के लिए एक स्थिर, निष्पक्ष और अनुमानित कारोबारी माहौल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## इजरायल ने युद्ध विराम समझौते के अगले चरण के लिए रखी शर्तें

**यरूशलम।** इजरायल ने जनवरी में लागू हुए संघर्ष विराम समझौते के अगले चरण में आगे बढ़ने के लिए गाजा पट्टी से विसैन्यीकरण और हमास के शासन की समाप्ति की मांग की है। यह जानकारी इजरायली विदेश मंत्री गिदोन ने मंगलवार को दी। गिदोन ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि हमारे पास दूसरे चरण पर कोई समझौता नहीं है। हम गाजा से पूरी तरह से विसैन्यीकरण की मांग करते हैं और हमास और इस्लामिक जिहाद को बाहर निकाल कर अपने बंधकों की वापसी की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमास इन मांगों पर सहमत हो जाता है तो हम कल ही समझौते को लागू कर सकते हैं। रविवार सुबह से गाजा में मानवीय सहायता रोकने के इजरायल के कदम का उल्लेख करते हुए दावा किया कि हमास द्वारा इस सहायता का उपयोग अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि मानवीय आपूर्ति हमास के लिए बजट की सबसे बड़ी आय बन गई है और समूह की सैन्य क्षमताओं के पुनर्निर्माण का एक साधन बन गई है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि सहायता रोकने का उद्देश्य हमास पर युद्ध विराम और बंधक रिहाई समझौते के पहले चरण को बढ़ाने के नए प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए दबाव डालना है।

## अमेरिका ने यूक्रेन को सभी सैन्य मदद पर लगाई रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने यूक्रेन को दी जा रही सभी सैन्य सहायता अस्थाई रूप से निलंबित कर दी है और यह सहायता तब तक बहाल नही की जाएगी, जब तक कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को यह विश्वास नहीं हो जाता कि यूक्रेन शांति वार्ता के लिए प्रतिबद्धता है। फॉक्स न्यूज ने व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी। द न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार ने सोमवार को बताया कि ट्रम्प अमेरिकी अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और यूक्रेन के खिलाफ कई उपायों पर विचार करेंगे तथा संभवतः उन्हें लागू करेंगे, जिसमें देश को सैन्य सहायता रोकना भी शामिल है। वाशिंगटन में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और ट्रम्प के बीच शुक्रवार को ओवल ऑफिस में वार्ता पत्रकारों के सामने उनकी आपसी कहासुनी के बाद विफल हो गई। इस कहासुनी के बाद जेलेंस्की की अमेरिकी मदद के प्रति कृतज्ञता की कमी और व्हाइट हाउस में अपमानजनक व्यवहार के लिए आलोचना की। ट्रम्प ने जेलेंस्की के साथ हस्ताक्षर को रद्द कर दिया, जिसे पहले ही यूक्रेनी सरकार ने मंजूरी दे दी थी, कहा कि यूक्रेनी नेता का व्हाइट हाउस में तब तक स्वागत नहीं किया जाएगा जब तक कि वह शांति के लिए तैयार नहीं हो जाए।

## किम जोंग की बहन ने दी ट्रम्प को धमकी



### किम यो जोंग ने अमेरिका के दक्षिण कोरिया में एयरक्राफ्ट भेजने को बताया सैन्य उकसावे की कार्रवाई

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग अकसर अमेरिका को धमकियां देते रहते हैं। फिर से अमेरिका को उत्तर कोरिया से ध्मकी मिली हैं, पर इस बार यह चेतावनी किम जोंग की ओर से नहीं, बल्कि उनकी बहन किम यो जोंग की ओर से दी गई है।

किम यो जोंग ने अमेरिका के दक्षिण कोरिया में एयरक्राफ्ट भेजने कों सैन्य उकसावे की कार्रवाई करार दिया है। साथ ही कहा है कि इस तरह की कार्रवाइयां उत्तर कोरिया के निरंतर परमाणु विस्तार को ठीक ठहराती हैं। अमेरिका ने दक्षिण कोरियाई बंदरगाह बुसान में USS कार्ल विंसननिमित्ज़ श्रेणी का एयरक्रिाफ्ट भेजा है, जिसके बाद एक बार दोनों देशों के बीच टकराव की स्थिति बन गई है।

किम जोंग की बहन ने इस कदम को टकराव की व्यापक नीति का हिस्सा बताया है। किम यो जोंग ने एयरक्राफ्ट कैरियर की तैनाती को अमेरिका और उसके पिट्ठुओं का टकराव उन्माद कहा। उन्होंने पहले भी इसी तरह के बयान दिए हैं, जिसमें उन्होंने दक्षिण कोरिया के लाइव-फायर अभ्यासों को आत्मघाती उन्माद कहा है।

किम यो जोंग ने यह भी कहा कि उत्तर कोरिया जंग भड़काने की इस तरह के कार्रवाइयों को रणनीतिक स्तर पर उठाएंगा और इसकी जांच करेगा। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां उत्तर कोरियां के सुरक्षा को खतरे में डालती हैं। अमेरिका लगातार उत्तर कोरिया के दुश्मन दक्षिण कोरियां की मदद कर रहा है और उसको सैन्य सहयोग दे रहा है। इस बीच दक्षिण कोरियाई नौसेना ने इस तैनाती को ताकत का रणनीतिक प्रदर्शन बताया है, जो बढ़ते क्षेत्रीय तनाव को दर्शाता है। यह देखना अभी बाकी है कि किम जोंग उन खुद इस ताजा घटनाक्रम पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं।

## धर्म गार्जियन में हिस्सा ले रहे भारत-जापान के सैनिक



**नई दिल्ली।** भारत और जापान के सैनिक जापान के पूर्वी फूजी में संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्म गार्जियन में पूरे जोश के साथ हिस्सा लेते हुए युद्ध और संचालन अनुभवों को साझा कर रहे हैं। सेना के अनुसार दोनों सेनाओं के बीच संयुक्त अभ्यास का यह छठा संस्करण है। नौ मार्च तक चलने वाला यह अभ्यास भारत और जापान के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत करने के साथ साथ परस्पर तालमेल और व्यापक प्रशिक्षण गतिविधियों को बढावा देगा। इस अभ्यास का मुख्य फ़ोकस शहरी इलाकों में आतंकवाद रोधी अभियानों पर है। दोनों देशों के सैनिक अपनी रणनीति को परिष्कृत और जटिल शहरी परिस्थितियों में संचालन क्षमता में सुधार कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त अभ्यास में सिम्युलेटिड संयुक्त राष्ट्र शांति अभियान भी शामिल हैं जिन्हें वास्तविक स्थितियों के आधार प डिज़ाइन किया गया है। जैसे-जैसे अभ्यास आगे बढ़ रहा है दोनों पक्ष सामरिक अभ्यासों की एक श्रंखला में भाग ले रहे हैं और युद्ध के अनुभवों को साझा कर रहे हैं, परिचालन क्षमताओं को मजबूत कर रहे हैं और गहन सहयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। इन गतिविधियों को अंतर-संचालन को बढ़ावा देने के लिए भी डिज़ाइन किया गया है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि भारतीय और जापानी सेना भविष्य के शांति या मानवीय मिशनों में सहज रूप से सहयोग कर सकें। सामरिक प्रशिक्षण से इतर धर्म गार्जियन अभ्यास भाग लेने वाले सैनिकों के बीच सांस्कृतिक समझ बनाने और सौहार्द को बढ़ावा देने पर जोर देता है। दोनों देशों के सैनिकों को अपनी-अपनी सांस्कृतिक विरासतों को प्रदर्शित करने का अवसर मिला है, जिससे दोस्ती और आपसी सम्मान के बंधन को मजबूत करने में मदद मिली है। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान दोनों सेनाओं के बीच स्थाई संबंध विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अभ्यास दोनों सेनाओं के लिए एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं से सीखने का अवसर भी प्रदान करता है। इससे भविष्य के संयुक्त अभियानों में मदद मिलेगी। भारतीय और जापानी सशस्त्र बलों के बीच सहयोग न केवल उनकी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाता है बल्कि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता के लिए उनकी साझा प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है।



